RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 72
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 18 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



बार्सीलोना को हराकर पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 37.00°C
न्यूनतम 26.00°C

## क्विक न्यूज

### कार ने ट्रक में टक्कर मारी 10 लोगों की मौत



**नाडियाड।** गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**जगदलपुर।** बस्तर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग से ठीक दो दिन पहले नक्सलियों ने नारायणपुर के भाजपा नेता और उपसरपंच की हत्या कर दी है। देर रात नक्सली उपसरपंच पंचम दास के घर पहुंचे। इसके बाद दरवाजा तोड़ा और कुल्हाड़ी से हमला कर पंचम दास को मार डाला। वारदात के बाद मौके पर नक्सली पर्चे भी फेंके गए हैं। जिसमें लिखा है कि, उपसरपंच और बीजेपी नेता पंचम दास मानिकपुरी पुलिस के गोपनीय सैनिक के रूप में काम कर रहा था। इसलिए पीएलजीए ने उसे मौत की सजा दी है। मामला फरसगांव थाना क्षेत्र का है। गृह मंत्री ने घटना को नक्सलियों की कायराना हरकत बताया है। पंचमदास मानिकपुरी जिले के दंडवन गांव के रहने वाले थे। लंबे समय से बीजेपी के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे थे। वर्तमान में संगठन ने इन्हें शक्ति केंद्र सह प्रभारी का जिम्मा दिया था। बताया जा रहा है कि, ये पिछले कई दिनों से नक्सलियों के टारगेट पर थे।

### महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे में चेयरमैन गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** गांव कनीना के पास उन्हानी में हुए स्कूल बस हादसे में पुलिस ने जीएल स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र लोढ़ा को गिरफ्तार कर लिया है। 11 अप्रैल को हुए इस हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई थी। बस का ड्राइवर महेंद्र शराब पीकर बस चला रहा था, जो ओवरस्पीड होने की वजह से पलट गई। वहीं इस मामले में पुलिस ने स्कूल प्रिंसिपल और सचिव होशियार सिंह को भी बुधवार को कनीना कोर्ट में पेश किया। ये आरोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर थे। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 26 अप्रैल तक जेल भेज दिया। इस मामले में अभी तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# चुनाव आयोग ने एक्स से हटवाईं चार चुनावी पोस्ट

**एक्स ने इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार बताया**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को चार चुनावी पोस्ट हटाने का आदेश दिया। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, आप, एन चंद्रबाबू नायडू और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पोस्ट शामिल हैं। ईसीआइ का कहना है कि इन चार पोस्ट ने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। एक्स ने कहा कि हम पोस्ट हटा रहे हैं, लेकिन इलेक्शन कमीशन के इस एक्शन से सहमत नहीं हैं, क्योंकि ये अभिव्यक्ति की आजादी के विपरीत है। हालांकि, अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि ये चार पोस्ट क्या थे। एक्स ने आगे कहा कि हमने उन चार यूजर्स को (चारों नेताओं को) भी पोस्ट हटाने की जानकारी दे दी है और पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए पोस्ट हटाने के आदेश को पब्लिश कर रहे हैं।




इलेक्शन कमीशन ने कहा कि ये चार पोस्ट आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे थे। हम किसी भी तरह से अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के आधार पर राजनीतिक दलों की आलोचना करने की इजाजत नहीं देते हैं। साथ ही ऐसे आरोप जिनका कोई आधार नहीं है, यह आदेश उन पर रोक लगाता है। एक्स ने फरवरी में कहा था कि सरकार ने कुछ अकाउंट और पोस्ट को हटाने के लिए कहा है, जिसके बाद ये पोस्ट हाइड (भारत में नहीं दिखेंगे) कर दिए गए हैं। तब भी एक्स ने कहा था कि सरकार की इस कार्रवाई से सहमत नहीं हैं, लेकिन उनका आदेश मानेगें।

इससे पहले 2021 में भी किसानों के विरोध के दौरान प्लेटफॉर्म और भारत सरकार के बीच तनाव देखने को मिला था।

केंद्र ने कंपनी को कथित खालिस्तान लिंक के लिए लगभग 1,200 अकाउंट को हटाने के लिए कहा था। 250 जर्नलिस्ट के अकाउंट भी हटाने को कहा था। 24 जुलाई 2023 को एलन मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलकर एक्स किया। इसके बाद 26 जुलाई को देर रात लोगो के डिजाइन में छोटा सा बदलाव किया था। एक्स लोगो को ज्यादा बोल्ड और शार्प कर दिया था। मस्क ने कहा था, लोगो समय के साथ डेवलप होगा।

# इस्तीफे को लेकर रंजीत चौटाला को विधानसभाध्यक्ष के समक्ष पेश होने का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा से इस्तीफा देने और भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के तीन सप्ताह बाद निर्दलीय विधायक रंजीत सिंह चौटाला को विधानसभाध्यक्ष ने अगले सप्ताह व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए बुलाया है।

रंजीत चौटाला (78)का इस्तीफा अभी विचाराधीन है। पिछले महीने उनके पार्टी में शामिल होने के बाद भाजपा ने उन्हें हिसार लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। सिरसा जिले की रानिया सीट से निर्दलीय विधायक ने 24 मार्च को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता को अपना इस्तीफा भेजा था। विधानसभाध्यक्ष ने बुधवार को कहा कि रंजीत चौटाला का इस्तीफा 24 मार्च को एक संदेशवाहक के माध्यम से आया और विचाराधीन है।

गुप्ता ने कहा, विधायक को 23 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया है। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में, यह मेरी जिम्मेदारी है कि यदि कोई सदस्य विधानसभा से इस्तीफा देता है, तो यह सत्यापित किया जाए कि इस्तीफा किसी दबाव या मजबूरी में तो नहीं भेजा गया है।

**पीएम नरेंद्र मोदी कह रहे 400 पार सीटें जीतेंगे**

# राहुल गांधी ने किया दावा, भाजपा 150 सीटों पर सिमट रही

**एजेंसी।** गाजियाबाद

**राहुल** गांधी और अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा- पार्टी कहेगी तो अमेठी से चुनाव जरूर लड़ूंगा। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम देश की सबसे बड़ी एक्सटॉर्शन स्कीम है। मुझे लगता है कि बीजेपी की 150 तक सीटें आएंगी। हर स्टेट से ऐसी रिपोर्ट मिल रही है।

अखिलेश ने कहा- भाजपा की हर बात झूठी निकली। वह सिर्फ भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। भाजपा के होर्डिंग से प्रत्याशी गायब हैं। इस लोकसभा चुनाव में यह पहला मौका था, जब राहुल-अखिलेश एक मंच पर दिखे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद इंडिया गठबंधन का सॉन्ग भी लॉन्च हुआ।

राहुल गांधी ने कहा- यह विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ आरएसएस-बीजेपी संविधान को




खत्म करने की कोशिश कर रही। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा कर रहा है। चुनाव में तीन बड़े मुद्दे हैं। बेरोजगारी, महंगाई, भागीदारी। उन्होंने कहा- कभी प्रधानमंत्री समुद्र के नीचे चले जाते हैं, कभी आसमान में सी-प्लेन पर चले जाते हैं। मगर मुद्दों पर न प्रधानमंत्री, न बीजेपी बात करती है। कुछ दिन पहले पीएम ने एक समाचार एजेंसी को लंबा इंटरव्यू दिया। वह स्क्रिप्टेड था, फ्लॉप शो था। पीएम ने उस इंटरव्यू में इलेक्टोरल बॉन्ड समझाने की कोशिश की।

वे कहते हैं कि ये सिस्टम पारदर्शिता के लिए लाया गया है। राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया है। अगर ये सच है तो उस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया? अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते, तो जिन्होंने बीजेपी को हजारों करोड़ दिया, उनका नाम आपने क्यों छुपाया। राहुल गांधी ने कहा- चंदा देने की तारीखें भी छिपाईं। पता चलता है कि हजारों करोड़ का ठेका किसी कंपनी को मिलता है, उसके तुरंत बाद वो कंपनी बीजेपी को चंदा देती है। सीबीआइ, ईडी की कार्रवाई शुरू होते ही कंपनी बीजेपी को करोड़ों रुपए देती है। उसके बाद ये कार्रवाई बंद हो जाती है। सड़क पर इसको एक्सटॉर्शन कहते हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम देश की सबसे बड़ी एक्सटॉर्शन स्कीम है।

उन्होंने कहा- 30 लाख सरकारी रोजगार हैं, जो नरेंद्र मोदी नहीं भर रहे हैं। वो वैकेंसी हम युवाओं को देने जा रहे हैं। पेपर लीक को लेकर हम कानून बनाएंगे। हर गरीब परिवार की लिस्ट बनाएंगे। हर परिवार में से हम एक महिला को चुनेंगे। उसके बैंक अकाउंट में महीने के 8500 रुपये और साल के एक लाख रुपए डाले जाएंगे। राहुल ने कहा कि मैं जातीय जनगणना की बात कर रहा हूं। मैंने भागीदारी की बात उठाई। हिंदुस्तान के हर क्षेत्र में पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब जनरल कास्ट के लोग मिलेंगे।

# पाक को लेकर दिए मोदी के बयान पर अमेरिका बोला, बीच में नहीं पड़ेंगे

**एजेंसी।** न्यूयार्क

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने एक हफ्ते पहले चुनावी सभा के दौरान देश से आतंकवाद खत्म करने को लेकर केंद्र सरकार के कड़े फैसलों पर बात की थी। पीएम ने कहा था- आज भारत में मोदी की मजबूत सरकार है, आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। इसको लेकर अमेरिका की तरफ से रिएक्शन आया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में सवालों का जवाब देते हुए कहा- अमेरिका इसके बीच में नहीं पड़ने वाला है, लेकिन



हम भारत और पाकिस्तान दोनों से कहना चाहेंगे कि जितना हो सके टकराव से बचें और बातचीत के जरिए हल निकालें। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान लगातार भारत पर टारगेट किलिंग के आरोप लगा रहा है। 14 अप्रैल को खबर आई थी भारतीय नागरिक सरबजीत को मारने के आरोपी लाहौर के डॉन अमीर सरफराज की हत्या हो गई है।

कुछ बाइक सवार लोगों ने उसे गोली मार दी। इसके बाद पाकिस्तान के इंटीरियर मिनिस्टर (गृह मंत्री) मोहसिन नकवी ने अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की मौत में भारत का हाथ होने की आशंका जताई थी। नकवी ने कहा था कि पिछले दिनों हुई हत्याओं में भी भारत सीधे तौर पर शामिल था। इस हत्या में भी वैसा ही पैटर्न नजर आ रहा है।

### रवि किशन को पति बताने वाली महिला पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** भाजपा सांसद रवि किशन को अपना पति बताने वाली महिला पर केस दर्ज हुआ है। रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में एफआइआर दर्ज कराई है। प्रीति ने दावा किया है कि इस पूरे मामले में समाजवादी पार्टी के नेता विवेक और एक यूट्यूबर खुर्शीद खान का हाथ है। प्रीति ने बताया कि 1 साल पहले भी इस महिला के खिलाफ मुंबई पुलिस से ब्लैकमेलिंग की शिकायत की थी। आरोपी महिला का अंडरवर्ल्ड माफियाओं से संबंध है। उसने पहले भी रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 20 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी। प्रीति शुक्ला ने अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, उसके पति, बेटी और बेटा को इस मामले में आरोपी बनाया है। फिलहाल हजरतगंज पुलिस ने मां-बेटी समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।



# हम जम्मू-कश्मीर की गरिमा पर जारी हमले को उजागर करेंगे : महबूबा

**एजेंसी।** श्रीनगर

**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि प्रतिद्वंद्वी दलों पर दोषारोपण करने के खेल में संलिप्त हुए बिना वह जम्मू-कश्मीर के लोगों की गरिमा और इसकी धरती व अन्य संसाधनों की पर जारी हमले को उजागर करेंगी। मुफ्ती ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हमारा उद्देश्य दोषारोपण करने का खेल खेलना नहीं है। हम बहुत कठिन समय से गुजर रहे हैं। हमारे संसाधनों, हमारी भूमि और हमारी गरिमा पर हर दिन हमला किया जा रहा है। मुझे लगता है कि हमें इसके बारे में बात करनी चाहिए। मैं इसमें नहीं जाना चाहती कि (जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री) उमर अब्दुल्ला या किसी और ने क्या कहा है।

पीडीपी अध्यक्ष दक्षिण कश्मीर जिले में चुनाव प्रचार कर रही थीं जो अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र का



हिस्सा है। उनका मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उम्मीदवार मियां अल्ताफ अहमद और अन्य से है। कुलगाम के कुंड में एक रैली को संबोधित करते हुए मुफ्ती ने दोहराया कि उनकी पार्टी को नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा। महबूबा ने कहा, मैं मुंबई में (इंडिया गठबंधन) की बैठक में थी। (नेकां अध्यक्ष) डॉ. फारूक अब्दुल्ला भी वहां थे और मैंने उनसे कहा कि सीट बंटवारे पर वह जो भी फैसला करेंगे, हम उसे स्वीकार करेंगे क्योंकि वह हमारे बड़े हैं। उन्होंने (नेकां) फैसला किया पीडीपी खत्म हो गई है, क्या पीडीपी खत्म हो गई है?

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में तीन शक्तिशाली आईईडी बरामद

**एजेंसी।** मेंढर

**जम्मू**-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में बुधवार को एक आतंकी ठिकाने से तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, जब्त किए गए आईईडी में प्रत्येक का भार तीन से 20 किलोग्राम (किलो) के बीच है। अधिकारियों ने इस कार्वाई को जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी सफलता करार दिया है। अधिकारियों ने बताया कि ए आईईडी पांच किलो, 10 किलो और 20 किलो भार वाले स्टील के डिब्बों के भीतर रखे गए थे।



उन्होंने बताया कि मेंढर उपखंड के सनाई-गुरसाई वन क्षेत्र में पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राष्ट्रीय राइफल्स द्वारा चलाए गए एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान एक गुफा में बनाए गए आतंकी ठिकाने से बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, बम निरोधक दस्ते ने बाद में तीनों आईईडी को नष्ट कर दिया और केंद्र शासित प्रदेश में विस्फोट करने की आतंकियों की मंशा पर पानी फेर दिया।

# मोदी सरकार बहुत कम समय में नक्सलियों का सफाया कर देगी : शाह

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार बहुत कम समय में देश से नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया कर देगी। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा 29 माओवादियों को मार गिराने के एक दिन बाद उन्होंने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार आतंकवाद और नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। शाह ने कहा, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आने वाले समय में भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेंगे और मोदी के नेतृत्व में हम बहुत कम समय में अपने देश से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे। गृह मंत्री ने कहा कि तीन महीने पहले छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद से 80 से अधिक नक्सलियों को मारा जा



चुका है, 125 से अधिक को गिरफ्तार किया गया है और 150 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के शिविर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से, 250 से अधिक ऐसे शिविर स्थापित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि भीषण गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे।


### निर्वाचन आयोग भाजपा की शाखा के तौर पर काम कर रहा है : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक शाखा के तौर पर काम कर रहा है। आयोग ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए सोशल मीडिया मंच एक्स को पार्टी के कुछ पोस्ट हटाने का आदेश दिया है, जिसके बाद आप ने यह आरोप लगाया है। यह संहिता 16 मार्च को आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ लागू हुई। मतगणना चार जून को होनी है। एक्स ने मंगलवार को कहा था कि आयोग ने वाईएसआर कांग्रेस, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुछ पोस्ट उसे हटाने का आदेश दिया है। आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने भाजपा के पोस्ट और होर्डिंग्स को लेकर आयोग को दो शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया, यह देश का दुर्भाग्य है कि निर्वाचन आयोग भाजपा की शाखा के रूप में काम कर रहा है।

# मंगलुरु और दुबई के बीच संचालित चार उड़ानें रद्द

**एजेंसी।** मंगलुरु

**संयुक्त** अरब अमीरात के दुबई एवं उसके निकटवर्ती इलाकों में गत 48 घंटों में हो रही भारी बारिश और खराब मौसम के कारण मंगलुरु से दुबई के बीच संचालित चार उड़ाने बुधवार को रद्द कर दी गईं। मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तिरुचिरापल्ली से मंगलुरु आने वाली एक अन्य उड़ान को भी रद्द किया गया जबकि सऊदी अरब के जेद्दा जाने वाली एक उड़ान में देरी हुई। प्रवक्ता ने बताया कि दुबई और मंगलुरु के बीच संचालित ये चारों उड़ानें एयर इंडिया एक्स्प्रेस की थीं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को भी दुबई से मंगलुरु आने वाली एयर इंडिया एक्स्प्रेस की उड़ान संख्या 814 रद्द रहेगी।



प्रवक्ता के मुताबिक बृहस्पतिवार को जेद्दा से मंगलुरु आने वाली एयर इंडिया एक्स्प्रेस की उड़ान संख्या 796 और मंगलूरु से तिरुचिरापल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्स्प्रेस की उड़ान संख्या 1498 भी विलंबित रहेंगी।

# भारत के वोटरों में चौंकाने की आदत, चुनाव नतीजों पर जल्दबाजी न करें : पित्रौदा

**एजेंसी।** शिकागो

**इंडियन** ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गुट अच्छा प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा- भारतीय मतदाताओं में चौंकाने की प्रवृत्ति होती है। पित्रोदा ने यह बातें न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहीं। उन्होंने आगे कहा- हमें दो महीने का इंतजार करना होगा और चुनाव के नतीजे पता चल जाएंगे। अभी यह अनुमान लगाने की जरूरत नहीं है कि क्या होगा। इंदिरा गांधी ने जब इमरजेंसी लगाई तो उन्हें बाहर कर दिया गया। बाद में उनकी दोबारा वापसी हुई। इसलिए इंडियन वोटर्स की बुद्धिमत्ता को कम मत आंकिए।

पित्रोदा ने कहा- अगर भारतीय मतदाताओं को लगता है कि वे एक लोकतांत्रिक देश में रहना चाहते हैं, वे एक गैर-तानाशाही वाले माहौल में रहना चाहते हैं, वे चाहते हैं कि संस्थाएं काम करें, वे स्वतंत्रता, लचीलापन चाहते हैं। वे अपने पसंदीदा धर्म का पालन करना चाहते हैं, वे शादी करना चाहते हैं। अगर उन्हें लगता है कि नौकरियों की बात होनी चाहिए तो वे उसी अनुसार वोट करेंगे, इसलिए भारतीय मतदाताओं पर कुछ भरोसा रखें, चुनावकर्ताओं पर नहीं।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पूर्व



सलाहकार सैम पित्रोदा नेहरू-गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता लोकसभा चुनावों में अच्छी लड़ाई लड़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन काफी अच्छा काम कर रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस पार्टी के कई अन्य लोग कड़ी मेहनत कर रहे हैं। पित्रोदा ने इस महीने की शुरुआत में जारी कांग्रेस के घोषणापत्र की तारीफ करते हुए कहा- यह देश के लोगों के लिए एक आदर्श घोषणापत्र है। उन्होंने कहा, घोषणापत्र की गुणवत्ता देखिए। मुझे नहीं लगता कि यह कोई कम्युनिस्ट घोषणापत्र है।

**वोटर्स बहुत शांत है, चौंकाएंगे तो जरूर**

19 अप्रैल को पहले चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीट भी शामिल है। एक सर्वे के अनुसार उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों में वोटर्स शांत है। यहां चुनावी हलचल जैसी भी कोई बात दिखाई नहीं देती। पोस्टर बैनर भी गायब है। भाजपा के होर्डिंग पर तो सिर्फ नरेंद्र मोदी का ही चित्र लगा रखा है। भाजपा का और कोई दूसरा लीडर होर्डिंग पर है ही नहीं। भाजपा वाले भी शायद यही देखना और बताना चाहते हैं कि इस बार भी मोदी की लहर है। सभी वोटर्स ने मन बना रखा है कि वोट मोदी को देंगे लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग हैं। रामनवमी के दिन हर की पैड़ी, हरिद्वार पर मोहन पुरी वाले के यहां चल रही गॉशिप सुनने को मिली। इस गॉशिप का केंद्र मोदी ही थे। इस गॉशिप में एक व्यक्ति कह रहा था कि जब मोदी सभी को जेल में डलवा रहा है तो एक दिन ऐसा भी आएगा जब पीएम के खिलाफ वोट देने वाला भी जेल में ही सड़ता हुआ पाएगा। सुनने में यह बात भले ही अटपटी लगती है लेकिन सरकारी एजेंसियों द्वारा ऐन चुनावी माहौल में किए गए एक्शन कई तरह के संदेश भी जनता तक पहुंचा रहा है। ऐसी ही चर्चा कनखल में स्थित एक आश्रम में सुनने को मिली। यहां भी यही बात चल रही थी कि मोदी का ग्राफ कम हो रहा है, बढ़ नहीं रहा। सीटें कम आ रही है, बढ़ नहीं रही है।

# रघुवंशी कुल ने देश व समाज को बहुत कुछ दिया है : मनधीर मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


**रामनवमी** के मौके पर एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता व फरीदाबाद लोकसभा सीट से संभावित प्रत्याशी मनधीर सिंह मान ने लोगों की बधाई एंव शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में भगवान राम को रघुवंशी कुल का बताते हुए कहा कि इस कुल ने देश के साथ ही समाज के लिए भी योगदान दिए हैं।

देव सेना द्वारा आयोजित रामनवमी के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान ने लोगों से कहा भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में जो कार्य किए हैं, या रामायण में जो हमें सिखाया गया है, हमें उन सभी विचारों को देखना, पढ़ना और समझना चाहिए। भगवान राम के विचारों के पथ पर प्रत्येक सनातनी को चलकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है। मनधीर मान ने आगे लोगों से कहा कि भगवान राम ने झूठे शबरी के बेर खाए हों या अहंकारी रावण का वध किया हो, भगवान ने अपने जीवन में वो सभी कार्य हमें कर के दिखाए हैं। उस पर अगर हम चलें तो अपने जीवन को सफल बना सकते हैं, क्योंकि धन कमाना ही जीवन कमाना नहीं है, जीवन को हम तभी कमा सकते हैं जब हम आत्मा में परमात्मा को देखते हैं। इंसान की सोच जहां अच्छी होती हैं, वहां उससे कार्य भी अच्छे होते हैं।



# बीजेपी ने सबका साथ व सबका विकास किया है : दीपक मंगला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**पलवल** के विधायक दीपक मंगला ने पायनियर को दिए इंटरव्यू में कहा है कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक सड़कों के सुधारीकरण, चौड़ा करने व मजबूत बनाने का कार्य हुआ है। प्रदेश की जनता इन विकास कार्यों की गवाह है। लोगों को पहले की सरकारों की अपेक्षा फसलों के नुकसान का अधिक मुआवजा दिया गया। सरकार ने बिना भेदभाव के समान रूप से सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए हैं। प्रदेश में पहली बार उपेक्षित व पिछड़े क्षेत्रों की तरफ अधिक ध्यान दिया गया तथा उन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए गए। इसी प्रकार सरकार ने विकास कार्यों में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने बिना किसी भेद-भाव के सबका साथ सबका विकास की राह पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से चहुंमुखी विकास कार्य किए हैं। जिला पलवल में एलिवेटिड पुल, दूधौला में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, ग्रामीण क्षेत्रों में महाविद्यालयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला में चहुंमुखी विकास कार्य किए जा रहे हैं। विकास कार्यों को पूर्ण करवाने में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।



उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के कुशल नेतृत्व में चहुंमुखी विकास कार्य और पारदर्शिता के साथ अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। ताकि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा लाभार्थियों तक पहुंच सके। प्रदेश सरकार की मेरिट आधार पर नौकरियों की नीतियों के परिणाम स्वरूप हजारों युवाओं को रोजगार मिला है।

वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान केवल योग्यता के आधार पर नौकरियां दी गई हैं। प्रदेश में भय-भ्रष्टाचार को खत्म करने के साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य भी हुआ है।

दीपक मंगला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान सेवक के रूप में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। आज हर वर्ग को उचित सम्मान देने का काम मौजूदा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि इन 10 सालों को गांव और गरीब के कल्याण के रूप में याद किया जा रहा है। इन 10 वर्षों में देश ने जो तरक्की की है, वह बेमिसाल है। आज मोदी के व्यक्तित्व की पहचान पूरी दुनिया में बनी है। देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने का श्रेय देश के प्रधान सेवक को जाता है। आज नरेंद्र मोदी ग्लोबल लीडर हैं और यही कारण है कि भारत को जी20 देशों की मेजबानी करने का अवसर मिला है। आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री की कमान सौंपेगी।

# सैन्य उत्पादों में प्रथम, स्वास्थ्य सुविधाओं में आज भी पीछे फरीदाबाद

## बीके अस्पताल में कई वर्षों से है आईसीयू की सुविधा की दरकार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**सैन्य** उत्पादों के निर्माण व नवाचार में फरीदाबाद-पलवल जिले सबसे आगे हैं। परंतु फरीदाबाद का बीके अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाओं में आज भी सबसे फिसड्डी साबित हो रहा है। इसका खामियाजा अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आए मरीजों को उठाना पड़ता है। अस्पताल में सात दशक बाद भी आईसीयू की सुविधा नहीं है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को दूसरे शहरों को रेफर कर दिया जाता है। जिससे कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने से मरीज बीच में ही दम तोड़ देता है। लोगों का कहना है कि बीके




अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे लोगों को इलाज में सुविधा रहे।

क्षेत्र की कंपनी महेंद्रा डिफेंस सिस्टम व स्टार वायर सिस्टम सैन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ये दोनों कंपनियां सैन्य उत्पादों के निर्माण व नवाचार में मुख्य भूमिका निभाती हैं। इन कंपनियों से देश की सेनाओं के लिए बख्तरबंद वाहन, बुलेटप्रुफ जैकेट व एयरो स्पेस घटकों आदि का निर्माण भारतीय सेनाओं के लिए होता है। जिससे सेना के जवान सुरक्षित रहते हैं। इससे यहां सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व भी मिलता है। परंतु उसके बाबजूद फरीदाबाद का बीके अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाओं में आज भी पिछड़ा हुआ है। अस्पताल में आज भी आईसीयू जैसी मूलभूत सुविधा नहीं हैं। इस अस्पताल में इलाज के लिए हर रोज सैकड़ों मरीज फरीदाबाद-पलवल जिलों से इलाज के लिए आते हैं। उनमें से दर्जनभर मरीजों को प्रतिदिन गंभीर रूप से बीमार, दुर्घटना में घायल होने व लड़ाई झगड़ों में घायल होने पर दिल्ली-रोहतक के अस्पतालों में इलाज के लिए रेफर कर दिया जाता है। इन शहरों तक पहुंचने में मरीज को घंटों का समय लग जाते हैं, जिससे कई बार मरीज अस्पताल में पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देता है। वहीं जो पहुंच भी जाता है, उनको काफी पैसा इलाज पर खर्च करना पड़ता है।

लोगों का कहना है कि दूसरे शहरों में मरीज के रिश्तेदारों को आने-जाने व वहां पर दवाई आदि पर काफी रुपये खर्च करने पड़ते हैं। जिससे मरीज के रिश्तेदार आर्थिक बोझ उठाने में असमर्थ होते हैं।

फरीदाबाद-पलवल जिले सैन्य उत्पादों व नवाचार के मामले में देश के अग्रणी जिलों में हैं। इन शहरों में भारतीय सेना के जवानों की सुरक्षा के लिए बख्तरबंद वाहन, बुलेट प्रुफ जैकेट आदि उपकरण तैयार किए जाते हैं। परंतु यहां का बीके अस्पताल में आज भी मूलभूत आईसीयू सुविधा तक नहीं है।

**-रामसिंह**

बीके अस्पताल में आईसीयू की मांग काफी पुरानी है, लेकिन इस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं है। अस्पताल में तुरंत आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे यहां पर आने वाले मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। उन्हें इलाज के लिए दूसरे शहरों को रेफर करने से छुटकारा मिले।

**-देवी सिंह सौरोत**

# बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलें व रोजगार के अवसर बढ़ें

## सेक्टर-24 में चुनावी चौपाल में बोले लोग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**लोकसभा** चुनाव 2024 को लेकर एक ओर जहां चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, लोकतंत्र के महापर्व को लेकर शहर से लेकर गांवों तक ग्रामीणों में उत्साह नजर आ रहा है। सभी प्रत्याशी मैदान में प्रचार-प्रसार करने में जुटे हैं। इन सबके बीच पायनियर टीम ने चाय के स्टाल पर कंपनियों के कर्मचारियों का मन टटोला। जिसमें मतदाताओं ने बेबाकी से अपने विचार साझा किए। यहां सभी ने मुखरता से बोलते हुए क्षेत्र में स्थाई रोजगार की बात कही। तो कुछ ने चिकित्सालयों में माकूल चिकित्सा सुविधाओं को लेकर समस्या रखी। कर्मचारी सत्यदेव, जाकिर, दिनेशचंद व पन्नालाल ने अनेक समस्याओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने हाइवे पर आए दिन हो रहे सड़क हादसों पर




प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए इनके रोकथाम के प्रयास करने की बात को रखा। वहीं केंद्र से जुड़ी योजनाओं व क्षेत्र के लंबे समय से लंबित काम को पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में पीने के पानी की भयंकर समस्या है। पानी की टंकी बनी हुई है। लेकिन समय से नहीं भरते है। ऐसे में आमजन परेशान रहते हैं। गांव में लगे हैंडपम्प भी खराब हैं। जिससे काफी समस्या रहती हैं। गर्मियों में अधिकांश पीने के पानी की समस्या रहती है। गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोजाना खुलने चाहिएं। साथ ही वहां पर्याप्त अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की भी उपलब्धता होनी चाहिए। जिससे उन्हें परेशानी नहीं हो। वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ाए जाएं। अपने बच्चों के भविष्य की चिंता करते उन्होंने कहा कि शिक्षा पद्धति में बड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। जिससे भविष्य में छात्र कोचिंग संस्थानों से मुक्त हो सकें। इस तरह की शिक्षा पद्धति विकसित की जाए कि छात्र बिना कोचिंग के ही उच्च शिक्षा के लिए चयनित हो सकें।

# राम नवमी पर श्री राम मंदिर के लिए भूमि पूजन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**श्री** राम मंदिर के लिए भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। रामा कृष्णा फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री राम मंदिर भूमि पूजन के उपरांत विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह महिला शक्ति द्वारा की गई। जिसमें अध्यक्ष आदेश मिश्रा, उपाध्यक्ष सुमन जिंदल, मीता भाटिया, सुनीता अग्रवाल, मंजु बजाज, मीना अग्रवाल, नीतू राजपूत विशेष रूप से शामिल रही। परम पूज्य संत श्री कृष्ण स्वामी जी महाराज की दिव्य उपस्थिति में समिति की महिलाओं द्वारा शुभ भूमि पूजन कार्य संपन्न हुआ। सेक्टर-9 में श्री राम मंदिर भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने अपने उद्‌बोधन में श्री राम मंदिर की चर्चा की और आज के युग में चरितार्थ होने की ओर विशेष सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व उत्साहित है। समस्त भारत राममय रास्ते पर चल रहा है। आज सारा संसार श्री राम के सत्य के मार्ग पर चलने को तैयार है। फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर निर्माण के साथ-साथ सेवा कार्य में सहयोग तथा अर्थ की कमी नहीं रहती इसी कड़ी में टिपर चंद शर्मा ने भी अपने आशीर्वचन में सहयोग का आश्वासन दिया। वृंदावन से पधारे कृष्ण स्वामी जी ने भी अपना आशीर्वचन दिया। अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख गंगाशंकर मिश्र ने सभी मेहमानों का धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पहुंची शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, मुलचंद शर्मा के भाई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा एवं उपाध्यक्ष भाजपा हरियाणा विपुल गोयल, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नयनपाल, अजय गौड़ पूर्व राजनीतिक सलाहकार, हरियाणा के मुख्यमंत्री, अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न क्षेत्रों से प्रबुद्धजन महानुभावों की उपस्थिति से इस कार्यक्रम की भव्यता और महत्व बढ़ गया। इस अवसर पर प्रदीप बंसल, मुकेश अग्रवाल, मनमोहन गुप्ता, राकेश वशिष्ठ, रोशन लाल बोरड़ आदि मौजूद थे।

# मतदाताओं ने मौजूदा सरकार पर भरोसा जताया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लोकसभा** चुनाव को लेकर ज्यादातर मतदाताओं ने मौजूदा सरकार पर भरोसा जताया। लोगों का कहना है कि अभी तो एक आद पार्टी को छोड़कर किसी भी पार्टी ने अपना उम्ममीदवार की घोषणा नहीं की है। इसलिए उन्हें वर्तमान सरकार पर ही भरोसा है। जातपात को छोड़कर यह सरकार विकास के काम कर रही है।






सेक्टर-15 निवासी आशीष का कहना है कि मौजूदा सरकार बहुत अच्छे कार्य कर रही है। अगर बात की जाए पार्टियों की तरे अन्य पार्टियों के मुकाबले बीजेपी सरकार सही है, लेकिन सरकार काम कम और प्रचार ज्यादा करती है।



छात्र रोहित का कहना है कि सरकार चाहे कोई भी आए वह बेरोजगारी पर लगाम लगाए। माना कि बिना पर्ची खर्ची के कुछ युवाओं को नौकरी मिली, परंतु ज्यादातर युवक बेरोजगार हैं। हम तो सरकार यह ही चाहते हैं कि युवाओं को रोजगार दिलवाए।



बल्लभगढ सुभाष कॉलोनी निवासी जानकी देवी का कहना है कि हम तो यहां पर रहकर रोजी रोटी कमा रहे हैं। हमें पहले से ही बीजेपी को वोट देते आए हैं। हम तो मोदी को ही वोट देंगे, हमारे लिए यही सरकार बढ़िया है।



सेक्टर-24 में चाय की दुकान करने वाले उमेश का कहना है कि मोदी सरकार ने हमें घर बनाने के लिए पैसे दिये और दुकान के लिए लोन दिया। जिस लोन को हमने थोड़ा थोड़ा करके चुकता कर दिया है। मोदी सरकार गरीबों के हित की बात करती है।

# नेहरू कॉलेज में राज्यस्तरीय कॉमफेस्टा-24 का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजकीय** महाविद्यालय फरीदाबाद के प्रांगण में प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के कुशल निर्देशन में वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स उत्सव कॉमफेस्टा के अंतर्गत विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर वशिष्ठ, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय तिगांव एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. दिनेश जून प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय नाचोली, फरीदाबाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ



प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर द्वारा किया गया। इस दौरान उप-प्राचार्या डॉ. सबिना सिंह, डॉ. मनीषा चौधरी व अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक भी मौजूद रहे। कॉमर्स उत्सव कॉमफेस्टा में हरियाणा के विभिन्न महाविद्यालयों से 107 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में कुल सात प्रतियोगिताओं जैसे- एडमैड, स्टार्टअप, टॉक्स, बिज क्विज, रीसाइक्ल मेनिया, ग्रुप डिस्कशन, केस स्टडी तथा लोगो डिजाइनिंग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों से आए सभी स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया तथा कार्यक्रम में उपस्थत सभी विद्याथियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम वाणिज्य विभाग में होते रहने चाहिएं। कार्यक्रम मंच का संचालन शशि कुमार द्वारा किया गया। डॉ. लीना वशिष्ठ एसोसिएट प्रोफसर ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के लगभग 45 विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार दिए गए।

# सबका साथ-सबका सम्मान यही जीवन का आधार : राजेश भाटिया



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सिद्धपीठ** श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर-1 तथा व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया का जन्मदिवस मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के गणमान्य लोगों ने फूलों के गुलदस्ते, केक काटकर व मिठाइयां खिलाकर श्री भाटिया का जन्मदिवस मनाया और उनकी दीर्घायु की कामना की। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में राजेश भाटिया को बधाई देने वालों का तांता लग गया। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया, लोगों की तादाद भी बढ़ती गई। सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, दुकानदार, व्यापारी, राजनीतिक दलों के लोग बड़ी संख्या में राजेश भाटिया को बधाई देने पहुंचे। इससे पूर्व राजेश भाटिया ने सुबह मंदिर में पूजा अर्चना की और महामाई का गुणगान करके आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए राजेश भाटिया ने कहा कि उनके जीवन का आधार यह है कि सबका साथ और सबका विकास हो, इसी नीति के तहत वह कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज लोगों के प्यार और आशीर्वाद की बदौलत ही इस मुकाम पर हैं और मंदिर समिति, ब्यापार मंडल सहित अनेक सामाजिक व राजनीतिक पदों पर आसीन है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने का जहां उन्हें अवसर मिलता है, हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते है, जो भी लोग उनके पास आते हैं, वह पूरी तरह से उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। जन्मदिवस पर लोगों के मिले प्यार व सम्मान के लिए उन्होंने लोगों का दिल से शुक्रिया किया।

इस शुभ अवसर पर कांग्रेस नेता विजय प्रताप, अनीश पाल, बंसीलाल कुकरेजा, सीमा सितोरिया, संजीव ग्रोवर, राहुल झा, इंद्र चावला, श्याम बांगा, दीपक भाटिया, कैलाश गुगलानी, राजू भाटिया, दर्शन लाल कुकरेजा, रजनीश ढींगरा, तिलक भाटिया, सुभाष चंद्र भाटिया, राधेश्याम भाटिया, सोमनाथ ग्रोवर, राजेश आहूजा, सरदार मनीष सिंह, राधिका बहल, लोचन भाटिया, जेके भाटिया, अनुराग गर्ग, अमर बजाज, असगर सरपंच, सनी चावला, सत्येंद्र दुग्गल, हरीश भाटिया, नीरज भाटिया, सुनील दत्त तंवर, रवि कपूर, कुलदीप गुलाटी, अनिल अरोड़ा, किशन खन्ना, जनक भाटिया, रजनी खन्ना, शैला कपूर, अजय शर्मा, भव्य मलिक आदि मौजूद थे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**कोई दिल को यूँ ही भाये वही तो प्यार होता है**
**किसी की याद जब आये वही तो प्यार होता है**
**समझकर सोचकर तो सिर्फ़ सौदा ही किया जाये**
**जो नासमझी में हो जाये वही तो प्यार होता है**

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संस्कृति और संस्कार का संरक्षण किया है : सैनी

## कहा, मोदी सरकार ने 10 सालों में किसानों, युवाओं, गरीबों और महिलाओं के सपने साकार किए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**पलवल** में हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चौधरी कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में रैली हुई। रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केन्द्रीय मंत्री भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चौधरी कृष्णपाल गुर्जर के साथ मंच पर केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह तेवतिया, पलवल विधायक तथा कार्यक्रम आयोजक दीपक मंगला, होडल विधायक जगदीश नायर, हथीन विधायक प्रवीण डागर एवम नैनपाल रावत, प्रदेश उपाधयक्ष एवम लोकसभा चुनाव संयोजक जीएल शर्मा, लोकसभा प्रभारी एवम मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ साथ रहे। हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संस्कृति और संस्कार का संरक्षण किया है। पिछली सरकारों के दौरान संस्कृति और संस्कार विलुप्त हो रहे थे। आज हमें अपनी संस्कृति पर गौरव महसूस हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ, कांशी विश्वनाथ, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। 140 करोड़ लोगों के लिए गर्व की बात है कि 500 सालों के बाद राम लला भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों के हित में काम करने वाली सरकार है। मजबूती से देश के आगे बढ़ाने वाली सरकार है। बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी फरीदाबाद लोकसभा की पलवल विधानसभा में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। यहां श्री सैनी ने राम नवमी पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। विजय संकल्प रैली को केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी संबोधित किया।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि देश की जनता इस बार नरेंद्र मोदी को 400 पार सीटें देने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी सरकार 10 वर्षों में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सपने को साकार कर रही है।

कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि न्याय की बात कहने वाली कांग्रेस ने महिलाओं के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस ने महिलाओं को वोट के लिए इस्तेमाल किया। महिलाओं को अधिकार देने की बात आती थी कांग्रेस अपना हाथ खींच लेती थी। नायब सैनी ने कहा कि देश में अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है तो फरीदाबाद लोकसभा में अबकी बार कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख पार वोटों से जीतकार दिल्ली भेजने का नारा जनता में गूंज रहा है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में देश को एक नई दिशा देने का काम किया है। लोगों के जीवन को सुगम और सरल बनाने तथा सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। नायब सैनी ने कहा कि लोगों को सुरक्षित रखना मोदी सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इन दस सालों में सड़कों, रेलवे, एयर कनेक्टिविटी वर्ल्ड क्लास की हुई है।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा भारती पत्नी श्री लक्ष्मण कुमार निवासी गांव दघेटा, थाना बलदेव, जिला मथुरा, तहसील माहवन, उत्तर प्रदेश , हाल निवासी किरायदार अशोक चंदिला का मकान, इन्द्रा कॉम्पलेक्स, नियर बाय अनु प्रोजेक्ट, फरीदाबाद दिनांक 20.03.2024 को समय 09.00 बजे अपने बच्चे कार्तिक के साथ बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट बा उम्र 23 साल है, जिसने गुलाबी रंग का सूट व गुलाबी रंग की चुन्नी पहनी हुई है और नग्गे पैर है, मुकदमा नम्बर 117 दिनांक 22.03.2024 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक थाना खेडीपुल, फरीदाबाद : 9582200148**
**मुख्य सिपाही हितेश : 86075692206**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा क्षितिज जसोर दिनांक 23.03.2024 को समय रात्रि करीब 09.30 बजे निजि काम बोलकर घर से निकला था, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, कद 6 फुट बा उम्र 47 साल है, मुकदमा नम्बर 157 दिनांक 14.04.2024 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक थाना खेडीपुल, फरीदाबाद : 9582200148**
**मुख्य सिपाही अरविंद : 9896628006**

# फरीदाबाद की बेटी सृष्टि ने चमकाया नाम

## यूपीएससी की परीक्षा में प्राप्त की 95वीं रैंक, पिता ब्राजील में भारतीय अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-88** अमोलिक सोसाइटी में अपनी मौसी के पास रहकर तैयारी करने वाली सृष्टि मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा में 95वी रैंक हासिल कर अपने परिवार और फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। सृष्टि मिश्रा ने बताया कि उनकी अधिकतर पढ़ाई देश के बाहर कंबोडिया में हुई है और जब भारत पहुंची तो उन्होंने 2022 में पहली बार यूपीएससी की परीक्षा में भाग लिया, परंतु उन्हें सफलता नहीं मिल पाई।

इसके बाद वह फिर लगातार यूपीएससी की तैयारी करती रही और आखिरकार उन्होंने इस बार यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसके लिए वह



अपने पूरे परिवार का धन्यवाद करती हैं और खास तौर पर वह अपनी मौसी का धन्यवाद करती है।

आपको बता दें कि सृष्टि मिश्रा मूल रुप से यूपी के जौनपुर की रहने वाली है और उनकी अधिकांश पढ़ाई कंबोडिया में हुई है। उनके पिता आदर्श कुमार मिश्रा है और माता का नाम बबीता मिश्रा है। पिता विदेश मंत्रालय में अधिकारी हैं और वर्तमान में ब्राजील में तैनात हैं, माता गृहणी हैं। सृष्टि मिश्रा ने बताया कि वह अपनी मौसा उमेश पांडे और मौसी सुनीता पांडे के पास फरीदाबाद के सेक्टर-88 स्थित अमोलिक सोसाइटी में रहती है। यहीं पर रहते हुए उसने यूपीएससी की तैयारी की। उसने बताया कि, उसकी इस सफलता में मौसा-मौसी का पूरा योगदान है। वहीं, इस मौके पर बेटी सृष्टि की सफलता के बाद मौसी सुनीता की खुशी का ठिकाना नहीं है। सृष्टि की मौसी सुनीता ने कहा कि उसने कभी सृष्टि को अपनी बहन की बेटी नहीं बल्कि अपनी खुद की बेटी मानकर उसका सहयोग किया है।

उसे पढ़ाई में दिक्कत न हो इसके लिए उन्होंने मौलिक सोसाइटी में अपने फ्लैट से अलग एक और फ्लैट लिया था जिसमें सृष्टि अकेले रहकर यूपीएससी की पढ़ाई कर सके ताकि उसे उसकी पढ़ाई में कोई दिक्कत न हो।

आज सृष्टि ने जो सफलता हासिल की है, इसके बाद मौसी ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि अब सृष्टि लोगों के लिए काम करें और पूरा सहयोग करें। सृष्टि की छोटी बहन बारहवीं क्लास में पढ़ रही है, छोटा भाई पांच साल का है।

# कन्या पूजन के साथ धूमधाम से मनाई राम नवमी

## महारानी वैष्णादेवी मंदिर में रामनवमी पर उमड़ा सैलाब

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**चैत्र** नवरात्र के अंति दिन बुधवार को मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों में सुबह से शाम तक हवन-पूजन किया गया। मां दुर्गा के नवम स्वरूप की पूजा भक्तों ने कंजक पूजन के साथ की। घर-घर में कंजक पूजन किया गया। खासकर नवमी के साथ नवरात्र संपन्न करने वाले भक्तों ने कंजक पूजन के साथ व्रत भी संपन्न किया। वहीं, कुछ लोगों ने मंगलवार को कंजक पूजन के साथ व्रत खोला था। नवरात्र के आखिरी दिन मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, दूसरी ओर घरों में कन्या पूजन के दौरान कन्याओं को दिए जाने वाले उपहार को लेकर बाजारों में भीड़ देखने को मिली।





जिले के मंदिरों में नवरात्रों को लेकर भीड़ देखी गईं। पिछले नौ दिनों से मंदिर में पूजन और भजन-कीर्तन चले। बुधवार को मंदिरों में नवमी की पूजा की गई। एनआईटी एक स्थित महाकाली मंदिर के प्रधान राकेश ने बताया कि नवरात्र के आखिरी दिन मंदिर में काफी भीड़ होती है। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही, जिसके चलते भक्तों की सुरक्षा के लिए खास इंतजाम किए गए। वहीं, नौ दिन के उपवास और तप का आखिरी दिन होने की वजह से सुबह साढ़े आठ बजे कन्या पूजन करके नवरात्र का समापन किया गया। उसके बाद 10 बजे महाकाली यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के बाद मंदिर परिसर में भंडारा आयोजित हुआ। एनआईटी एक स्थित महारानी वैष्णो देवी मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि नौ दिनों में सुबह आरती तथा सांध्य आरती की गई। सांध्य आरती के दौरान मंडली के द्वारा रात्रि जागरण भी किया गया। नवमी के दिन सुबह कन्या पूजा करने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, सेक्टर-16 स्थित कालीबाड़ी में महिलाओं द्वारा नवमी पूजा की गई। नवमी पूजन के बाद शाम को नृत्य प्रतियोगिता हुई।

महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में रामनवमी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पड़ा, भगवान श्री राम और माता सिद्धिदात्री के दर्शनों के लिए सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया इस अवसर पर लोगों ने भगवान श्री राम और माता की पूजा अर्चना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रामनवमी के अवसर पर मंदिर में मां सिद्धिदात्री की भव्य पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में कंजकों को भी पूजा गया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने सभी श्रद्धालुओं को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। इस शुभ अवसर पर मंदिर में हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध उद्योगपति आरके बत्रा, सोनिया बत्रा, सुषमा कुमारी, करण राहुल, नेतराम, विमल और चंद्र ने हवन में अपनी आहुति डाली।

इस अवसर पर श्री भाटिया ने श्रद्धालुओं को मां सिद्धिदात्री की कथा सुनाई और उनकी महिमा से अवगत करवाया।

श्री भाटिया ने बताया कि मां दुर्गाजी की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्रि-पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है।

मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व-ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है।

# अध्यापक संघ ने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रदेश** सरकार द्वारा शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की अवहेलना करने और मॉडल संस्कृति स्कूलों में हिंदी माध्यम से शिक्षा नहीं देने के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के बैनर तले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान ओम प्रकाश जाखड़ ने बताया कि मॉडल संस्कृति स्कूलों में केवल अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है। जबकि बड़े-बड़े शिक्षाविदों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्थानीय भाषा या मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इन विद्यालयों में पहली कक्षा में अनिवार्य रूप से हिंदी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जाए, क्योंकि उसे



क्षेत्र/गांव में हिंदी माध्यम का दूसरा विद्यालय भी नहीं है। राज्य सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि मॉडल स्कूलों में ढांचागत सुविधाओं के अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है, अर्थात कमरा कम हैं, शिक्षक कम हैं तो प्रवेश भी थोड़े छात्रों को दिया जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि छात्रों को प्रवेश अनुसार ढांचागत सुविधा उपलब्ध कराई जाए और प्रवेश में आरक्षण प्रणाली खत्म की जाए। जिला सचिव थान सिंह शर्मा ने कहा कि आजादी के 64 वर्षों के बाद देश को शिक्षा अधिकार अधिनियम निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार मिला। जिसके अनुसार आठवीं कक्षा तक के छात्रों को निशुल्क शिक्षा मिलेगी। प्रदेश सरकार मॉडल संस्कृति स्कूलों के नाम पर कानून का उल्लंघन करके छात्रों से दाखिला फीस और मासिक ट्यूशन फीस वसूल रही है। उन्होंने मांग की कि कानून का पालन हो और शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिए जाएं। निशुल्क शिक्षा दी जाए। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहली सरकार है, जो छात्रों को चिराग योजना के नाम पर निजी विद्यालयों में भेज रही है।

## मामा का पैर फिसला, दीवार से टकराकर भांजी की मौत

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित भारत कॉलोनी में करीब चार माह की बच्ची की दीवार से टकराकर मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बच्ची को उसका मामा उसे गोद में खिला रहा था। इस दौरान युवक का पैर फिसल गया। बच्ची हाथ से छूटकर सीधे दीवार में जा लगी। सिर में चोट के कारण बच्ची की मौत हो गई। खेड़ीपुल थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। भारत कॉलोनी में लखन अपने परिवार के साथ रहता है। उसकी पत्नी ने करीब चार माह पहले बेटी को जन्म दिया था। बेटी गुन्नू सोमवार को अपने मामा हरीलाल की गोद में खेल रही थी। अचानक से उसका पैर फिसल गया और वह गुन्नू सहित दीवार से जा टकाराया। आननफानन में बच्ची को बादशाह खान अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# फरीदाबाद विकसित करने में पंजाबी समुदाय का अहम योगदान : कृष्णपाल




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भाजपा** के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि फरीदाबाद को विकसित करने में पंजाबी समुदाय का अहम योगदान रहा है। इस समुदाय के लोग मेहनतकश होते हैं और उनकी मेहनत की बदौलत ही आज फरीदाबाद का डंका देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी बज रहा है। श्री गुर्जर रात्रि सेक्टर-37 स्थित पंजाबी समाज द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मुख्य रूप से उनके साथ शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा, भाजयुमो के उपाध्यक्ष करन गोयल आदि मौजूद थे। इस दौरान पंजाबी समाज के गणमान्य लोगों ने श्री गुर्जर का भव्य स्वागत कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर भेजने का संकल्प लिया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जनता अच्छे से जानती है कि भाजपा और मोदी ही देश के गरीब, युवा, महिला और किसान का भला कर सकते हैं। इसलिए देश की जनता ने मोदी को मत देने का पक्का मन बना लिया है। हर ओर मोदी की लहर है और जनता के आशीर्वाद के दम पर 400 सीटों पर कमल खिलाएंगे तथा तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी को गरीब की चिंता है, आज गरीब के चेहरे पर मुस्कान प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण आई है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद के विकास पुरुष हैं और पिछले 10 वर्षों में फरीदाबाद का विकास करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। फरीदाबाद की जनता भी कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा मतों से जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

इस मौके पर भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद को विकास के मामले में अव्वल बना दिया है। जो नहरपार क्षेत्र पिछली सरकारों में पिछड़ गया था, आज नए रुप में विकसित हो रहा है और इसका श्रेय केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की दूरगामी सोच को जाता है। इस अवसर पर गौतम खन्ना, हेमंत गोगिया, जगन्नाथ खेडा, राजकुमार खन्ना, दीपक गांधी, राजेश अरोड़ा आदि मौजूद थे।

# एसडी कॉलेज में दो दिवसीय शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**स्थानीय** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल में प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार के दिशा निर्देशन में यूजीसी एवं एकडेमिक प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय शोध पत्र लेखन विषय पर कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. एसएस सैनी ने जानकारी दी कि कार्यशाला के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों को शोध पत्र लेखन के गुर सिखाये गये। कार्यशाला के पहले दिन



आयोजन सचिव डॉ. वनीता सपरा ने अनुसंधान का सार विषय पर जानकारी देकर कार्यक्रम का आरंभ किया। सत्र की विशिष्ट अतिथि सह प्रोफेसर वनस्पति विभाग से डॉ. कांता रानी ने प्रतिभागियों को शोध पत्र लिखने के कौशल से अवगत करवाया। सत्र का समापन सत्र अध्यक्ष डॉ. एसएस सैनी की समापन टिप्पणी से हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन के पहले सत्र को जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी वाईएमसीए फरीदाबाद से डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलप्मेंट, प्रोफेसर डॉ. मनीषा गर्ग विशिष्ट अतिथि से सुशोभित किया। उन्होंने नैतिक अनुसंधान एवं साहित्यिक चोरी के विषय का ज्ञान प्रतिभागियों से सांझा किया। उन्होंने प्रतिभागियों को नैतिक अनुसंधान की ओर अग्रसर रहने को प्रेरित किया।

## नशे के 11 इंजेक्शन सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अलीम है, जो मेवात का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने मोटरसाइकिल सवार आरोपी को अवैध नशे सहित धोज थाना एरिया से काबू किया था। आरोपी के कब्जे से नशे के 11 इंजेक्शन बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मेवात से नशे के इंजेक्शन लाकर फरीदाबाद में बेचने की फिराक में था, जिसे पुलिस ने काबू कर लिया। उसे अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा।

# सभी प्राइवेट स्कूल संचालक सर्वोच्च न्यायालय के एसओपी की करें पालना

## स्कूल बसों में जरूरी हैं महिला अटेंडेंट : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिलाधीश** विक्रम सिंह ने कहा कि जिला के सभी प्राइवेट स्कूल संचालक सर्वोच्च न्यायालय के एसओपी की पालना सुनिश्चित करें। जिलाधीश विक्रम सिंह लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में प्राइवेट स्कूल संचालकों, शिक्षा, आरटीए तथा ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन द्वारा स्कूल बसों के ड्राइवरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं अन्य शिकायत व सुझाव के लिए आरटीए हेल्पलाइन नंबर 7087299606 पर मैसेज करें। स्कूल बसों में महिला अटेंडेंट एसओपी की गाइड लाइन की हिदायतों के अनुसार बहुत जरूरी है।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों के स्कूल में लाने और घर छोड़कर आने तक स्कूल संचालकों की जिम्मेदारी माता-पिता से भी बढ़कर होती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को सभी स्कूल संचालक गंभीरता से फॉलोअप करें। स्कूलों में बच्चों को लाने और घर छोड़कर आने के लिए इको वैन, ऑटो तथा बसों सहित अन्य स्कूल वाहन बेहतर तरीके से सर्वोच्च न्यायालय के नियमों की पालना पूर्णत: लागू होनी चाहिए। स्कूल में बच्चों को यातायात संबंधी कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। कोताही कतई बर्दाश्त नहीं




की जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 3358 स्कूल बसें हैं।

ऑटो और इको वैन तथा अन्य यातायात के वाहन अलग से जुड़े हुए हैं। सभी को यातायात संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित करनी है। बता दें कि ईद की छुट्टी के दिन प्रदेश महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए निजी बस स्कूल हादसे को देखते हुए जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है, जिसके चलते जिलाधीश विक्रम सिंह के आदेश अनुसार शिक्षा विभाग ने राजपत्रित अवकाश के दिन कोई स्कूल नहीं खुलने देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी की गई है। इस नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी कोई सूचना दी जा सकती है।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सरकारी छुट्टी के दिन कोई निजी स्कूल अगर खुला तो उसकी मान्यता रद्द की जाएगी। प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन बसों इत्यादि के लिए नियमों के तहत प्रत्येक बस संचालन में जो 14 नियम हैं, उसकी पूरी पालना हो। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर और आरटीए मुनेश सहगल ने यातायात संबंधी नियमों की पालना के लिए किए गए प्रबंधों की बारीकी से जानकारी दी।

बैठक में डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर, आरटीए मुनेष सहगल, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा स्कूल संचालक मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शिवम उर्फ एलियन तथा शशिकांत का नाम शामिल है। दोनों आरोपी सेहतपुर के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी शिवम को अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ पल्ला थाने में अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी ने बताया कि यह देसी कट्टा वह शशिकांत से लेकर आया था। आरोपी शिवम की निशानी पर आरोपी शशिकांत को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शिवम को जेल भेज दिया गया है और आरोपी शशिकांत को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शिवम के खिलाफ लड़ाई झगड़े के दो मुकदमे दर्ज हैं और शशिकांत के खिलाफ हत्या तथा लड़ाई झगड़े के करीब आठ मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें आरोपी जेल भी जा चुका है। आरोपी शशिकांत ने बताया कि यह देसी कट्टा वह दो साल पहले पावटा के रहने वाले बल्लू नाम के व्यक्ति से 4000 रुपये में लेकर आया था, जिसकी मृत्यु हो चुकी है। आरोपी शिवम का किसी के साथ लड़ाई झगड़ा हो गया था, इसलिए उसने अपने साथी आरोपी शशिकांत से यह देसी कट्टा 6000 में खरीदा था। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने अपने कई अन्य साथियों के साथ मिलकर अपनी गैंग बना रखी है, जो किसी के साथ भी लड़ाई झगड़ा करके उसके साथ मारपीट करते हैं। पुलिस रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपी शशिकांत को जेल भेजा जाएगा और लड़ाई झगड़े के मामलों शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

## आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ और बदरपुर बार्डर की टीम ने आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक मॉल के भीतर और सड़क किनारे कार खड़ी कर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से सात मोबाइल, एलईडी टीवी व एक कार बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम बंगाल शूटिंग क्षेत्र के पास गश्त कर रही थी। सूचना मिली कि स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी स्थित मॉल के एक शोरूम में दिल्ली कालका जी निवासी मोहित चौहान अपने दोस्तों के साथ आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगा रहा है। टीम ने मौके पर जाकर देखा दुकान में तीन युवक बैठे हुए थे। सामने एलईडी स्क्रीन पर सनराइज हैदराबाद और रायल चैलेंजर बंगलुरू के बीच क्रिकेट मुकाबले का लाइव प्रसारण चल रहा था। तीनों के सामने करीब सात मोबाइल फोन और टैब रखे हुए थे। सभी आरोपी फोन पर ऑनलाइन सट्टा लगाकर मैच में पैसा लगाने का भाव पूछ रहे थे। आरोपियों की पहचान दिल्ली के कालका जी निवासी मोहित चौहान, पल्ला की शिव कॉलोनी निवासी अंकुर छाबड़ा व बल्लभगढ़ चावला कॉलोनी निवासी दिनेश भारद्वाज के रूप में हुई है। दूसरे मामले में बदरपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने सेक्टर-16 में सड़क किनारे खड़ी कार से एक युवक को काबू किया है। टीम ने गश्त के दौरान देखा युवक मोबाइल में कुछ देख रहा है और पैसों की बोली लगा रहा है। टीम ने देखा आरोपी के मोबाइल पर चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियन के बीच लाइव क्रिकेट मुकाबले का प्रसारण देख रहा था। आरोपी की पहचान ओल्ड फरीदाबाद संत नगर निवासी प्रकाश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से कार, मोबाइल और करीब 13 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर लिए हैं।

## मंडियों में उठान नहीं होने से किसानों का भुगतान रुका

**फरीदाबाद।** शहर की मंडियों में खरीदारी तेजी से चल रही है। वहीं, गेहूं का उठान काफी धीमी गति से चल रहा है। एजेंसी की ओर से उठान नहीं होने की वजह से किसानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर की दो बड़ी अनाज मंडियों से अभी तक एक लाख कट्टे का ही उठान हुआ है। अभी करीब सात लाख कट्टे मंडियों में पड़े हुए हैं। अगर आने वाले दिनों में बरसात हो जाती है तो मंडियों में पड़े गेहूं भीगने के बाद खराब हो जाएंगे। जिले की छह मंडियों में सरकारी गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू हो गई है। हर रोज मंडियों में करीब 20 किसान अपनी फसल लेकर आ रहे हैं। मोहना मंडी मार्केट चेयरमैन सतीश ने बताया कि उनकी मंडी में करीब साढ़े चार लाख कट्टे गेहूं की आवक हुई है। इसमें से 10 दिनों के अंदर सिर्फ 70 हजार कट्टों का ही उठान हुआ है। वहीं, अभी साढ़े तीन लाख कट्टे मंडी में पड़े हुए हैं। इसके अलावा बल्लभगढ़ अनाज मंडी में साढ़े तीन लाख कट्टे गेहूं की खरीद हुई है, जिसमें से 30 हजार कट्टे का ही उठान हुआ है। अभी भी मंडी में करीब तीन लाख 20 हजार कट्टे पड़े हुए हैं। वहीं फतेहपुर बिल्लोच में अभी तक 60 हजार क्विंटल की आवक हुई है, जिसमें से 400 क्विंटल का उठान हुआ है।

## सेंट कोलंबस में नारी शक्ति एवं संविधान बौद्ध महोत्सव मनाया



**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस स्कूल, दयाल बाग, फरीदाबाद में आदिशक्ति की आराधना करते हुए नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। शक्ति का अर्थ है ऊर्जा या बल। भारतीय परंपरा में आदिशक्ति / पराशक्ति को ऊर्जा का मूल स्त्रोत माना जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में माता (स्त्री) जो कि प्रकृति का प्रतिनिधित्व करती है, उनके विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इन पावन दिनों का महत्व विद्यार्थियों को समझाने हेतु विद्यालय में नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सृजन, विनाश एवम विघटन की शक्तियों व भारत की वृहद संस्कृति से परिचित करवाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया, तदुपरांत स्वागत भाषण हिंदी और अंग्रेजी में क्रमश: आराध्या यादव (तीसरी ए) व सृष्टि ठाकुर (आठवीं एफ) ने चैत्र नवरात्र का महत्व एवं इसकी महिमा का विस्तृत वर्णन किया। इस अवसर पर विद्यालय की छोटी-छोटी छात्राओं ने नवरात्रि में पूजनीय नवदुर्गा का साक्षात जीवंत रूप मंच पर अभिनीत कर श्रद्धा एवं शक्ति का सामंजस्य विद्यार्थियों को प्रेषित किया। नौ देवियों को मंच पर अपने अभिनय से जीवंत करने वाली छात्राएं इस प्रकार रहीं। शैलपुत्री (काव्या), ब्रह्मचारिणी (आराध्या सिंह), चंद्रघंटा (आराध्या झा), कुष्मांडा (राजश्री), स्कंदमाता (रुहिका), कात्यायनी (शानवी), कालरात्रि (तनिसी झा), महागौरी (काव्या बिष्ट), सिद्धिदात्री (कोविद) तथा अन्वेषा जगत जननी महादुर्गा के रूप में नजर आई।

विद्यार्थियों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से माता वैष्णो देवी के उद्भव का हृदयांगम मंचन किया। महिषासुर नामक राक्षस को मारकर महिषासुर मर्दनी नाम से प्रसिद्ध मां दुर्गा के नौ अवतारों को अपने समक्ष साक्षात स्वरूप में देखकर विद्यार्थी भाव विभोर हो गए। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भक्ति गीतों पर थिरककर वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। दर्शक दीर्घा में बैठे विद्यार्थी भी स्वयं को रोक नहीं पाए, उन्होंने ताली बजाकर अपनी श्रद्धा-भक्ति का परिचय दिया। वर्तमान समय में नारी सशक्तिकरण को दर्शाती कोलंबियन छात्राएं मां दुर्गा के नौ रूपों में सजी दिखाई दीं। साथ ही साथ वे शिक्षा एवम अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ती डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, साइंटिस्ट, म्यूजिशियन आदि के दायित्वों को निभाती महिलाओं की भूमिका में भी नजर आईं। सच्चे अर्थों में यही नारी सशक्तिकरण का वर्तमान स्वरूप है, जिसकी विकसित होते भारत को अत्यंत आवश्यकता है। इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषि चौधरी ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि नारी प्रकृति है और प्रकृति संसार की धुरी है। प्रकृति और नारी के बिना मानवता की कल्पना नहीं की जा सकती। अतएव प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वो अपने परिवार की प्रत्येक स्त्री एवम संपूर्ण नारी जाति का सम्मान करे, तभी सच्चे अर्थों में नवरात्र को मनाने का उद्देश्य सफल हो पाएगा। हिंदू नववर्ष के शुभारंभ की अनंत शुभकामनाएं प्रदान करते हुए, उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ते रहने के साथ ही अपनी जड़ों से भी जुड़े रहने का संदेश प्रदान किया।

# गुरुग्राम की एक-दो नहीं बल्कि चार बेटियों ने यूपीएससी में लहराया परचम

## सभी के परिवारों में आसपास के लोगों व रिश्तेदारों ने पहुंचकर दी बधाई

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


रुहानी।


सुमन यादव।


दिव्या अपने पिता के साथ।


प्रख्या अपने माता-पिता के साथ।

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में गुरुग्राम एक या दो नहीं बल्कि चार बेटियों ने सफलता हासिल करके नाम रोशन किया है। सभी को बधाई देने वालों को तांता लगा रहा। परिवारों में भी खुशी व जश्न का माहौल है।

सबसे पहले हम बात करते हैं रुहानी की। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रुहानी ने ऑल इंडिया रैंकिंग में 5वां स्थान हासिल किया है। रुहानी ने शहर में ही प्राइवेट स्कूल 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की। वर्ष-2017 में दिल्ली के सेंट स्टीफंस विश्वविद्यालय से अर्थ शास्त्र में रुहानी ने स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 2019 में इग्नू से अर्थ शास्त्र में मास्टर डिग्री पूरी की और वह भारतीय अर्थ शास्त्र सेवा में शामिल हो गई। तीन साल तक वहां पूरी मेहनत से कार्य किया। रुहानी दो साल तक नीति आयोग में भी कार्यरत रहीं। बाद में भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हो गईं। नवंबर-2023 से हैदराबाद में वे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यूपीएससी की परीक्षा में रुहानी ने अपनी प्रतिभा दिखाई और 5वां श्रेष्ठ रैंक हासिल कर लिया। उनके पिता सुरेश और माता नीलम दोनों ही सरकारी स्कूल में अध्यापक के पद नियुक्त हैं। एक छोटा भाई निजी कंपनी में नौकरी करता है।

**सुमन यादव ने हासिल किया 170वां रैंक :** शहर के सराय अलावर्दी की रहने वाली सुमन यादव ने यूपीएससी की परीक्षा में 170वां रैंक हासिल किया है। मंगलवार को यूपीएससी की ओर से सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन का जब परिणाम आया और सुमन यादव का नाम देखकर परिजनों की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। सुमन ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। पिछले वर्ष भी सुमन यादव ने परीक्षा दी थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। पिछले तीन वर्षों से सुमन यादव यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। सुमन के मुताबिक उन्होंने पहली से 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई गुरुग्राम के सुचेता मेमोरियल पब्लिक स्कूल से की है। इसके बाद 11वीं और 12वीं कक्षा की पढ़ाई जमालपुर गांव में सूरज पब्लिक स्कूल से की। स्कूल शिक्षा पूरी होने के बाद उसने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की। बीएससी के बाद ही उसने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की। सुमन यादव के पिता बलवान सिंह यादव का कहना है कि बेटी की इस कामयाबी ने जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी है।

**प्रख्या ने 584वीं रैंक हासिल करके पाई सफलता :** गुरुग्राम के पालम विहार अपराध शाखा में तैनात सहायक उप-निरीक्षक रामबीर की बेटी प्रख्या ने भी यूपीएससी में सफलता हासिल की है। प्रख्या ने 584वीं रैंक हासिल की है। प्रख्या ने दिल्ली के ढासा स्थित एक प्राइवेट स्कूल से 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की। नेकीराम कॉलेज रोहतक से बीएससी व बीएड की। प्रख्या ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके पिता रामबीर ने बताया कि उनकी बेटी की शुरू से ही पढ़ाई में होशियार रही है। अच्छे अंकों से परीक्षाएं पास की है। प्रख्या की मां गृहिणी हैं। रामबीर के मुताबिक उनकी एक बेटी कॉलेज में, एक बेटी 12वीं कक्षा में और बेटा 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है।

**दिव्या ने 665वीं रैंक हासिल करके परिवार का नाम चमकाया :** गुरुग्राम पुलिस में ही इंस्पेक्टर के पद पर तैनात बलराज यादव की बेटी दिव्या ने यूपीएससी की परीक्षा में 665वीं रैंक हासिल की है। पहली से नौवीं कक्षा तक मुंबई के एक निजी स्कूल में पढ़ाई करने वाली दिव्या ने करनाल के दयाल पब्लिक स्कूल से 10वीं व 12वीं कक्षा पास की है। दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बी.कॉम पास की। अब वह दिल्ली के ही एक कॉलेज से एम.कॉम की पढ़ाई कर रही हैं। दिव्या की दो बहनें भी हैं, जो कि अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं। मां गृहिणी हैं। पुलिस सेवा में तैनात पिता बलराज यादव ने बताया कि दिव्या ने पहली बार में ही यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली है।

# 6 लाख 13 हजार से अधिक पाठ होना ईश्वरीय कृपा का परिणाम : बोधराज सीकरी


हनुमान चालीसा कार्यक्रम में भाग लेते बोधराज सीकरी व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मां वैष्णो** देवी दरबार गढ़ी-हरसरू में बोधराज सीकरी द्वारा चलाई गई मुहिम के तहत हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ पूनम माता संयोजिका मंदिर और डॉक्टर अलका शर्मा सह संयोजिका की अगुवाई में भक्तजनों ने गजेंद्र गोसाई जी द्वारा गायकी और संगीतमय तरीके से हनुमान चालीसा पाठ का 21-21 बार भरपूर आनंद लिया।

मंत्र की ध्वनि, शंखनाद की ध्वनि और जय श्री राम और जय हनुमान के जय घोष के वातावरण में भक्ति रस में डूबे गोसाई की जिह्वा से खूब अमृत वर्षा का लगभग 200 से अधिक साधकों ने रसपान किया। 21-21 बार पाठ के उपरांत बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में शबरी के चरित्र की चर्चा की। बोध राज सीकरी ने स्पष्ट किया कि राम चरितमानस में कहीं नहीं लिखा की भीलनी ने उन्हें झूठे बेर खिलाए। बोध राज सीकरी ने संत की परिभाषा अपने अनूठे ढंग से बतायी।

बोधराज सीकरी ने सुंदर भंडारे की व्यवस्था के लिए मंदिर मैनेजमेंट की प्रसंशा की। पिछले सप्ताह तक 259 स्थानों पर 43,800 साधकों द्वारा 608,177 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं। अब के पाठ में लगभग 200 भक्तों ने भाग लिया। ज्योत्सना बजाज के ऑनलाइन हनुमान चालीसा के पाठ के आयोजन में 15 लोगों ने 11-11 बार पाठ किया। विजय टन्डन और रणधीर टन्डन की फैक्ट्री के 64 कर्मचारियों ने 2-2 बार पाठ किया। जनता रिहैबिलिटेशन सेंटर में 40 विद्यार्थियों ने 21-21 बार पाठ किया। इसके अतिरिक्त जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में 31 साधकों ने 5-5 बार पाठ किया। इस प्रकार अब तक 264 स्थानों पर 44,150 साधकों द्वारा 613,665 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं।

# श्री माधव सेवा केंद्र में गोयल बंधुओं ने किया मंत्री राव इंद्रजीत का अभिनंदन

## अपने स्वागत एवं अभिनंदन से गदगद दिखे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


श्री माधव सेवा केंद्र सेक्टर-17 में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का अभिनन्दन करते कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक एवं एनजीओ प्रकोष्ठ हरियाणा के सह-संयोजक डा. डीपी गोयल, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल व साथी सदस्य।

**गुरुग्राम** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह बुधवार को श्री माधव सेवा केंद्र सेक्टर-17 गुरुग्राम में पहुंचे। यहां रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के संयोजक नवीन गोयल ने साथियों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम की बड़ी हस्तियों को एक छत के नीचे लाने के लिए गोयल बंधुओं का धन्यवाद किया।

गुरुग्राम लोकसभा से प्रत्याशी राव इंद्रजीत ड्क्ससह ने उपस्थितजनों को मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही विश्व शक्ति के रुप में उभरते हुए भारत की सामर्थ्य, शक्ति और इनोवेशन पर अपने विचार रखे। उन्होंने आगामी 25 मई को गुरुग्राम वासियों से कमल के निशान का बटन दबाकर प्रचंड जनादेश देने का आग्रह और आह्वान किया। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 2047 मिशन के साथ हमारा देश विकसित भारत की ओर अग्रसर हैं। इस विकास रथ का नेतृत्व नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में गुरुग्राम भी लगातार विकसित गुरुग्राम की तरफ आगे बढ़ा है और बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव, मंगतराम बागड़ी, परमिंदर कटारिया, गिरिराज ढींगरा, बोधराज सीकरी, सुमेर सिंह तंवर, सुल्तान वाल्मीकि, कुलदीप वाल्मीकि, जुगेश कुमार सारवान, गजेन्द्र गुप्ता बॉबी, राव भोपाल सिंह, कन्हैया लाल आर्य, दिनेश यादव पूर्व पार्षद, नरेश गोयल, रोशन लाल, नरेश जैन, डा. रामकुमार गर्ग, सीमा पाहुजा, कुलदीप बोहरा, धर्मेंद्र बजाज, प्रमोद सलूजा, एचएस चावला, सुरेंद्र कुंडू, हरकेश प्रधान, नरेश चावला, अत्तर सिंह संधू, रवि मनोचा, अनिल कुमार, सीबी मनचंदा, आरपी चौहान, रामकुमार गर्ग, रोहिल्ला, अशोक सैनी समेत सदस्य मौजूद रहे।

# गुरुग्राम सदर बाजार में रेवाड़ी स्वीट्स ने लगाया भंडारा


गुरुग्राम के सदर बाजार स्थित रेवाड़ी स्वीट्स प्रतिष्ठान की ओर से लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**गुरुग्राम।** सदर बाजार स्थित रेवाड़ी स्वीट्स प्रतिष्ठान की ओर से नवरात्रों पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में सेंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी तरफ घरों में भी लोगों ने व्रतों का समापन करके कंजिकाओं को भोजन कराया।

रेवाड़ी स्वीट्स की ओर से सदर बाजार में लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए लंबी लाइनें लगी रहीं। प्रतिष्ठान के संचालक सोनू सैनी स्वयं लोगों को प्लेटें वितरित करने में लगे रहे। उनके साथ कर्मचारियों ने भी पूरी श्रद्धा के साथ लोगों को प्रसाद का वितरण किया। सोनू सैनी ने मां दुर्गा से सभी के सुख, चैन की कामना करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति की खूबसूरती है कि हम मिलकर अपने तीज-त्योहार मनाते हैं। हर त्योहार सभी के लिए खुशियां लेकर आए, यही कामना करते हैं। शहर मं मां दुर्गा के नवरात्रों का मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर व्रतों का समापन किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## जेबीएल मशीन समेत लाखों का सामान चोरी

**सोहना।** खंड के गांव अभयपुर में खेत में लगी कंपनी में जेबीएल मशीन समेत बिजली से चलने वाली मोटर, लोहे की गिरिल, मोबाइल फोन, सीसीटीवी केमरे और डीवीआर चोरी हो गया। सदर थाना सोहना पुलिस ने फार्म हाउस मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद चोरी करने वालों की खोज में जुट गई है। गांव अभयपुर निवासी मनीष ने पुलिस को बताया कि उनका खेत गांव गढ़ीबाजीदपुर जाने वाले मार्ग के साथ लगते है। उसने एक खेत में फार्म हाउस बनाया हुआ है। कुछ जमीन उसने स्केल अवे इंडिया कंपनी को कारोबार करने के लिए किराए पर दी हुई है। शनिवार की रात को वह फार्म हाउस से अपने गांव अभयपुर चला गया था। उसने रविवार की सुबह आकर देखा तो कपनी में चोरी होना पाया गया। जिसमें जेबीएल मशीन समेत बिजली से चलने वाली मोटर, लोहे की गिरिल, मोबाइल फोन, सीसीटीवी केमरे और डीवीआर चोरी हो गए। जिसकी शिकायत उसने सदर थाना पुलिस को दे दी है।

## राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का ट्रायल


राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया के लिए पहुंचे खिलाड़ी।

**गुरुग्राम।** हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आगामी होने वाली हीरो सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गुरुग्राम महानगर प्राधिकरण के ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में फुटबॉल खेल के ट्रायल का आयोजन किया गया। इसकी हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू ने की। ट्रायल में पूरे हरियाणा से लगभग 150 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। अपना दम-खम दिखाया। आगामी होने वाली हीरो राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता कोलकाता पश्चिम बंगाल में 1 मई से 15 मई तक हरियाणा की टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी। चयन समिति के सभी पदाधिकारियों ने बहुत महतावपूर्ण भूमिका निभाई। इस ट्रायल में लगभाग 50 खिलाड़ियों का चयन करके 18 अप्रैल से 30 अप्रैल तक इनका कैंप मानव रचना यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में लगाया जाएगा। बुधवार 17 अप्रैल को 20 आयु वर्ग में पुरुष फुटबॉल खिलाड़ियों का ट्रायल भी ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स गुरुग्राम में आयोजित किये गए। इस ट्रायल में हरियाणा के 20 जिलों से लगभाग 250 पुरुष फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर 20 पुरुष फुटबॉल खिलाड़ियों का कैम्प 18 से 30 अप्रैल तक ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स गुरुग्राम में लगाया जाएगा। पुरुष अंडर 20 फुटबाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 8 मई तक छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित होगी।

## प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के कनाडा चेप्टर की हुई शुरुआत




**गुरुग्राम।** भारत और कनाडा के बीच व्यापारिक और औद्योगिक संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पी.एफ.टी.आई) ने कनाडा में अपने नवीनतम अध्याय की शुरुआत की है। यह बैठक क्लब कैपरी, सेंट्रल पार्क रिसॉर्ट्स गुरुग्राम में हुई। कनाडा से संयोजक और टीम इस बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए। पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी ने बताया कि इस पहल के माध्यम से, हम विश्व व्यापी मंच पर अपने सदस्यों को उच्चतम गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं, जिसमें व्यापारिक सलाह, मार्केट रिसर्च, नेटवर्किंग इवेंट्स, और पेशेवर विकास कार्यक्रम शामिल हैं। चेयरमैन दीपक मैनी ने बताया कि पीएफटीआई का लक्ष्य है कि उनके सदस्य वैश्विक बाजार में अग्रणी बनें। उन्होंने बताया कि इस शानदार अवसर पर, हमने जसविंदर गोगिया और लवी गिडवानी को कनाडा चेप्टर के कन्वीनर के रूप में नियुक्त किया है। उनकी अग्रणी सोच और प्रतिबद्धता के साथ, हम नए व्यापारिक अवसरों और साझेदारियों की खोज में एक नई दिशा में अग्रसर होंगे। दीपक मैनी ने आगे कहा की कनाडा में पी.एफ.टी.आई के आगमन का क्षण हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव है। यह हमारे संगठन की वृद्धि और परिपक्वता को दर्शाता है। पीएफटीआई के वाईस चेयरमैन डॉ. एस.पी. अग्रवाल ने कहा कि पीएफटीआई के विस्तार से हमारे संगठन और भारतीय व्यापार समुदाय के लिए नई उम्मीदें और संभावनाएं जन्म ले रही हैं। कनाडा में हमारे नए सदस्यों के साथ सहयोग करने की अपार संभावनाओं के साथ, हम वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य में एक नई पहचान बनाने के लिए उत्सुक हैं।

# बांगुर सीमेंट ने नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**बांगुर** सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था।

कैंपेन के बारे में बात करते हुए श्री नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, ''बांगुर सीमेंट का 'वोट सोलिड देश सोलिड' कैंपेन और 'वोट का वचन' शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।'' यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट votekavachan.bangurcement.com पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है।

# डा. डी.पी. गोयल बनाए गए भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक

## मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डाक्टर पवन सैनी, प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


डा. डीपी गोयल।

**भारतीय** जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर पवन सैनी से विचार-विमर्श करके प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी ने की। इसमें गुरुग्राम से डा. डी.पी. को प्रदेश-सह-संयोजक के रूप में शामिल किया गया है। इसी प्रकार दादरी से राजेश शर्मा, पानीपत से तरुण गांधी, कुरुक्षेत्र से रीता गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है।

बता दें कि डा. डी.पी. गोयल कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से गुरुग्राम में स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि कई क्षेत्रों में जन सेवा में लगे हुए हैं। लंबे समय से उनकी ओर से कैनविन फाउंडेशन एनजीओ के माध्यम से दी जा रही सेवाओं से गुरुग्रामवासी लाभान्वित हो रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से डा. डी.पी. गोयल ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अपनी नियुक्ति पर डा. डीपी गोयल ने भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डाक्टर पवन सैनी, प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी का आभार जताते हुए कहा कि पहले भी वे संगठन के कई विभागों में पदाधिकारी रहे हैं। अपने पद की गरिमा का ख्याल रखते हुए संगठन की ओर से जो भी जिम्मेदारी मिली, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया। एनजीओ प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजक के पद पर रहते हुए संगठन हित में कार्य करेंगे।

# आईएमटी मानेसर में डबल सर्किट लाइन की बढ़ेगी ऊंचाई

**गुरुग्राम।** हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम द्वारा आईएमटी मानेसर में डबल सर्किट लाइन की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम मानेसर डिवीजन के कार्यकारी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि एचवीपीएन द्वारा 220 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-1, आईएमटी मानेसर से 66 केवी सेक्टर-4 आईएमटी लाइन तक 66 केवी डबल सर्किट लाइन की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य किया जाना है। यह कार्य शनिवार 20 अप्रैल को सुबह 5 बजे से रविवार 21 अप्रैल को सायं 6 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य को करने के लिए एचवीपीएन द्वारा शटडाउन लिया जाएगा। जिसके कारण 66 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4 और सेक्टर-8 और आईएमटी मानेसर से निकलने वाले 11 केवी फीडरों पर बारी-बारी से रोटेशनल कट लगाया जाएगा।

# एल्जी ने ऑइल-ल्युब्रिकेटेड स्क्रू एयर कंप्रेसर्स की ईजी सुपर प्रीमियम रेंज लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**दुनिया** के प्रमुख एयर कंप्रेसर निर्माताओं में से एक, एल्जी इक्विपमेंट्स (बी एस ई. : 522074 एन एस ई : एल्जी इक्विपमेंट्स) ने ऑइल-ल्युब्रिकेटेडब स्क्रू एयर कम्प्रेसर्स के मशहूर ईजी सीरीज पोर्टफोलियो में नये उत्पाद ईजी एसपी (सुपर प्रीमियम) की पेशकश की है। ये नई मशीनें कंप्रेस्ड एयर टेक्नोलॉजी में उल्लेखनीय प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है और उपभोक्ताओं को अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन वॉरंटी एवं परफॉर्मेंस देती है, जिससे बिजली की खपत में 15 फीसदी की कमी आती है, और साथ ही 90-110 किलोवाट की कंप्रेसर रेंज में इसके जीवन भर इस्तेमाल करने की लागत भी कम आती है।

नए अपग्रेडेड एल्जी ईजी एसपी यूनिट्स में नए तरीके से संयोजित किए गए दो चरणों के एयरएंड्स शामिल हैं। इसमें प्रमाणित n-V प्रोफाइल भी है, जो पूरी कंप्रेशन प्रक्रिया को आदर्श बनाता है। इससे बिजली की खपत में 15 फीसदी की बचत होती है। कम रफ्तार के एयरएंड्स और हर स्टेज पर कम वजन वाले ईजी एसपी (सुपर प्रीमियम) की रेंज कंपोनेंट के जीवन में बढ़ोतरी सुनिश्चित करती है। इसके अलावा आईई-4 सुपर प्रीमियम मोटर्स में आधुनिक डिजाइन और नई टेक्नोलॉजी दोनों शामिल हैं। इससे बिजली की कम खपत होती है। ईजी की सुपर प्रीमियम मशीन न्यूरॉन 4 इंडस्ट्रियल कंट्रोलर्स से लैस है, जो आदर्श परफॉर्मेंस की गारंटी देती है। ईजी सुपर प्रीमियम में अनोखा ऑइल फिल्टर भी है, जो 4000 घंटों की लंबी अवधि तक चलता है। यह फिल्टर कंप्रेसर के ल्युब्रिकेशन सिस्टम से प्रदूषित कणों को हटाता है। इसमें अविश्वसनीय टिकाऊपन और सब मिलाकर लंबे समय तक चलने की क्षमता को ध्यान में रखा जाता है। इसके अलावा ईजी सुपर प्रीमियम यूनिट्स एयर9अलर्ट के काफी अनुकूल है। यह एल्जी का नया अतिरिक्त आईओटी सॉल्यूशन है। जब यह न्यूरॉन 4 कंट्रोलर से मिलता है, तो यह इसके संचालन के समय के साथ बिजली की कम खपत को बढ़ाता है और सातों दिन 24 घंटे ग्लोबल रिमोट मॉनिटरिंग की सुविधा देकर कंप्रेसर का प्रबंधन करने की प्रणाली में बदलाव लाता है। एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड में भावेश कारिया, अध्यक्ष, आईएसएएएमइ (भारत, दक्षिण एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व) और एसइए (दक्षिण पूर्व एशिया) ने कहा,''एल्जी में हम अपने उपभोक्ताओं के लाभ और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए तकनीकी प्रगति और ऊर्जा दक्षता के संयोजन को लेकर अटूट रूप से प्रतिबद्ध है।

# ब्रिजस्टोन इंडिया ने प्रीमियम यात्री वाहनों के लिए TURANZA 6i नया प्रीमियम टायर पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**ब्रिजस्टोन** इंडिया ने आज यात्री वाहन के लिए ब्रिजस्टोन TURANZA 6i टायर लॉन्च किया। TURANZA 6i पैसेंजर रेडियल व्यवसाय में पहले घोषित विस्तार का परिणाम है। यह टायर विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए विकसित किया गया है, जो बेहतर ईंधन दक्षता और टिकाऊपन के साथ प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है, जो इसे ब्रिजस्टोन की ओर से एक संपूर्ण प्रीमियम पेशकश बनाता है। ब्रिजस्टोन TURANZA 6i 14 इंच से 20 इंच तक के 36 SKU (स्टॉक कीपिंग यूनिट) में उपलब्ध है। यह एसयूवी, सेडान, हैचबैक और सीयूवी को कवर करने वाले प्रीमियम वाहनों के लिए है। प्रीमियम वाहनों के लिए इस नए प्रीमियम टायर का लॉन्च सरकार की ''मेक इन इंडिया'' पहल के प्रति ब्रिजस्टोन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस लॉन्च के साथ, ब्रिजस्टोन भारत में अपनी वैश्विक स्वामित्व वाली ENLITEN तकनीक लेकर आया है, जो बाजार की बढ़ती नई जरूरतों के अनुसार एक अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव प्रदान करके भारतीय उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक आधार प्रदर्शन मापदंडों को भी बढ़ाती है। TURANZA 6i, ENLITEN तकनीक के साथ, ईंधन दक्षता और पहनने के जीवन को बढ़ाते हुए, एक सहज और काफी आरामदायक सवारी के माध्यम से प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है। यह TURANZA 6i को समझदार उपयोगकर्ताओं के लिए ''सड़क पर सबसे आरामदायक सीट'' बनाता है। TURANZA 6i कम शोर, बेहतर ईंधन दक्षता और बेहतर घिसावट जीवन के माध्यम से सामान्य प्रदर्शन मांगों और इलेक्ट्रिक वाहनों की विशिष्ट आवश्यकताओं दोनों को पूरा करता है। ''TURANZA 6i तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के लिए सर्वोत्तम तकनीक की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह भारतीय गतिशीलता क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी टायर प्रौद्योगिकियों को लाने की हमारी योजनाबद्ध निवेश रणनीति की सफलता है, ''ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री हिरोशी योशिजेन ने कहा। उन्होंने आगे कहा, ''उत्पाद डिजाइन में शामिल ब्रिजस्टोन की ENLITEN तकनीक हमें बाजार की बढ़ती नई जरूरतों के अनुसार 'प्रीमियम राइडिंग कम्फर्ट' का एक अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव प्रदान करने में सक्षम बनाती है, साथ ही भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा वांछित बुनियादी प्रदर्शन को भी बढ़ाती है। लंबे समय तक चलने वाला टायर जीवन और बेहतर ईंधन दक्षता। हमें अपने उपभोक्ताओं के लिए नया TURANZA 6i पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है।''

# नागरिकों को बेहतर एंबियंस, सफाई व सेवाएं उपलब्ध कराना हमारा दायित्व : विकास गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में यूएलबी के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता तथा निदेशक डा. यशपाल ने स्वच्छता तथा आरओडब्ल्यू प्रबंधन आदि विषयों पर जानकारी दी।

अपने संबोधन में आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने कहा कि स्थानीय निकायों से नागरिकों की अपेक्षाएं अधिक होती हैं। सभी लोग गुणवत्तापूर्ण सेवाएं चाहते हैं। हमारा यह दायित्व है कि हम नागरिकों को बेहतर एंबियंस, सफाई व सेवाएं उपलब्ध करवाएं।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम सभी को सफाई अच्छी लगती है, उसी प्रकार हमें शहरवासियों को भी बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवानी चाहिए। सफाई आदत, कार्यशैली तथा व्यवहार का विषय है। अगर हम सभी को सफाई की आदत होगी, तो हम अपने घर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र का भी ध्यान रखेंगे। उन्होंने अधिकारियों से



गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों का दौरा करते शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक डा. यशपाल।

कहा कि सबसे पहले हम अपने कार्यालयों से सफाई की शुरूआत करें। उन्होंने सिटी सैनीटेशन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए तथा कहा कि अगर योजना बेहतर होगी, तो उसका कार्यान्वयन व निगरानी भी बेहतर रहेगी। जो स्थान सफाई के मामले में बेहतर हैं, वैसी ही व्यवस्था अन्य स्थानों पर लागू करें। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं फील्ड में जाएं तथा कर्मचारियों को मोटिवेट करें। इसके साथ ही सभी स्टेक हॉल्डर्स के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें और इनफॉर्मल सेक्टर को फॉर्मल में लेकर आएं।

उन्होंने कहा कि प्रोसेसिंग की व्यवस्था शहर अपनी जरूरत के अनुसार करें नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने अपने संबोधन में सभी का स्वागत किया तथा कहा कि स्वच्छता जीवन का मूलमंत्र है। हमारा यह दायित्व भी है कि हम अपने शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। कार्यशाला के बाद सभी अधिकारियों ने सेक्टर-43 में नगर निगम द्वारा स्थापित 50 केएलडी क्षमता के माइक्रो एसटीपी का भी दौरा किया तथा इसके संचालन, रख-रखाव तथा निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

इसके बाद बादशाहपुर ड्रेन कॉरिडोर का भी दौरा टीम द्वारा किया गया। इस कॉरिडोर का निर्माण सीएसआर फंड से किया गया है तथा इसमें ज्यादातर सीएंडडी वेस्ट तथा अन्य रियूजेबल वस्तुओं का उपयोग हुआ है।

# किसान, कमेरा वर्ग सहित सभी लोग भाजपा के पक्ष में : राव इंद्रजीत सिंह

### कांग्रेस की सरकार में चलता था जाति-पाति का नारा

### भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने सेक्टर-15 में खोला चुनाव कार्यालय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में माहौल भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि किसान, कमेरा वर्ग सभी के सभी भाजपा के साथ खड़े हैं। श्री राव ने ये बातें बुधवार को सेक्टर-15 में लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलने के बाद प्रेसवार्ता के दौरान कही।



गुरुग्राम के सेक्टर-15 पार्ट-1 में अपने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बात करते गुरुग्राम लोकसभा से प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर वर्ग का विकास करना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में हर क्षेत्र में जबरदस्त विकास हुआ है। भाजपा के संकल्प पत्र पर बोलते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र देश के हर वर्ग और हर व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी आदि चारों वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया है। श्री राव ने कहा कि देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तब तक भारत विकसित राष्ट्र होगा। एक सवाल के जवाब में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि देश तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। कोरोना के समय बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा गई थी तब भी भारत साढ़े छह फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। देश और प्रदेश में सडक़ों, हाइवे, रेलवे नेटवर्क मजबूत हो रहा है। लोगों को आसानी से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दस सालों में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंची है और अगले पांच सालों में भारत दुनिया की सबसे बड़ी तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश होगा।

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जाति-पाति का नारा तो विपक्ष की सरकारों में चलता था। अब तो सबका साथ, सबका विकास और प्रयास का नारा चल रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा में उनके लिए कोई चुनौति नहीं है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा की जनता प्रधानमंत्री मोदी को चाहती है और मोदी की गारंटियों पर विश्वास करती है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जनता विकास चाहती है, इसलिए मतदाताओं ने चुनाव में भाजपा के पक्ष में एकतरफा मन बना लिया है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल, जिला अध्यक्ष कमल यादव, क्लस्टर इंचार्ज मनीष मित्तल, नूंह जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, नूंह प्रभारी समय सिंह भाटी, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला मीडिया प्रमुख गजेंद्र गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रमुख पवन यादव आदि उपस्थित रहे।

# मामन खान इंजीनियर विधायक कांग्रेस बोले केंद्र-राज्य में बनेगी सरकार



**नूंह।** लोकसभा 2024 में जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस के नेताओं ने फील्ड में उतरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि हम मतदाताओं से अपील करने आए हैं कि ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को वोट दें। लोकसभा में पार्टी जिसे भी टिकट दे, उसे भारी मात्रा से जीताकर भेजने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि जहां तक विधानसभा के चुनाव की बात है, उसमें हम पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हाथ मजबूत करेंगे। कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। 2014 से जब से कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई है, उसके बाद यहां कोई विकास नहीं हुआ है। कांग्रेस सरकार बनेगी तो विकास तेज होगा। कांग्रेस के प्रति प्यार और सहयोग भरपूर मिल रहा है। लोकसभा तथा विधानसभा में यहां के मतदाता कांग्रेस को पसंद करते हैं। मामन खान इंजीनियर विधायक ने पत्रकारों से बातचीत ने कहा कहा कि यूएपीए का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है, हमें न्याय मिलेगा। बात दें कि इस मामले में 16 मई को डेट थी। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को ढकोसला बताते हुए कहा कि पिछले 2019 के चुनाव में जो वायदे जनता से किए थे, वह पूरे नहीं किए ना इनकी पूरी करने की मंशा है। झूठ बोलते हैं, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबके खाते में 15 - 15 लाख रुपए आने की बात कही थी और काला धन वापस लाने की बात कही थी। कई जुमले इन्होंने चुनाव के दौरान दिए थे, लेकिन बाद में भूल गए। मामन विधायक ने कहा कि हजार फीसदी कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तावडू क्षेत्र किसानों को कृषि के प्रति किया जागरूक



**नूंह।** तावडू क्षेत्र के किसानों को कृषि के क्षेत्र में ऊर्जा एवं जल सरंक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए गांव ताउरु में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें मोहम्मदपुर अहीर, हसनपुर,सराये, कोटा,बेरी,जफराबाद आदि गांव के किसान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे , इस कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा ) वं मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला नूंह के संयुक्त सहयोग से किया गया हरेडा विभाग के डायरेक्टर अस नारायणन की पहल पर हरियाणा सरकार की महत्तवकांछी योजना को क्षेत्र लोगो तक पहुंचाया जा रहा है। हरियाणा वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद शाइन आईएएस और हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन (पूर्व विधायक) का भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग रहता है , इसके साथ ही मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ ख्वाजा एम् रफ़ी साहब का भी कृषि को सशक्त बनाए, जल और ऊर्जा सरंक्षण के लिए चलाई जा रही इस मुहीम के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान है। जो स्वयं समय समय पर लोगो के बीच जाकर जल एवं ऊर्जा सरंक्षण के लिए लोगों को जागरूक भी कर रहे है और साथ ही कॉलेज के निदेशक के प्रयासों से ही हरेडा विभाग द्वारा इस छेत्र के किसानो के लिए चलाये जा रहे , इस प्रकार कार्यक्रमों के सफलता पूर्वक संचालन में मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम के समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर एजाज खान, सह समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर मोहसिन खान के साथ,असिस्टेंट प्रोफेसर इरशाद अहमद ने भी उपस्थित लोगों को कृषि को सशक्त बनाए ~जल और ऊर्जा सरंक्षण की आवश्यकता पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को उपहार स्वरूप शॉल ,दिवार घड़ियाँ, प्रचार मग और फोल्डर आदि सामग्री का वितरण के साथ साथ लंच बॉक्स भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राजकीय मोडल संस्कृति वरिस्ट माध्यमिक विद्यालय, तावडू के प्रिंसिपल, अध्यापक, किसान और विद्यार्थी उपस्थित रहे , इसके अतिरिक्त मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज की तरफ से टेक्निकल असिस्टेंट सुहैल ,साबिर,मुबारिक,वकील आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसानों ने भविष्य में जल एवं ऊर्जा बचत करने की प्रतिज्ञा ली।


### योगिन्दर गर्ग सर्वसम्मति से बने तावडू योगा समिति के प्रधान



पगड़ी व सफेद टी शर्ट पहने समिति सदस्यों के साथ खड़े योगिंदर गर्ग।

**तावडू।** नगर के रेवाड़ी मार्ग पर स्थित 33 केवी बिजली घर एवं सब-डिविजन कार्यालय में बुधवार को तावडू योगा समिति के सदस्यों की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता योगाचार्या वेद प्रकाश द्वारा की गई। इस अवसर पर तावडू योगा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से योगिंदर गर्ग को प्रधान व राजबीर गर्ग को विशिष्ट प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी। इसके अलावा सरजीत सोनी को कोषाध्यक्ष व मास्टर रामेश्वर को प्रेस प्रवक्ता चुना गया। इस दौरान सुशील भारद्वाज, निरंजन उर्फ लीलू, खेमचंद, देवेंद्र नागपाल, खेमचंद, अनिल तायल, भगत जी मास्टर संजय, राज लाला जी, अशोक आदि मौजूद रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा विवाहिता से मारपीट का आरोपी



**तावडू।** विवाहिता पर मारपीट के दौरान धारधार हथियार से हमला करने का आरोपी करीब तीन महीने बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा है।सदर थाना पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद नियम अनुसार अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते जनवरी माह में गुरनावट निवासी महिला की शिकायत पर पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा हुआ था।जिसमें मुख्य रूप से ससुराल वालों पर महिला को घरेलू हिंसा में प्रताड़ित करने का आरोप था।विवाद का कई बार पंचायती स्तर पर भी समाधान कराने का प्रयास हुआ,लेकिन ससुराल वालों के दुर्व्यवहार के चलते समाधान नहीं हो सका। गत पांच जनवरी को ससुराल वालों ने बेहरमी से मारपीट कर महिला को घायल कर दिया।महिला के ननदेव इरफान निवासी आलीमेव ने मारपीट के दौरान लकड़ी काटने के एक धारदार हथियार से सीधा वार किया।जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई थी।शोर मचाने पर ग्रामीणों ने किसी तरह हमलावरों से बचाया।सूचना मिलने के बाद पुलिस की मदद से घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता के बयान पर आरोपी पति सहित पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ।मामले में पति खान मोहम्मद की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है।महिला पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोपी इरफान को भी अब दबोचा लिया है।इस मामले में अभी तीन आरोपियों की गिरफ्तारी ओर होनी है।

# मंडी में आ रही राजस्थान की सरसों, अधिकारी मौन, की जा रही है मार्किट फीस

### मंडी से लेकर सडक़ तक दिखाई दे रहीं हैं सरसों से लदे वाहनों की कतारें

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

**फिरोजपुर** झिरका की अनाज मंडी में इस समय राजस्थान से चोरी छीपे लाई जा रही सरसों की आवक रूकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार तथा मंगलवार को मंडी तथा इसके इर्दगिर्द ऐसे कई वाहन सरसों से लदे देखे गए जिनमें राजस्थान से सरसों लादकर लाई गई थी। लोगों का आरोप है कि कुछ मुनाफाखोर व्यक्ति सरकार को चूना लगाकर सरसों पर मार्किट फीस चोरी कर उपज की जमाखोरी कर रहे हैं। हद की बात तो ये है कि स्थानीय अधिकारी इसको लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। यदि इस मामले की जांच हो



मंडी में खड़ी सरसों से लदी पिकअप।

तो शहर में बड़े पैमाने पर सरसों का स्टॉक मिल सकता है।

वैसा देखा जाए तो विगत कई दिनों से संबंधित अधिकारी मंडी में डेरा डाले हुए हैं, लेकिन बावजूद इसके मंडी में बाहरी राज्य से आ रही सरसों की आवक नहीं रूक रही है। बताते चलें कि 26 मार्च से फिरोजपुर झिरका में सरसों की सरकारी खरीद की जा रही है। हरियाणा सरकार ने सरसों का भाव 5650 रुपये निर्धारित मूल्य रखा है जबकि राजस्थान में ये 5000 से कम बताया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि हरियाणा में अधिक भाव होने के चलते यहां की मंडियों में चोरी छीपे सरसों लाई जा रही तथा उसे खरीदा जा रहा है। जानकारी यह भी मिली कि कई मुनाफाखोर व्यक्ति सरसों का असीमित स्टॉक कर रहे हैं। चोरी छीपे किए जा रहे स्टॉक से सीधे सीधे मार्किट फीस चोरी की जा रही है।

**फसल बेचने को लेकर पंजीकरण होना जरुरी:** यदि कोई किसान मंडी में फसल बेचता है तो उसके पास मेरी फसल मेरा ब्योरा का पंजीकरण होना जरुरी है। पंजीकरण नहीं है तो किसान मंडी में अपनी उपज नहीं बेच सकता। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पंजीकरण में भी गोलमाल हुआ है। गांव के एक किसान ने बताया कि उसकी जमीन का किसी जालसाज व्यक्ति ने फर्जी तरीके से पंजीकरण करवा लिया था। इस किसान के अलावा ऐसे सैकडों किसान ऐसे हैं जिनके साथ यह धोखाधडी हुई है।

# शहर की गलियों से लेकर सड़कों तक जल्द हटेगा अंधेरा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के तंग गलियों से लेकर बाजार, गली मौहल्लों में छाया अंधेरा जल्द ही समाप्त होगा। नगर परिषद ने खराब स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर एलईडी व सोलर लाइट लगाने की कवायद शुरु कर दी है।



सोहना नगर परिषद शहर की छोटी से भी छोटी गली को स्ट्रीट लाइट से जगमग कराते हुए।

पिछले करीब एक साल से शहर के बाजारों से लेकर तंग गली, मौहल्ला, वार्ड और चौक-चुराहों पर लगी स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरा छाया रहता है। जिससे स्थानीय लोग रात के अंधेरे में अपने घरों से बाहर निकलने की हिम्मतक नही कर पा रहते है। विशेष रुप से महिलाएं तो जरुरी काम के लिए घरों से बाहर निकलती ही नही। शहर की छोटी से छोटी तंग गलियों में स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण दिन ढहलने के साथ अंधकार छा जाता है।

**सदन की बैठक में की गई मांग :** बीतें एक साल में जब-जब भी नगर परिषद सदन की बैठके हुई है। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में खराब लाइटों की सूची परिषद अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द से जल्द लगवाने की मांग की गई। पार्षदों की मांग को ध्यान रखते हुए कुछ तकनिकी कमियों के कारण खराब स्ट्रीटों को बदलने में समय लग गया।

**सोलर व एलईडी लाइटें :** पार्षदों की मांग को पूरा करने के लिए परिषद प्रशासन ने सोलर व एलईडी लाइटों को लगाने का प्रस्ताव पारित कराते हुए खरीद कर लिया। लेकिन लगाने का ठेका न छोड़े जाने के कारण खराब लाइटों को बदलने में देरी हो गई।

> **शहर** से लेकर बाजार व ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले वार्डों की प्रत्येक गली में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य की शुरुआत कर दी है। करीब एक माह में उक्त अभियान को पूरा कर लिया जाएगा।
> **( दिगम्बर सिंह-जेईनप )**

# ठेकेदार नप के दिए गए नोटिसों को दिखा रहा ठेंगा, सौदर्यीकरण कार्य लटका अधर में

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक सौंदर्यीकरण का कार्य धीमी गति से चलने से स्थानीय लोगों में ठेकेदार के खिलाफ रोप पनपने लगा है। इसी लापरवाही के चलते नगर परिषद अधिकारी ठेकेदार को पांच बार नोटिस देने का दावा कर रहे है। वहीं ठेकेदार को किया जाना भुगतान पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगाने की मांग कर रहे है।

शहर के बीचों बीच शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक सौंदर्यीकरण के निर्माण की धीमी गति लोगों को चुभगने लगी है। शहरवासियों के मन और दिल में ठेकेदार के साथ-साथ परिषद अधिकारियों के प्रति रोष पनपने लगा है। शहरवासी कभी भी ठेकदोर और नगर परिषद अधिकारियों के खिलाफ सड़क पर उतर सकते है तथा शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर धरना पर भी बैठ सकते है। जिसका कारण आने वाला बरसात के मौसम में शहीद चौक पर जलभराव से दुकानदारों को हर वर्ष होने वाले नुकसान का डर फिर से



सोहना के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का अधर में लटका सौंदर्यीकरण का निर्माण कार्य

सताने लगा है।

**2 करोड़ 5 लाख होंगे खर्च :** शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण पर 2 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत खर्च होगी। परिषद उक्त फव्वारा चौक का सौन्द्रीयकर्ण कराएगा। ताकि यह चौक भव्य दिखाई दे सके। किन्तु इसके विपरीत एजेंसी निर्माण कार्य धीमी गति से कर रही है। उक्त कार्य 31 अगस्त को समाप्त होना तय है। टेंडर अनुसार एजेंसी उक्त राशि में 3 स्वागत द्वार, पुलिया, 45 स्मार्ट लाइट, ग्रेनाइट, स्टील ग्रिल, 15 बैंच, 10 डस्टबिन, पौधे के अलावा शहीद भगतसिंह की प्रतिमा का निर्माण करेगी।

> **एजेंसी** को 5 बार नोटिस दिए जा चुके हैं। जिसका ठेका 31 अगस्त को समाप्त होगा। परिषद ने अभी तक कोई पैसा रिलीज नहीं किया है। उन्होंने यह भी बताया कि शहीद की प्रतिमा लगाने की जिम्मेवारी एजेंसी की है। पुरानी प्रतिमा को राजीव गांधी पार्क में लगवा दिया है।
> **( दिगम्बर सिंह-जेई नप )**

# बालूदा मार्ग पर पेयजल आपूर्ति की नई लाइन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने शहर के दो अलग-अलग वार्डों की 6 कॉलोनी के करीब एक हजार घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए नई लाइन डालने का अभियान शुरु कर दिया है। करीब एक सप्ताह में उक्त नई पेयजल आपूर्ति की लाइन से कॉलोनीवासियों को पानी मिलना शुरु हो जाएगा।

जनस्वास्थ्य विभाग ने नगर परिषद के वार्ड 5 और 6 की हरीनगर, अंबेडकर कॉलोनी, डिफेंश कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी औश्र शिव कॉलोनी के करीब एक हजार घरों में बना पेयजल आपूर्ति के संकट को समाप्त करने की कवायद शुरु कर दी है। जनस्वास्थ्य विभाग ने आने वाले एक सप्ताह में इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान हो जाएगा।

उक्त समस्या को दूर करने के लिए ठेकेदार ने बालूदा मार्ग के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति के लिए लाइन बिछाने का कार्य शुरु कर दिया है। यह लाइन करीब सवा किलोमीटर बिछाई जा रही है। जिसे ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम के साथ बना जनस्वास्थ्य विभाग के बूस्टर से जोड़ा जाएगा।



सोहना के बालूदा मार्ग पर पेयजल आपूर्ति के लिए नई लाइन बिछाने के दौरान खुदाई करते हुए।

**कॉलोनीवासियों को मिलेगी राहत :** पिछले करीब 20 साल से पेयजल आपूर्ति की एक-एक बूंद को तरस रहे कॉलोनीवासियों को जल्द ही पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति मिल जाएगी।

हरीनगर नगर निवासी विजय कुमार ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग ने करीब 20 साल पहले पीवीसी लाइन बिछाई थी। वह भी जमीन में 8 से 10 फुट गहराई में दबी होने से लोगों के पानी के कनेक्शन नहीं हो पा रहे थे। मात्र 10 फीसदी लोगों को ही पानी की पूर्ति हो पा रही थी। कॉलोनियों के लोगों ने बालूदा मार्ग के पार अपने पानी के कनेक्शन किए हुए थे। लेकिन ये कनेक्शन आए दिन वाहनों के दबाव से लीक हो जाते है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

> **शहर** में चल रही साढ़े पांच करोड़ की योजना में उक्त कार्य को शामिल करके पूरा कराया जा रहा है। जिससे सभी पांच कॉलोनियों के लोगों की पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान जल्द हो जाएगा।
> **( खुर्शीद अहमद-जेई जनस्वास्थ्य विभाग )**

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

I, Rajesh & Ravi S/o Balbir Singh R/o 432, Vill. & P.O. Bamla, Distt. Bhiwani have lost Allotment Letter & BBA of Unit No-PE 313, Second Floor, BPTP Park Elite Floors, Sec-77, Faridabad. If found cont above address.

बेदखल सूचना

मैं, माला पत्नी श्री मुकेश कुमार निवासी वार्ड नम्बर 14, कोहली वाडा, सोहना, जिला गुरुग्राम बयान करती हूं, कि मेरा पुत्र लोकेश व पुत्रवधु श्रीमति पूजा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है तथा हमसे रोजाना लड़ाई-झगड़ा करते हैं, इसलिए मैंने अपने पुत्र लोकेश व पुत्रवधु श्रीमति पूजा को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इन दोनों से लेन-देन या व्यवहार आदि रखने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्य का इन दोनों से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

नोटिस

मैं विकास गाँधी पुत्र स्व. गुरुचरण लाल गाँधी निवासी मकान नंबर 5 एच 53, एनआईटी, फरीदाबाद बयान करत हूं कि मेरे पिताजी गुरुचरण लाल गाँधी पुत्र स्व. पुत्र बिहारी लाल गाँधी की मृत्यु 14.08. 2023 को हो चुकी है व मेरी माताजी नरगिस गाँधी पत्नी स्व. गुरुचरण लाल गाँधी की भी मृत्यु 01.09.2016 को हो चुकी है। इन दोनो की मृत्यु के बाद इनके निम्न वारिसान है 1. कमल गाँधी (पुत्र), विकास गाँधी (पुत्र), श्वेता गाँधी (पुत्री) इनके अलावा कोई अन्य वारसान नहीं हैं। हम कमल गाँधी , विकास गाँधी व श्वेता गाँधी कानूनी वारसान होने के नाते फरीदाबाद नगर निगम के हाउस टैक्स में अपना नाम दर्ज करवा रहे हैं। अगर किसी को आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अंदर संपर्क करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# पश्चिम एशिया
## शांति को खतरा

**पश्चिम एशिया में शांति** को एक बार फिर खतरा पैदा हुआ है। इसका कारण ईरान द्वारा इज़राइल पर सीधा हमला है जिससे तनाव बढ़ गया है। इससे दुनिया भर में आशंकायें बढ़ गई हैं और दुनिया भर के नेता तेजी से सक्रिय हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने त्वरित राजनयिक कार्रवाई करते हुए इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को संदेश दिया है कि अमेरिका किसी जवाबी कार्रवाई का हिस्सा नहीं बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने इस तात्कालिक मामले पर विचार के लिए जी7 की बैठक बुलाई है। इज़राइल के सैनिक ठिकानों तथा सिविलियन क्षेत्रों समेत रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाने वाले ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले ने स्थिति को खतरनाक स्तर पर पहुंचा दिया है। हालांकि, अभी हताहतों और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है, पर इस हमले की भयावहता और बेशर्मी ने पूरे क्षेत्र तथा सारी दुनिया में खतरे की घंटियां बजा दी हैं। ईरान इस क्षेत्र की प्रमुख शक्ति है और वैचारिक मतभेदों तथा क्षेत्रीय सत्ता संघर्ष के कारण अक्सर उसका इज़राइल से विरोध बना रहता है। लेकिन देशों के बीच सीधे सैनिक टकराव से स्थितियां खतरनाक मोड़ ले सकती हैं और उनके दूरगामी परिणाम भी हो सकते हैं। मजबूत रक्षा क्षमता वाले देश इज़राइल ने ईरानी हमले का जवाब देने की प्रतिज्ञा की है जिससे इस क्षेत्र में लंबे और विनाशकारी टकराव की आशंका पैदा हो गई है। दमिश्क में 1 अप्रैल की घटनाओं ने देशों के बीच जारी क्षेत्रीय टकराव में नया अध्याय खोला है। इस हमले में अनेक उच्च ईरानी सेनाधिकारी मारे गए थे और इससे परोक्ष टकराव सीधे टकराव में बदल गया था। इसके बाद ईरान ने इज़राइल के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू की जिसकी लंबे समय से आशंका थी। उसने अनेक ड्रोन व



बैलेस्टिक मिसाइलों से इज़राइल पर हमला बोला। अमेरिका और ईरान के बीच जारी गोपनीय वार्ताओं के बीच हुए इस हमले में इज़राइल पर लक्षित अनेक ड्रोनों व मिसाइलों को इज़राइली रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया।

इस बीच इज़राइली अधिकारियों व खासकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने अपने देश को अवांछित ईरानी आक्रमण से पीड़ित बताया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फौरन 'ग्रुप आफ सेवन नेशन्स'-जी7 की बैठक बुला कर स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया की है। जी7 में दुनिया के प्रमुख औद्योगिक लोकतंत्र शामिल हैं और यह सुरक्षा खतरों समेत वैश्विक चुनौतियों पर समन्वित प्रतिक्रिया करता है। हालांकि, अमेरिका ने भले ही नेतनयाहू द्वारा कार्रवाई के लिए उपयुक्त परिस्थितियां तैयार की हों, पर नवीनतम टकराव बढ़ाने में इज़राइल की स्वतंत्र गतिविधि ज्यादा जिम्मेदार है। हाल में नेतनयाहू की उनके दुस्साहस के लिए देश-विदेश में निन्दा हुई है तथा उनके सैनिक अभियान के लिए अमेरिका का समर्थन भी घट रहा है। पश्चिम एशिया में वर्तमान संकट पर जी7 चर्चा के नतीजों की प्रतीक्षा करते हुए विश्व नेताओं को तनाव घटाने तथा सभी पक्षों के बीच संवाद विकसित करने में सहायता करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्रसंघ महासचिव ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चिन्ता प्रकट करते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने व शांति बनाए रखने की अपील की है। राजनयिक तरीकों से ईरान और इज़राइल को रचनात्मक संवाद के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए ताकि उनके बीच समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान संभव हो सके। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सभी पक्षों से तनाव घटाने, संयम बरतने तथा संवाद के रास्ते पर लौटने की अपील की है।

# नाटो की बढ़ती चुनौतियां

### यूरोपीय देशों की ओर से बढ़ती आलोचना तथा दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी आंदोलनों के उभार से नाटो गठबंधन के लिए चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।



**के.एस. तोमर**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)

नार्थ एटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन-नाटो की चुनौतियां उसकी 75वीं वर्षगांठ के समय बढ़ती जा रही हैं। इन चुनौतियों में कुछ यूरोपीय देशों में उसकी गंभीर व कटु आलोचना के साथ ही दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी आंदोलनों के उभार से निपटने में उसकी क्षमता शामिल हैं। इन चुनौतियों को देखते हुए 21वीं शताब्दी में प्रासांगिक बने रहने के लिए उसे सावधानी से संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा। नाटो के समक्ष प्रासांगिक बने रहने की चुनौती सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। नाटो के 32 सदस्य देशों और पांच संबद्ध देशों में जापान, न्यूजीलैंड, इज़राइल, आस्ट्रेलिया व दक्षिण कोरिया शामिल हैं। उसे अपनी रक्षा क्षमतायें बढ़ाने के साथ ही परस्पर विश्वास सुनिश्चित करते हुए बेहतर सहयोग भी सुनिश्चित करना होगा।

'वाशिंगटन ट्रीटी' भी कहे जाने वाले नाटो का जन्म 4 अप्रैल, 1949 को सोवियत सैनिक बलों का मुकाबला करने के लिए हुआ था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सोवियत सैनिक बल मध्य व पूर्वी यूरोप में तैनात थे। इन वर्षों में नाटो ने अपनी कठिन व खतरनाक यात्रा में आक्रामकों से सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित की है। उसने एकजुट रहने तथा सार्थक बने रहने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुष्ट की है। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि नाटो की सैनिक क्षमता को संयुक्त राज्य अमेरिका के औजार और हथियार की तरह देखा जाता है। इससे वह उन देशों पर अपना वर्चस्व भी सुनिश्चित करता है जो उसके लिए सैनिक रूप से खतरा न हों।

लेकिन वर्चस्व की ऐसी भावना को खारिज करने की भी आवश्यकता है जो दुनिया भर में पिछले 75 सालों में हुए 200 सैनिक हस्तक्षेपों से सामने आई है। इनमें 20 बड़ी सैनिक गतिविधियां भी हैं जिनमें अफगानिस्तान पर आतंकवाद रोकने के लिए किया हमला, सीरिया में अवैध हस्तक्षेप, ईराक पर हमला, यूगोस्लाविया पर बमबारी, लीबिया को अस्थिर करना तथा आईएसआईएस का




गठन शामिल हैं। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि नाटो के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने अपने विदाई उपहार के रूप में पांच साल में यूक्रेन को 100 बिलियन डालर का सैनिक पैकेज देने का प्रस्ताव किया है। इसका उद्देश्य ट्रंप द्वारा 2024 में अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने की स्थिति में संभावित सहायता रोक का मुकाबला करना है।

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया था कि वे अपने देश को ऐसे टकरावों से दूर रखना चाहते हैं। इस प्रकार उनको पुतिन-समर्थक के रूप में देखा गया था। उनका यह प्रस्तावित कदम नाटो को अस्थिर कर सकता है। विशेषज्ञों को लगता है कि नाटो सदस्य देशों को वाशिंगटन की अगली बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूर कर लेना चाहिए ताकि यूक्रेन में रूस के आक्रमण का जवाब दिया जा सके। नाटो में सुधारों की आवश्यकता है। विदेश नीति विशेषज्ञों का मानना है कि अपने सहयोगियों को जोड़े रखने के लिए नाटो को गैर-परंपरागत खतरों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए जिनमें आतंकी हमले, दुष्प्रचार अभियान, साइबर हमले तथा सप्लाई श्रृंखलाओं में बाधायें शामिल हैं। ऐसा न होने पर वह अपनी विश्वसनीयता और प्रभावशीलता खो देगा। नाटो को एक समग्र रणनीति अपनानी चाहिए जो उत्पादक तथा लाभदायक हो। ऐसा तभी संभव है जब वह स्वयं को अंतरराष्ट्रीय संगठनों से जोड़े तथा उनकी सैनिक क्षमताओं का विस्तार करे। नाटो को एक प्रभावी व्यवस्था बनानी चाहिए जो उसके साझा उद्देश्य को स्पष्ट करे तथा सदस्य देशों में एकजुटता व एकता सुनिश्चित करने के अथक प्रयास करे। गठबंधन का प्रमुख उद्देश्य सहमति का विकास होना चाहिए जिसमें चर्चा, संवाद, एकीकृत नियोजन तथा राजनीतिक संबंधों का प्रमुख स्थान है। परस्पर विश्वास तथा आंतरिक गतिशीलता बनाए रखने के लिए पारदर्शिता बहुत जरूरी है। इसके साथ ही उसे पांच मुख्य नीति-निर्माण समितियों के बीच समन्वय में सुधार करना चाहिए। इनमें कार्यकारी कार्य समूह, राजनीतिक कमेटी, नीति निर्माण समूह, सैनिक समूह तथा वरिष्ठ संसाधन बोर्ड शामिल हैं।

इस परिदृश्य में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत नाटो का सदस्य बनने का अमेरिकी प्रस्ताव क्यों स्वीकार नहीं करता है? भारतीय दृष्टिकोण से विशेषज्ञों का कहना है कि भारत ने पहले ही चीनी आक्रमण से रक्षा के लिए गठबंधन का हिस्सा बनने का अमेरिकी प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया है। भारत स्वतंत्र रूप से ऐसे खतरों का सामना करने में सक्षम है और इसलिए उसे नाटो जैसे सैनिक समूह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। यदि भारत नाटो में शामिल हो जाता है तो अमेरिका को यहां अपने सैनिक अड्डे बनाने का अवसर मिल जाएगा जो दिल्ली को स्वीकार्य नहीं है। अमेरिकी सहयोगियों, जैसे आस्ट्रेलिया, इज़राइल, जापान और दक्षिण कोरिया ने अपने यहां सैनिक अड्डे बनाने की अनुमति दी है, पर भारत अपनी संप्रभुता में हस्तक्षेप तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति के साथ कोई समझौता करने को तैयार नहीं है। भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए कभी रूस के साथ अपने बहुत पुराने विश्वसनीय संबंधों को नुकसान नहीं पहुंचने देगा, जबकि रूस का अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ यूक्रेन टकराव के कारण विरोध है।

संयुक्त राज्य अमेरिका की एक कांग्रेस समिति ने सुझाव दिया है कि अमेरिका को नाटो को मजबूत करने के साथ ही 'नाटो प्लस' का गठन करना चाहिए ताकि चीन की सीमा से लगे देशों की चीनी आक्रमण से रक्षा क्षमता का विस्तार किया जा सके। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र भी शामिल है। यह समिति भारत को नाटो प्लस में शामिल करना चाहती है। नाटो संगठन की अनेक सफलतायें व विफलतायें हैं, लेकिन टकरावों का विस्तार विश्व की प्रमुख शक्तियों को अपने दायरे में समेटता जा रहा है। कुछ समय के लिए ठंडे पड़े टकराव भविष्य में हमेशा भड़क जाते हैं जिसके कारण यथास्थिति क्षणभंगुर बनी रहती है, इनके विस्तार का खतरा बना रहता है तथा विश्व व्यवस्था में अशांति पैदा होती है। हालिया 'ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट' ने महत्वपूर्ण नतीजे निकाले हैं। इनके परिणामस्वरूप 'ग्लोबल रिस्क पर्सेप्शन सर्वे'-जीआरपीएस सामने आया है। इसमें 1500 विश्व विशेषज्ञों का विश्लेषण समाहित किया गया है जिन्होंने तीन 'टाइम फ्रेम' में वैश्विक जोखिमों की जांच की है। इसका उद्देश्य जिम्मेदार नीति निर्माताओं व निर्णय लेने वाले राजनेताओं को वर्तमान संकटों में संतुलन बनाने तथा दीर्घकालीन नीतियां व प्राथमिकतायें तय करने में जिम्मेदार बनाना है। नाटो की एक बड़ी विफलता सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा अपने देशों की जीडीपी का 2 प्रतिशत आबंटन करने में विफल रहना है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह निर्णय 2006 में लिया गया था। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका नाटो गठबंधन का दो-तिहाई खर्च वहन करता है। संगठन में शामिल दूसरे देशों को इस खर्च में अपनी साझेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। अतीत में नाटो ने साम्यवाद को सीमित रखने को अपना लक्ष्य बनाया था। उसने शीतयुद्ध के दौरान सैनिक-राष्ट्रवाद को हतोत्साहित करने तथा सोवियत संघ पर नियंत्रण की रणनीति बनाई थी। लेकिन अब शीतयुद्ध युग के पश्चात स्थिति बदल रही है। रूस ने पड़ोसी देशों पर कब्जा कर अन्य छोटे देशों के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आज जब नाटो 2024 में अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब उसके सामने गंभीर 'लिटमस टेस्ट' जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

उसे अपने सदस्य देशों की सुरक्षा तथा स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे लक्ष्य पर काम करना होगा तथा ऐसा सिद्धान्त विकसित करना होगा जो सिद्धान्तोन्मुख अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था तथा दुनिया भर की जनता की इच्छा पर आधारित हो। व्हाइट हाउस में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संभावित वापसी नाटो के अस्तित्व को खतरे में डाल सकती है। इससे पुतिन और चीन जैसे आक्रामकों की अति-महत्वाकांक्षी विस्तारवादी नीति को प्रोत्साहन मिल सकता है। इसके चलते चीन भविष्य में ताइवान पर कब्जा कर सकता है तथा पुतिन यूक्रेन में अपना हमला जारी रख सकते हैं। इससे यूरोप की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

# कार्य और जीवन में संतुलन की जरूरत

> काम और जीवन के जटिलतापूर्ण संजाल में, सीमाएं ही व्यक्तिगत अभयारण्यों का रक्षण करती हैं।



**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)

सीमाएं अदृश्य बाड़ के रूप में काम करती हैं जो किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत और व्यावसायिक स्थानों को चित्रित करती हैं, व्यक्तिगत भलाई की रक्षा करती हैं और उनकी बातचीत में सामंजस्य बनाए रखती हैं। चाहे कार्यस्थल हो या जीवन, स्वस्थ रिश्तों को बढ़ावा देने, संतुलन हासिल करने और आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने के लिए सीमाएं तय करना और बनाए रखना सर्वोपरि है। आज की दुनिया में, जहां जीवन की गति अक्सर व्यस्त होती है और सीमाओं को आसानी से नजरअंदाज या नजरअंदाज किया जा सकता है, व्यक्तिगत कल्याण, स्वस्थ रिश्तों और अधिक दयालु और न्यायसंगत समाज को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ सीमाओं को स्थापित करना और बनाए रखना आवश्यक है। इसके अलावा, सीमा निर्धारण कार्यस्थल और बड़े पैमाने पर जीवन दोनों का एक अनिवार्य पहलू है।

जब कार्यस्थल के बारे में बात की जाती है, तो व्यावसायिकता, उत्पादकता बनाए रखने के लिए सीमाएँ निर्धारित करना आवश्यक है और कर्मचारियों को गलतफहमी, संघर्ष को कम करने में मदद करता है और इसके बजाय एक स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखता है, थकान को रोकता है और नौकरी की संतुष्टि में सुधार करता है। यह दक्षता को भी बढ़ावा देता है, विकर्षणों को रोकता है, व्यक्तियों को शोषण, उत्पीड़न और अनुचित तनाव से बचाता है।

प्रतिस्पर्धी और मांग वाले कार्य वातावरण में, अत्यधिक प्रतिबद्धता और थकावट को रोकने के लिए कार्यभार, समय सीमा और अपेक्षाओं पर सीमा निर्धारित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। कई अध्ययनों ने स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने के लिए सीमाएँ निर्धारित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला है। कार्यभार, काम के




घंटे और उपलब्धता पर स्पष्ट सीमाएं परिभाषित करके, कर्मचारी अपने काम से संबंधित तनाव को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं और अपनी नौकरी के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रख सकते हैं। ऐसा करने पर, वे खुद को दखल देने वाली पूछताछ या मांगों से बचा सकते हैं जो उनकी भावनात्मक भलाई पर अतिक्रमण करते हैं। इसके अलावा, सीमा निर्धारण कार्यस्थल की गतिशीलता में सम्मान और व्यावसायिकता पैदा करता है और दूसरों को भी समान सम्मान के साथ व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अपेक्षाओं और सीमाओं को स्पष्ट रूप से संप्रेषित करके, व्यक्ति कार्यस्थल में पारस्परिक सम्मान और जवाबदेही की संस्कृति स्थापित करता है। जब व्यक्ति दृढ़तापूर्वक और सम्मानपूर्वक अपनी सीमाओं पर जोर देते हैं, तो यह आत्मविश्वास और आत्म-मूल्य का संचार करता है, पारस्परिक सम्मान और गरिमा की संस्कृति को बढ़ावा देता है। सीमाओं का सम्मान खुले संचार, सहानुभूति और समझ को प्रोत्साहित करता है, पारस्परिक संबंधों और टीम वर्क को मजबूत करता है। कार्यस्थल से परे, व्यक्तिगत संबंधों और दैनिक जीवन में भी सीमा निर्धारण समान रूप से अपरिहार्य है। पारस्परिक संबंधों में, सीमाएँ स्वीकार्य व्यवहार, भावनात्मक अंतरंगता और व्यक्तिगत स्थान को परिभाषित करती हैं। स्वस्थ सीमाएं व्यक्तियों को उनकी आवश्यकताओं, मूल्यों और आकांक्षाओं को प्राथमिकता देने, आपसी सम्मान और पारस्परिकता के आधार पर संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाती हैं।

चाहे वह कुछ व्यक्तियों के साथ बिताए गए समय की सीमा निर्धारित करना हो या व्यक्तिगत स्थान के संबंध में प्राथमिकताओं को संप्रेषित करना हो, सीमाएँ स्वस्थ और अधिक संतुष्टिदायक संबंधों का पोषण करती हैं। याद रखें, सीमाएँ निर्धारित करना स्वार्थी या असहयोगी होने के बारे में नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत स्वयं की देखभाल करने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि कोई व्यक्ति व्यक्तिगत कल्याण को बनाए रखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है। जब सोच-समझकर और सम्मानपूर्वक काम किया जाता है, तो सीमाएं निर्धारित करने से व्यक्ति के पेशेवर रिश्ते मजबूत हो सकते हैं और काम पर उनकी प्रभावशीलता बढ़ सकती है।

याद रखें, सीमाएं कभी भी दूसरे लोगों को यह बताने के बारे में नहीं होतीं कि वे क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। यह लोगों को यह बताने के बारे में है कि वे क्या करेंगे और क्या नहीं करेंगे। सीमाएं निर्धारित करना आत्म-प्रेम और आत्म-सम्मान का कार्य है जो व्यक्तिगत भलाई के लिए आवश्यक है। ख़ाली समय, स्व-देखभाल दिनचर्या और सामाजिक व्यस्तताओं के आसपास सीमाएं निर्धारित करने से व्यक्ति को रिचार्ज करने, अपनी ऊर्जा को फिर से भरने और चुनौतियों का सामना करने के लिए लचीलापन पैदा करने की अनुमति मिलेगी। अपनी सीमाओं का सम्मान करके, व्यक्ति अपनी एजेंसी पर जोर देते हैं और अपने समय, ऊर्जा और भावनाओं पर नियंत्रण पुनः प्राप्त करते हैं।

## आप की बात

### भाजपा का घोषणापत्र

**भाजपा** ने अपने घोषणा पत्र में अन्य दलों के विपरीत किसी नई मुफ्त की रेवड़ी की घोषणा नहीं की है। इससे साफ जाहिर है कि मोदी की गारंटी वाली बात 100 प्रतिशत प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया है। इसके लिए ऐसे कोई हवाई वादे नहीं किए गए हैं जिन्हें पूरा करना देश को आर्थिक रूप से गर्त में डुबो देने का कारण बने। इस घोषणापत्र से भाजपा का पुनः सत्ता में आने का दृढ़ विश्वास भी झलकता है। मुफ्त रेवड़ी देने के दुष्प्रभावों को लेकर आर्थिक विशेषज्ञ अपनी गहन चिंता पहले ही जाहिर कर चुके हैं। ऐसे में येन-केन-प्रकारेण सत्ता में पहुंचने के लिए आसमान से तारे तोड़ लाने या सरकारी खजाना खोल देने जैसी घोषणा करने वाले अन्य दलों के मुकाबले भाजपा ने देश के प्रबुद्ध वर्ग व खासकर पढ़े-लिखे नौजवानों के बीच अपनी छवि और मजबूत की है। जनता को खैरातें बांटने के वादे न कर उसे आत्मनिर्भर बनाने तथा विकास के मार्ग पर मजबूती से चलाने के लिए भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ईमानदारी से राष्ट्र के विकास में अपने संसाधन लगाने की शुभेच्छा प्रकट की है। उसका यह प्रयास भले ही तलवार की धार पर चलने जैसा हो, पर निश्चित रूप से सराहनीय है। इस भावना को देश के सभी मतदाताओं तक पहुंचाने का काम अब भाजपा को करना होगा।

–**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### चुनावों में धन बल

**चुनावों** में मतदाताओं को लुभाने के लिए उम्मीदवारों द्वारा अवैध रूप से उपयोग में लाई जाने वाली भारी धन व सामग्री मतदान से पूर्व चुनाव आयोग द्वारा देश में जब्त कर पुराना सारा रेकॉर्ड तोड़ देना अत्यधिक चिन्ताजनक स्थिति का संकेत देता है। इससे देश तो खुश हुआ किन्तु संबंधित उम्मीदवारों के चेहरे जरूर मुरझा गए होंगे। सिर्फ डेढ़ महीने में ही आयोग ने उनसे करीब 4658 करोड़ की नकदी, सोना-चांदी व उसके जवाहरात और नशीले पदार्थ आदि जब्त कर पिछले 75 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। सवाल ये है कि ये उम्मीदवार आखिर इतनी धन-सामग्री मतदाताओं को बांटकर अगर जनसेवक बनते हैं तो क्या वे जनता की सेवा करने जाएंगे? चुनावों में धन बल के बढ़ते उपयोग के साथ ही संसद और विधानसभाओं में करोड़पति ही नहीं अरबपति नेताओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। विडंबना है कि ऐसे जन-प्रतिनिधियों के वेतन, भत्तों और सुविधाओं पर भी सरकारी खजाने से भारी खर्च होता है। चुनावों में धन बल के प्रकोप को रोकने के लिए व्यापक विचार-विमर्श के साथ ही विधायकों व सांसदों के वेतन भत्तों व सुविधाओं पर तत्काल सीमा आरोपित करने का काम तो हो ही सकता है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मायावती की घोषणा

**बसपा अध्यक्ष** मायावती ने पहली चुनावी सभा सहारनपुर में यह घोषणा कर बड़ा धमाका किया है कि वे सत्ता में आईं तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा और इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक पीठ यहां स्थापित की जाएगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की राजनीति में अलग राज्य एक बड़ा मुद्दा रहा है जिस पर सभी राजनीतिक पार्टियां बटती रही हैं। बसपा उत्तर प्रदेश को चार भागों में विभाजित कर बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की बात करती रही है। 2011 में मायावती ने मुख्यमंत्री रहते हुए विधानसभा में उत्तर प्रदेश को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वांचल, बुंदेलखंड व मध्य प्रदेश के रूप में विभाजित करने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा था। कांग्रेस की केंद्र सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था। रालोद भी हरित प्रदेश की मांग करती रही है। भाजपा छोटे प्रदेशों के पक्ष में रही है और उसने ही उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ व झारखंड का गठन किया था। लेकिन सपा संस्थापक उत्तर प्रदेश विभाजन के घोर-विरोधी थे और अखिलेश यादव भी उसी रास्ते पर हैं। देखना होगा कि मायावती का यह धमाका लोकसभा चुनाव में स्थानीय स्तर पर कोई मुद्दा बनता है अथवा बुझे पटाखे की तरह फुस्स हो जाता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### अभद्र टिप्पणियां

**चुनावों** में सभी राजनीतिक पार्टियां प्रचार करती हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से अनेक प्रत्याशियों द्वारा अपने विरोधियों पर अभद्र टिप्पणियां की गई। इनको सुन कर सिर शर्म से झुक गया। क्या हमारे देश की संस्कृति की यही पहचान बाकी रह गई है? हालांकि, ऐसी टिप्पणियों को मीडिया की सुर्खियों में भी स्थान मिला और चुनाव आयोग ने उनका संज्ञान भी लिया। लेकिन अब तक बड़बोले नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। चुनाव आयोग को निश्चित रूप से ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। अभी तो लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान भी नहीं हुआ है। आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार और तेज होगा। ऐसे में अभद्र टिप्पणियों पर तुरन्त व निर्णायक कार्रवाई न करने से चुनाव आयोग की छवि खराब होगी तथा बड़बोले नेताओं का हौसला बढ़ेगा। दोषी पाए लोगों के चुनाव प्रचार पर निश्चित अवधि तक रोक लगाने के साथ ही उनके सोशल मीडिया एकाउंटों पर भी प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जाना चाहिए। देश की जनता इस मामले में चुनाव आयोग की ओर देख रही है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# रोहतक सांसद अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र हुड्डा पर किया पलटवार, शर्मा ने दिया चैलेंज

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**रोहतक** इस समय हरियाणा की राजनीति का गढ़ बना हुआ है। ऐसे में राजनेताओं का वार और पलटवार बढ़ता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के रोहतक लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा पत्रकारों के सामने प्रस्तुत किए आंकड़ों पर दीपेंद्र हुड्डा स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। डॉ. अरविंद शर्मा ने पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के राज्य सभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा को खुला चैलेंज दिया। डॉ. अरविंद शर्मा ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो दीपेंद्र खुले मैदान में सामने आएं और जो वे आरोप लगा रहे हैं, उनके सबूत दें। मैं खुद दीपेंद्र की सभी बातों का जवाब दूंगा।

### अरविंद शर्मा ने कहा कांग्रेस में भ्रष्टाचार हुआ और परिवारवाद को बोलाबाला है

डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हुड्डा बाप-बेटे पर निशाना साधते हुए कहा कि ये झूठे हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 10 साल तक झूठ बोलकर सरकार चलाई। मुख्यमंत्री भी झूठ बोलकर बने थे। ये लोगों को झूठ बोलकर गुमराह करते हैं। लेकिन पकड़े गए। गुलाबी गैंग का नाम लेकर डॉ. अरविंद शर्मा ने निशाना साधा। डॉ. अरविंद शर्मा ने कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित करने को लेकर



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते सांसद अरविंद शर्मा

कहा कि चुनाव लड़ने का मजा तो दीपेंद्र हुड्डा के साथ ही आएगा। क्योंकि दीपेंद्र एक नंबर का झूठा है और उस झूठ को नंगा करेंगे। इतनी चालाकी से और गुमराह करके काम करता है, जो शब्दों में नहीं बता सकते।

अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में भ्रष्टाचार हुआ और परिवारवाद का बोलबाला है। भूपेंद्र हुड्डा को दीपेंद्र हुड्डा के सिवाय कोई दिखाई तक नहीं देता। दीपेंद्र के अलावा अन्य कार्यकर्ता व नेता भी हैं, लेकिन वे दिखाई नहीं देते।

हाईकमान को भी इसका पता लग गया है, इसलिए टिकट बंटवारे में देरी हो रही है। बता दें दीपेंद्र हुड्डा एक दिन पहले डॉ. अरविंद शर्मा के कामों को लेकर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि अरविंद शर्मा ने कोई काम नहीं किया, अगर किया है तो गिनवाए। जब इसका सवाल डॉ. अरविंद शर्मा से पूछा तो उन्होंने सीधा जवाब देने की बजाय पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को निशाने पर लिया और कहा कि भूपेंद्र हुड्डा ने किलोई से विधायक होते हुए वहां क्या विकास कार्य किए। इसके अपने कामों को गिनाया।

## भगवान श्रीराम की आराधना से जीवन में मान-सम्मान और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती

**कुरुक्षेत्र।** देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अध्यात्म, संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार, भारतीय संस्कृति व संस्कारों की रक्षा, योग एवं विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों संस्थाओं का संचालन कर रहे श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने देश - प्रदेश वासियों को श्री रामनवमी पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव है और जिनके मन में श्री राम हैं, उनके भाग्य में वैकुंठ धाम है। भगवान श्री राम के चरणों में जिसने जीवन वार दिया, संसार में उसका कल्याण ही कल्याण है। ब्रह्मचारी ने बताया कि श्री रामनवमी का पर्व भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को मनाया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### संसार के सभी मानवों को भागवत को आत्मसात करना चाहिए



**कुरुक्षेत्र।** चैत्र नवरात्री के पावन अवसर पर सेक्टर-8 हाउसिंग बोर्ड गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति द्वारा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अनिल शास्त्री वेदाचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि संसार के सभी मानवों को भागवत जी को आत्मसात करना चाहिए। भागवत जी के जो सिद्धांत है उसे मन मस्तिष्क में समाहित करने का प्रयास करना चाहिए। अगर श्रीमद भगवत गीता या भागवत मन में विराजमान हो जाए तो मानव का जीवन सफल हो जाता है। अत: मनुष्य को प्रयत्न करके भागवत जी को अपने जीवन में अपनाने प्रयास करना चाहिए। कथावाचक ने कहा कि जिस निवास स्थान पर भागवत जी निवास करते हैं। उस स्थान पर नदी, सरोवर, सभी तीर्थ, सभी पूरियां, चारों धाम, समस्त देवी देवता निवास करते हैं। अत- मनुष्य को भागवत जी के दर्शन तथा पूजन करने से सभी प्रकार के मंगल कार्यों में सिद्धि प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं श्रीमद्भागवत महापुराण आयु आरोग्य पुष्टि एवं आनंद प्रदान करने वाला है। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि जो मानव भागवत कथा को नहीं सुनते उनका जीवन चांडाल के समान है तथा यमराज की दृष्टि उन जीवों पर सदा रहती है और सभी मनुष्य देव तुल्य हो जाते हैं। इस अवसर पर अशोक बिश्नोई, शकुंतला बिश्नोई, तमन्ना बिश्नोई, अनिल गर्ग, सुमन गर्ग, नवीन बंसल, सुनीता बंसल, ऐडवोकेट रमेश राणा, एस.पी गुप्ता अनिता देवी, नरेश गर्ग, मीनू गर्ग, अनिता देवी, सरिता शर्मा एवं अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### हरियाणा में नोटा ने उम्मीदवारों को भी हराया

**चंडीगढ़।** सभी प्रत्याशी पसंद न होने पर विकल्प के रूप में चुनाव प्रणाली में स्थान पाने वाले नोटा का हरियाणा में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में दबदबा बढ़ रहा है। नोटा यानी उपरोक्त में कोई नहीं ने चुनावों में न केवल शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे राजनीतिक दलों को बल्कि 80 प्रतिशत से अधिक निर्दलीय प्रत्याशियों को भी पटखनी दे दी। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नोटा का प्रयोग शुरू किया गया था। पहले ही चुनाव में राज्य के 34 हजार 220 लोगों को कोई प्रत्याशी पसंद नहीं आया और उन्होंने ईवीएम पर नोटा का बटन दबाया। सबसे ज्यादा अंबाला के 7816 मतदाताओं ने किसी भी उम्मीदवार को काबिल नहीं माना। दूसरे स्थान पर रोहतक रहा जहां 4932 वोटरों ने नोटा को चुना। सिरसा तीसरे स्थान पर रहा। इसके आगे 2019 के लोकसभा चुनाव में 41 हजार 781 मतदाताओं ने सभी प्रत्याशियों को नकारते हुए नोटा को चुना, जो कुल मतदाताओं का 0.33 प्रतिशत रहा।

हालांकि तब सभी 10 लोकसभा सीटों पर 203 उम्मीदवार चुनावी रण में थे, जिनमें से 162 को नोटा से भी कम वोट मिले। सोनीपत में 23 और करनाल में 10 उम्मीदवार नोटा से हार गए थे। प्रदेश में एक भी लोकसभा सीट ऐसी नहीं थी, जहां नोटा को 2000 से कम वोट मिले हों। सबसे ज्यादा अंबाला में 7943 मतदाताओं ने नोटा को चुना, जबकि भिवानी-महेंद्रगढ़ में नोटा को सबसे कम 2,041 वोट मिले। फरीदाबाद में 4,986, गुड़गांव में 5,389, हिसार में 2,957, करनाल में 5,463, कुरुक्षेत्र में 3,198, रोहतक में 3,001, सिरसा में 4,339 व सोनीपत में 2,464 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। अगर मतदाता को कोई उम्मीदवार पसंद नहीं आता तो वह नोटा का बटन दबाकर अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। वर्ष 2013 में भारत सरकार बनाम पीपल्स यूनियन फार सिविल लिबर्टीज मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि जनता को मतदान के लिए नोटा का भी विकल्प उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद ईवीएम में नोटा का बटन शुरू किया गया।

### मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर लें मतदाता

**यमुनानगर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। उपायुक्त ने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। उपायुक्त ने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट सीईओ.ईसीआई हरियाणा.जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर- 1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चैक कर सकते हैं।

### विक्रम सैनी हरिद्वार चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे




**जगाधरी।** जिला यमुनानगर ओबीसी सैल अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी विक्रम सैनी ने पायनियर जिला संवाददाता तरुण शर्मा से वार्ता में कहा कि उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट पर बतौर कांग्रेस लोकसभा चुनाव पर्यवेक्षक पहुंचकर चुनाव प्रचार प्रसार को ओर अधिक गति व उत्साह देने हेतु हरिद्वार लोकसभा की रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के रावली महदूद में हरिद्वार जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री तेलूराम प्रधान जी के द्वारा सभा का आयोजन किया गया। काफी संख्या में उपस्थित स्थानीय लोगों को संबोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत को अपनी विधानसभा से भारी बहुतमत से जिताने की अपील की। उपस्थित लोगों द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। उसके लिये हृदय से आभार व्यक्त किया। इस असवर पर उन्होंने सभी का धन्यवाद किया।

## डीएस ग्रुप का कैच स्पाइसेस 1000 करोड़ रुपये क्लब में हुआ शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मल्टी-बिजनेस** कॉर्पोरेशन और एक प्रमुख एफएमसीजी समूह, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) का एक मुख्य ब्रांड कैच स्पाइसेस ने पैकेज्ड मसाला उद्योग में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए 1000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की घोषणा की है। पिछले दो सालों में 24 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर हासिल करने के बाद, कैच स्पाइसेस अपनी विकास संभावनाओं के बारे में आशावादी बना हुआ है।

एक रणनीतिक दृष्टि के साथ, इसका लक्ष्य आगामी पांच वर्षों में 30 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) का लक्ष्य रखते हुए अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। अपनी आक्रामक विस्तार योजनाओं को गति देते हुए, मॉडर्न-फॉर्मेट स्टोर्स और क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म सहित ई-कॉमर्स के




माध्यम से, कैच स्पाइसेज ने कई नए उत्पादों के साथ पेस्ट, गोरमेट ग्रेवी, ग्राइंडर, जड़ी-बूटियों और पिंक रॉक साल्ट में एंटरप्राइज करके अपने पोर्टफोलियो में विविध बनाया है और कई पर कार्य जारी है। इसमें डिजिटल-फर्स्ट उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करके उत्पादों की पहुंच और वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ उत्पादों की प्रस्तुतियों और स्थानीय स्वाद को ध्यान में रखते हुए उनका क्षेत्रीयकरण का काम भी शामिल है। कैच स्पाइसेज विभिन्न उत्पादों के साथ भारतीय रसोई क्षेत्र पर हावी होने के लिए महत्वाकांक्षी रूप से रणनीति बना रहा है, जो शुद्धता, स्वाद, और सुविधा को मुख्य ड्राइवर्स के रूप में लाते हैं।

इस मौके पर डीएस ग्रुप, वाइस चेयरमैन, राजीव कुमार ने कहा, हमारी उत्कृष्टता की अविरत प्रतिष्ठा और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण ने कैच स्पाइसेज को 1000 करोड़ रुपये का ब्रांड बनने का महत्वपूर्ण माइल स्टोन हासिल करने में सक्षम बनाया। आज, कैच स्पाइसेज गुणवत्ता और विश्वसनीयता का पर्याय बन गया है। उपभोक्ताओं के विविध और विकसित होते स्वाद की हमारी सहज समझ ने हमारे उत्पादों को परिष्कृत करने और निरंतर सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## गुटबाजी में फंसी है हरियाणा के कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** कांग्रेस की गुटबाजी के चलते नौ लोकसभा सीटों के उम्मीदवार घोषित करना कांग्रेस हाईकमान के लिए टेढ़ी खीर हो गया है। तीन लोकसभा सीट रोहतक, अंबाला और सिरसा को छोड़कर अन्य छह लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सैलजा-रणदीप-किरण गुट में सहमति नहीं बन पा रही है।

कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। वह दोनों गुटों को भरोसे में लेकर चल रहे हैं। भिवानी से अपनी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी का टिकट कटने की भनक लगने पर कांग्रेस विधायक दल की पूर्व नेता किरण चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। श्रुति चौधरी भी उनके साथ थी।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट के लिए महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह का नाम बढ़ाया जा रहा है। लेकिन एसआरके गुट चाहता है कि श्रुति चौधरी को ही यहां से टिकट मिलना चाहिए।

श्रुति चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री. बंसीलाल की पौत्री हैं। हालांकि श्रुति लगातार दो चुनाव हार चुकी हैं, लेकिन फिर भी बंसीलाल और किरण चौधरी के प्रभाव के चलते एसआरके गुट श्रुति चौधरी की टिकट पर अड़ा हुआ है। करनाल लोकसभा सीट पर अलग से विवाद छिड़ा हुआ है। इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अपने नेता मराठा वीरेंद्र वर्मा के लिए कांग्रेस से यह सीट मांग रही है। मराठा ने कुछ दिन पहले नई दिल्ली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस हाईकमान यह सीट एनसीपी को देने के लिए तैयार बताया जाता है। लेकिन हुड्डा गुट नहीं चाहता कि करनाल लोकसभा सीट एनसीपी को दी जाए। गठबंधन के सहयोगी के नाते आम आदमी पार्टी को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पहले ही दी जा चुकी है, जहां से आप के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता चुनाव लड़ रहे हैं।

राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि नौ लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित करने को लेकर पार्टी में जिस तरह सिर फुटौवल की स्थिति बनी हुई है, उससे टिकट घोषित होने के बाद उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार पर जबरदस्त विपरीत असर पड़ना तय है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मधुसूदन मिस्त्री के नेतृत्व में पार्टी हाईकमान ने तीन दिन पहले एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर टिकटों का विवाद खत्म करने की पहल की थी।

## क्रॉम्प्टन ने इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल एयर कूलर्स की नई रेंज लॉन्च की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**क्रॉम्प्टन** ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, उपकरणों में अपनी गुणवत्ता और नए-नए आविष्कारों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध कंपनी ने सुन्दर, बेमिसाल स्टाइल से आपके लिविंग स्पेसेस को नए सिरे से परिभाषित करते हुए क्रॉम्प्टन ने अपनी इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल कूलर की रेंज लॉन्च कर एक बार फिर अपने कूलिंग सोल्यूशंस में बदलाव किया है। 95 लीटर और 135 लीटर की क्षमताओं में उपलब्ध ये इंडस्ट्रियल ग्रेड कूलर्स विशेष तौर पर बड़ी और खुली जगहों, जैसे फैक्ट्री, गोदाम, खुले किचन वाले रेस्तरां और बड़ी लॉबी को ठंडा रखने की आवश्यकताओं के लिए बनाये गये हैं। यह कूलर जलवायु परिवर्तन के दौर में न केवल इंस्टैंट कूलिंग हैं बल्कि ये स्थायित्व और बिजली की बचत करने वाले फीचर्स के साथ एक बेहतरीन समाधान ऑफर करते हैं। क्रॉम्प्टन की प्रतिबदद्धता के अनुरूप ये जल्दी कूलिंग देने के लिहाज से डिजाइन किये गये हैं।इस अवसर पर क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में बड़े घरेलू उपकरणों के विभाग के बिजनेस हेड मल्हार वाडके ने कहा इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल कूलर की रेंज क्रॉम्प्टन के समर्पण की झलक देती है। इंडस्ट्रीज को भी ऐसे कूलिंग समाधान की जरूरत है, जो कर्मचारियों की सेहत के लिए आदर्श उत्पादकता सुनिश्चित करे। कूलर बेहद आधुनिक फीचर्स से लैस हैं। इन प्रॉडक्ट्स में इंडीब्रीज़ 95 में एक मजबूत डबल-बियरिंग का मोटर एन्हैंसमेंट दिया गया है। उच्च घनत्व के हनीकॉम्ब पैड और 17 इंच के मेटल फैन ब्लेड से 6500 क्यूबिक मीटर प्रति घंटे की दर से हवा का प्रवाह सुनिश्चित करते हैं। ये कूलर पूरी तरह बंद होने योग्य क्षैतिज शटर से लैस होते हैं। इसकी इनवर्टर की क्षमता और हैवी ड्यूटी कास्टर व्हील्स इसे उपभोक्ताओं के अनुकूल बनाते हैं। इंडीब्रीज़ 135 में भी 20 इंच के मेटल फैन ब्लेड से हवा का जबर्दस्त प्रवाह सुनिश्चित होता है।

## अमेजन पे ने बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना के साथ पे करने का स्मार्टर वे विज्ञापन अभियान के माध्यम से सुविधा को किया पुर्नभाषित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**अमेजन** पे का नया विज्ञापन अभियान %पे करने का स्मार्टर वे%, दैनिक लेनदेन के लिए एक स्मार्ट तरीके की दिशा में हो रहे बदलाव को प्रदर्शित करता है। यह अमेजन पे की स्पीड, सुविधा और भरोसे को दर्शाता है। इसमें कम रोशनी में किसी भी क्यूआर को स्कैन करने के लिए ऑटो फ्लैश, किसी भी ऐप पर कोई भी यूपीआई आईडी पर पैसे भेजना, त्वरित भुगतान, अमेजन पे बैलेंस का उपयोग करने पर त्वरित रिफंड और सभी ग्राहकों के लिए 24/7 कस्टमर सपोर्ट जैसे नए फीचर्स को भी दिखाया गया है, जो इसे पे करने का एक स्मार्ट जरिया बनाता है। बहुमुखी बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की उपस्थिति वाले इस विज्ञापन अभियान का उद्देश्य अमेजन पे को बिना किसी परेशानी के दैनिक लेनदेन के लिए एक पसंदीदा विकल्प के तौर पर पेश करना है, जो यूजर्स को परेशानी मुक्त और फायदेमंद भुगतान अनुभव देने का वादा करता है।

टीवी विज्ञापन में ग्राहकों के सामने रोजमर्रा के भुगतान में आने वाली चुनौतियों को दिखाकर, उन्हें अमेजन पे के स्कैन और पे फीचर के माध्यम से हल करते हुए दिखाया गया है। कम रोशनी वाले पार्किंग स्थल, डिलेड पेमेंट्स से लेकर सुपरमार्केट चेकआउट काउंटर्स पर परेशान करने वाले पेमेंट फेल्योर तक, आयुष्मान खुराना बड़ी सहजता से दिखाते हैं कि कैसे अमेजन पे हर स्थिति के लिए समाधान प्रदान करता है। चाहे वह कम रोशनी में क्यूआर कोड को स्कैन करने में आसानी हो, बिजली की तेजी से भुगतान या परेशानी-मुक्त रिफंड हो,




प्रत्येक स्थिति अमेजन पे की अनुकूलनशीलता और सुविधा पर प्रकाश डालता है, जो अंततः ग्राहकों को भुगतान करने का एक उन्नत और स्मार्ट तरीका प्रदान करता है।

विज्ञापन के बारे में बोलते हुए, अनुराधा अग्रवाल, डायरेक्टर, यूजर ग्रोथ और सीएमओ, अमेजन पे इंडिया ने कहा, हमारा पे करने का स्मार्ट वे अभियान डिजिटल भुगतान अनुभव को आसान बनाने के प्रति अमेजन पे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो इसे कहीं भी, किसी को भी भुगतान करने का तेज, सुरक्षित और स्मार्ट तरीका बनाता है। अमेजन पे यूपीआई के साथ, ग्राहक आसानी से किसी भी क्यूआर को स्कैन कर सकते हैं, किसी भी ऐप पर किसी भी यूपीआई आईडी पर पैसा भेज सकते हैं और पैसा प्राप्त कर सकते हैं। हमारे पिछले विज्ञापन में अलेक्सा के साथ भुगतान की तरह, हमारे पास कम रोशनी में स्कैन करने के लिए ऑटो फ्लैश जैसे नए स्मार्ट फीचर हैं, जो भुगतान को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं। हम अपनी अनूठी 24/7 कस्टमर सर्विस के साथ अपने ग्राहकों को आश्वस्त भी करना चाहते हैं।

## संस्था के वाहनों का दुरुपयोग करने की बजाए हैड ऑफिस भिजवाएं गाड़ियां

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि प्रदेश भर में धर्म प्रचार की लहर को ओर भी प्रचंड किया जाएगा। इसके लिए प्रचारकों सहित अन्य कर्मचारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वे हैड आफिस कुरुक्षेत्र में प्रचारकों, ढाडी व कविशरी जत्थों समेत धर्म प्रचार विंग की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जत्थेदार दादूवाल ने कहा कि हरियाणा कमेटी द्वारा गांव-गांव जाकर संगत में धर्म प्रचार किया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों को अमृतपान करके गुरसिख बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही गुरु इतिहास की जानकारी संगत में दी जाएगी। हैड आफिस में विभिन्न सदस्यों की हुई बैठक में जिन मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया, उन्हें अमलीजामा पहनाने को लिए अधिकारियों से बातचीत की।

## भैसरू कलां के दो सगे भाइयों नें राष्ट्रीय कॉमबैट कुश्ती में जीते पदक

### ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**सांपला** खंड के गांव भैसरू कलां के दो सगे भाईयों विनीत व वंश ने उड़ीसा में पिछले सप्ताह आयोजित राष्ट्रीय कॉमबैट कुश्ती में प्रतिभागी भाग लेते हुए स्वर्ण व कास्य पदक प्राप्त किये। दोनों प्रतिभाशाली पहलवानों का गांव भैसरू कलां के पहुंचने पर ग्राम पंचायत सुनीता देवी व ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पहलवान के पिता जंसवत जो स्वयं भी अपने समय कुश्ती के अच्छे पहलवान रहे है उनका भी साथी पहलवानों ने स्वागत किया।

इस बारे में सरपंच रिषी पहलवान ने कहा कि हमारे खिलाड़ी हमेशा से अच्छा प्रदर्शन करते आये है लेकिन कुछ सुविधाओं से वंचित रहने के कारण वो पदक प्राप्त करने से वंचित रह जाते थे लेकिन अब



पदक विजेता खिलाड़ी गीतिका का स्वागत करते ग्रामीण

सुविधाओं और प्रतियोगिताओं की जानकारी के चलते हमारे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर अच्छे पदक प्राप्त कर रहे है। उन्होंनें बताया कि पहलवानों के पिता जसंवत ने दोनों बच्चों को खेलों में भाग लेने के प्रेरित किया जिसके दम पर आज दोनों बच्चे इस मुकाम पर है और आगे भी इससे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। समारोह में आस-पास के गांवों के मौजिज व्यक्तियों ने भी दोनो पहलवानों का स्वागत कर उनकों बधाई दी। ग्राम पंचायंत भैसरू कलां की सरपंच सुनीता देवी ने गांव की ओर से दोनों पहलवानों को माला भेंट की। सरपंच सुनीता देवी ने कहा कि आज गांव के लिये खुशी की बात है कि उनके दो होनहार युवाओं विनीत व वंश ने गांव का नाम रोशन करने का काम किया है। सरपंच सुनीता देवी ने कहा कि दोनों पहलवानों ने गढ़ी सांपला किलोई हलके का नाम देश विदेश में रोशन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी देश की धरोहर है इनको सहज कर रखने का काम समाज के सभी वर्गो का है। गांव की ओर से भी ग्रामीणों नें नोटों की मालाओं से विजेता खिलाड़ी का स्वागत किया। इस अवसर पर पहलवान के पिता जयसिंह ने सभी ग्रामीणों व अन्य गांव से आये मौजिज व्यक्तियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर रिषी पहलवान, बालकिशन पहलवान, डीएसपी गोपाल कौशिक, रामअवतार नंबरदार, अशोक कौशिक, शिवकुमार थानेदार, जयसिंह पहलवान, प्रीतम मान, हरनारायण मान, कोच महेश आजाद, बिन्नु वर्मा, रमेश, संदीप, जसंवत मान, प्रदीप मान, अमित, सुमित पहलवान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## वोटर इन क्यू एप्प के माध्यम से मतदाता ले सकते हैं पोलिंग बूथों की जानकारी

**यमुनानगर।** चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई वोटर इन क्यू एप्प के माध्यम से अब मतदाता मतदान के दिन पोलिंग बूथों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी ले सकते है, यह एप वोट प्रतिशतता को बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में वोट प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए कई तरह की विशेष कार्य योजनाएं शुरू की गई है। इसके अलावा डिजिटल युग को देखते हुए आयोग द्वारा कई तरह की एप भी शुरू की गई है, जिनमें वोटर इन क्यू एप्प भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अब मतदाता मतदान के दिन प्ले स्टोर/एप्पल स्टोर से इस एप को डाउनलोड कर मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाईव देख सकते है। जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान कर सकते है। उन्होंने कहा कि कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते है, इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी।

डीसी ने बताया कि फिलहाल इस वोटर्स एप का इस्तेमाल हरियाणा के करीब 30 विधानसभा क्षेत्रों में ही किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बी.एल.ओ. से जुड़ सकता है।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 18 अप्रैल, 2024



# अमेठी सीट पर फैसला पार्टी करेगी : राहुल गांधी

## गाजियाबाद में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की संयुक्त प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने भी किया संबोधित

**लोकसभा चुनाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को अमेठी सीट से चुनाव लड़ने पर कहा कि इस पर पार्टी फैसला करेगी। राहुल गांधी ने यह बात गाजियाबाद में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की संयुक्त प्रेसवार्ता में एक सवाल के जवाब में कही। प्रेसवार्ता को राहुल गांधी के साथ समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन की गाजियाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा, बागपत से सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा समेत गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील दोनों नेताओं ने की।



प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव व गाजियाबाद की प्रत्याशी डॉली शर्मा व अन्य।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉण्ड योजना को दुनिया की सबसे बड़ी वसूली योजना करार देते हुए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के 150 सीट तक सिमटने का दावा किया। राहुल गांधी ने कहा, यह विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ आरएसएस-भाजपा संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) उसको बचाने में लगा है। उन्होंने दावा किया कि इस चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, भागीदारी जैसे कुछ प्रमुख मुद्दे हैं, लेकिन भाजपा 24 घंटे लोगों को गुमराह करने में लगी रहती है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग मुद्दों के बारे में बात नहीं करते हैं। उन्होंने सैकड़ों करोड़ रुपए के चंदा देने वालों के नाम और तारीखों के छिपाने पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के गठबंधन पर कहा, उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के गठबंधन का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि भाजपा 150 सीट तक सिमट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी स्थिति मजबूत हो रही है और भाजपा के खिलाफ अदृश्य लहर (अंडर करंट) है। अखिलेश यादव ने कहा कि बदलाव की हवा चल रही है और उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। राहुल गांधी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हराएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि मतों का विभाजन न होने दें और अपने बूथ की चौकीदारी करें ताकि भाजपा का सफाया सुनिश्चित हो सके। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की कोई भी बात पूरी नहीं हुई, न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला। विकास के वादे भी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉण्ड ने इनकी पोल खोल दी है।

भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। उन्होंने कहा, गठबंधन एक नई उम्मीद है। जिस दिन देश का किसान खुश हो जाएगा, उन्हें सही एमएसपी मिलेगी और उनकी आय बढ़ेगी, उस दिन से गरीबी खत्म होने लगेगी।

### सरकार ने किसानों-मजदूरों का भला किया: डॉली शर्मा

**गाजियाबाद ।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों को लेकर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम लोगों के हक की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है। लोगों की भावनाओं को भड़काकर सत्ता हासिल की। गठबंधन प्रत्याशी ने कहा कि सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लए कमर कस लें। चुनाव प्रचार के दौरान डॉली शर्मा ने आम लोगों को कांग्रेस पार्टी की विभिन्न गारंटियों के बारे में जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट' में वांछित 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को बुधवार को गिरफ्तार किया और उसके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने सुबह एक सूचना के आधार पर 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश जावेद को गिरफ्तार किया जो %गैंगस्टर एक्ट' में वांछित है। उन्होंने बताया कि जावेद के पास से पुलिस ने आठ देसी तमंचे, एक बंदूक, आधा दर्जन से ज्यादा अर्धनिर्मित तमंचे तथा उसे बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। उन्होंने बताया कि जावेद के खिलाफ पहले से 25 मुकदमे दर्ज हैं।

### पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

**गाजियाबाद।** दिल्ली व यूपी समेत कई राज्यों में 100 से अधिक लूट जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात बदमाश विवेक उर्फ राजू उर्फ काके निवासी जगतपुरी दिल्ली के साथ इंदिरापुरम थाने के एसएचओ जितेंद्र सिंह दिखित की टीम के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने पर विवेक उर्फ राजू उर्फ काके घायल हो गया। घायल बदमाश के पास से लूट का मंगलसूत्र, लूटे गये जेवरात से बचे पांच हजार रुपये व तमंचा कातूस बरामद हुए।

### दुर्लभ रत्नों से जगमगाया मुकुट

**नई दिल्ली।** रामलला का पहला सूर्य तिलक किया गया। इस खास मौके पर राम लला को बेहद कीमती और दुर्लभ रत्नों से अलंकृत किया गया। विशेष रूप से रामलला के मुकुट के लिए बेहद खोज परख के बाद एप्पल ग्रीन डायमंड के बेहतरीन और बेशकीमती रत्नों को चयनित किया गया है। रीक्रिस्टलाइज्ड रत्न में प्रतिष्ठित एप्पल ग्रीन डायमंड, ने पवित्र परंपराओं को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए गर्व की अनुभूति की है। धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण प्रतिष्ठित राम मंदिर में अब मुकुट कई पन्ने और एक अद्वितीय रूबी सहित उत्कृष्ट रत्नों से सुसज्जित है, जो एप्पल ग्रीन डायमंड के ब्रांड जापान के डायमंडलाइट के सौजन्य से है। ऐप्पल ग्रीन डायमंड के संस्थापक और सीईओ अरुण थापर ने व्यक्तिगत रूप से मुकुट के लिए कीमती रत्नों के चयन का प्रबंधन किया।

## बसपा सुप्रीमों की रैली देगी प्रत्याशी नन्दकिशोर पुण्डीर के चुनाव को धार

### 21 को गाजियाबाद आएंगी मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



21 अप्रैल को बहुजन समाज पार्टी की मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती गाजियाबाद व बागपत लोकसभा से चुनाव लड़ रहे बसपा प्रत्याशियों के चुनाव को धार देंगी। अपनी पार्टी की सुप्रीमों की चुनावी रैली को सफल बनाने के लिये जहां बसपा प्रत्याशी नन्दकिशोर पुण्डीर पूरी निष्ठा के साथ अपने लोकसभा क्षेत्र में लगे दिखाई दे रहे हैं वहीं बसपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उनकी जनसभा को सफल बनाने के लिये जीतोड़ कोशिश कर रहे हैं।

21 अप्रैल को गाजियाबाद में आयोजित होने वाली बसपा सुप्रीमों की रैली के लिये कविनगर रामलीला मैदान को चुना गया है। बसपा सुप्रीमों मायावती की रैली के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं को पूरी तरह से चॉक चौबंद करने के लिये बसपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिन रात जुटे हुए हैं।

इस संदर्भ में बसपा के जिलाध्यक्ष दयाराम सैन ने बताया कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में रहने वाले सर्वसमाज के लोगों से मिल रहे भारी समर्थन को देखकर वह कह सकते हैं कि जहां उनकी पार्टी की मुखिया मायावती की रैली इतिहास रचने का काम केगी वहीं उनकी पार्टी के प्रत्याशी नन्दकिशोर पुण्डीर की जीत भी ऐतिहासिक होगी। श्री सैन ने बताया कि उनकी पार्टी की सुप्रीमों मायावती गाजियाबाद व बागपत लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में सर्वसमाज के लोगों को अधिक से अधिक ममदान करने की अपील भी करेंगी।

## चुनाव संहिता लागू होने के बाद से नोएडा में एक करोड़ की नकदी जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद से गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की जा चुकी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस, निगरानी दलों और उड़न दस्ते ने मंगलवार को जिले में तीन अलग-अलग मामलों में 20 लाख रुपये से अधिक नकदी जब्त की। एक स्थानीय निर्वाचन अधिकारी ने बताया, अब तक लगभग 30 घटनाएं सामने आई हैं जिनमें विभिन्न लोगों के पास अनुमति से अधिक मात्रा में बेहिसाब नकदी पाई गई है।

इन बेहिसाब नकदियों के लिए तत्काल कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। अब तक कुल 108,81,350 रुपए जब्त किए जा चुके है। अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई धनराशि में से 31,44,700 रुपए (31.44 लाख रुपए) उचित प्रक्रिया के बाद लौटा दिए गए हैं क्योंकि



उनके असली मालिकों ने निर्धारित समय अवधि के अंदर संतोषजनक जवाब दे दिया था। अधिकारी के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर में एक घटना में अब तक सबसे अधिक 11,58,400 रुपए (11.58 लाख रुपए) जब्त किए गए। गौतमबुद्ध नगर में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा।

## 8 स्कूलों को नोटिस जारी

### आरटीई के तहत दाखिला नहीं देने पर हुई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले के नामी स्कूल शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) के तहत दाखिला देने में आनाकानी कर रहे हैं। इस संबंध में जिले के आठ निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बताया जा रहा है कि नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले के प्रभारी डायट प्राचार्य/बीएसए राज सिंह यादव ने बताया कि आरटीई के तहत प्रवेश के लिए दूसरे चरण की लॉटरी निकाली जा चुकी है और इसके तहत निजी स्कूलों में छात्रों का प्रवेश शुरू हो गया है। लेकिन कुछ निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं और चयनित छात्रों को प्रवेश नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने मंगलवार को 8 स्कूलों को नोटिस जारी किया है।

उन्होंने बताया कि निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं। जिसके तहत पहले चरण में 2,530 और दूसरे चरण में 1,561 उम्मीदवारों को सीटें आवंटित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों को नोटिस दिया गया है उनमें मुख्य रूप से ग्लोबल इंडिया स्कूल, एसडी विद्या स्कूल, खेतान स्कूल, विजडम शांति इंटरनेशनल पीजीएच शामिल हैं। इसके अलावा संत किशोर शरण विद्या मंदिर, आर्यदीप पिलक स्कूल और जीडी गोयनका स्कूल है।

## लोस चुनाव के लिए सामाजिक संगठन भी चला रहे हैं जागरूकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

लोकसभा चुनाव के दौरान हर कोई सक्रिय है। इसी प्रकार की सक्रियता नोएडा शहर के सामाजिक संगठनों में नजर आ रही है।

नोएडा क्षेत्र में सक्रिय अनेक प्रमुख सामाजिक संगठन चुनाव में सक्रिय हो गए हैं। नोएडा में काम करने वाले सामाजिक संगठन वोटर्स में जागरूकता फैलाने का अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक मतदान करने के लिए नोएडा के नागरिकों को तैयार किया जा रहा है। अलग-अलग मुददों को लेकर समाज में काम करने वाले नोएडा के सामाजिक संगठन एकजुट हो गए हैं। इन संगठनों ने मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया है। नोएडा के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी पूरे नोएडा शहर में घूम-घूमकर प्रचार कर रहे हैं कि चुनाव में वोट डालना हर भारतीय का नैतिक कर्त्तव्य है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नोएडा में सोशल मीडिया पर भी कैंपेन चलाया जा रहा है। नोएडा के वोटर्स को जागरूक करने के मकसद से मंगलवार को नोएडा शहर के सेक्टर-31 में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोएडा में स्थित आईएमए के भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब नोएडा, आईएमए, भारत विकास परिषद तथा नोएडा की प्रसिद्ध संस्था फोनरवा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नोएडा शहर के गणमान्य नागरिक एकत्रित हुए। नोएडा में हुए इस अनोखे कार्यक्रम में अधिक से अधिक मतदान करने तथा कराने की प्रतिज्ञा ली गई। इस कार्यक्रम में नोएडा क्षेत्र के सांसद डा. महेश शर्मा, फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, नोएडा के समाजसेवी त्रिलोक शर्मा, इस आयोजन के आयोजक डा. वी.पी. सिंह, डा. एस.पी. शर्मा, डा. सुनील अवाना, अनिल अग्रवाल, नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ देवदत्त शर्मा, आशुतोष सिंघल, डा. एन.के. शर्मा, सुधीर मिडढा, हरीश वर्मा, रविकांत मिश्रा, संजय गुप्ता, नरेन्द्र चौपड़ा, नोएडा पंजाबी एकता समिति के पदाधिकारीगण तथा संजय चौहान आदि नोएडा के सामाजिक कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

### हर गांव, गली तथा मोहल्ले में वोट मांग रहे हैं बसपा प्रत्याशी

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। सोलंकी अपनी पार्टी के नेताओं को साथ लेकर नोएडा से खुर्जा तक हर गांव, गली तथा मोहल्ले में जाकर वोट मांग रहे हैं। इस दौरान बसपा प्रत्याशी क्षेत्र के संपूर्ण विकास का वायदा करके वोट मांगते हुए नजर आ रहे हैं। नोएडा सीट से बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बुधवार को खुर्जा क्षेत्र के विभिन्न गांव का भ्रमण करके वोट मांगे। इस दौरान श्री सोलंकी खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के गांव चाचरी, सिरियाल, नार मोहम्मदपुर, भुनंना, जाटान, नेकपुर, जवां, माचड, कलाखुरी, उदयपुर, छपना, डासौली, इब्राहिमपुर तथा गोठनी आदि गांव में वोट मांगते हुए नजर आए। इससे पहले मंगलवार को बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने दादरी विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया था।

### ग्रेटर नोएडा के 1200 किसानों को मिलेगा 30 साल पुराना हक

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के किसानों को 30 साल पुराना हक मिलने जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद ग्रेटर नोएडा के किसानों को आबादी भूखंड मिलेगा। इसके लिए प्रदेश सरकार और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पूरी तैयारी कर ली है। इस मांग को लेकर 10 गांवों के करीब 1200 किसान पिछले 30 सालों से संघर्ष कर रहे थे। अब उनकी मांग पूरी होने जा रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले आबादी भूखंड दिए जाने हैं। यह समस्या करीब 30 साल पुरानी है। इसका समाधान करवाने के लिए किसानों ने कई बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया था। उस दौरान अफसरों ने कहा था कि लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक बाद उनकी समस्या का समाधान करवाया जाएगा। जिसके बाद किसानों ने प्रदर्शन करना बंद कर दिया था। अब लोकसभा चुनाव आ रहा है तो मदद भी उठाया गया। प्राधिकरण के अफसरों का कहना है कि लखनऊ से मंजूरी मिल गई है। लोकसभा चुनाव के ठीक बाद 1200 किसानों को भूखंड दिया जाएगा। किसानों को भूखंड सेक्टरों की तर्ज पर दिए जाएंगे। किसानों को ड्रॉ के माध्यम से भूखंड मिलेगा।

### डिलीवरी बॉय ने लूट की दी झूठी सूचना, गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 में बुधवार सुबह को एक डिलीवरी बॉय ने पुलिस को सूचना दी कि हथियारबंद बदमाशों ने उससे डेढ़ लाख रुपए की लूट कर ली है। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि सूचना देने वाले ने कंपनी के पैसे हड़पने की नीयत से लूट की झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर, कथित रूप से लूटी गई रकम को बरामद कर लिया है। थाना सेक्टर -58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि ब्लू डार्ट कोरियर कंपनी में काम करने वाले अनुज ने आज सुबह को पुलिस को सूचना दी कि जब वह कंपनी के काम से जा रहा था तो सेक्टर-62 के पास हथियारबंद बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर उसके पास कंपनी के रखे हुए डेढ़ लाख रूपया लूट लिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। सर्विलांस विधि और विभिन्न जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखने के बाद पुलिस को ऐसा प्रतीत हुआ कि आरोपी झूठ बोल रहा है। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह कंपनी का पैसे को हड़पने चाह रहा था। इसलिए उसने लूट की झूठी सूचना दी है। आरोपी ने कथित रूप से लूटी गई रकम को डी- पार्क में लगे एक पेड़ के नीचे में दबा दिया था। पुलिस ने वहां से रकम बरामद कर लिया है।

### शिक्षिका को ब्लैकमेल करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम की अगुवाई में एसओ नरेंद्र कुमार सिंह की टीम ने ब्लैकमेलर्स गैंग के दो ऐसे हाईटेक अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने नवंबर माह में शालीमार गार्डन में रहने वाली शिक्षिका के फ्लैट में उनका लैपटॉप एवं अन्य सामान चुरा लिया था। 20 मार्च के आसपास शिक्षिका को कॉल करके ब्लैकमेलर्स ने धमकी दी कि अगर उसने उन्हें 20 लाख रुपये नहीं दिये तो वे उसकी अश्लील पिक्स एवं वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। उक्त सनसनीखेज मामले का पता चलते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ब्लैकमेलर्स की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये थे। अब एसीपी शालीमार गार्डन की अगुवाई में आजाद सिंह एवं अंकित सिंह निवासी साहिबाबाद क्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

### निर्माणाधीन भवन से गिरने पर मजदूर की मौत

**नोएडा।** नॉलेज पार्क थानाक्षेत्र के सेक्टर 150 में एक निर्माणाधीन भवन में काम कर रहे एक मजदूर की ऊंचाई से गिर जाने पर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बीती रात काम करते समय यह मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर गया जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया एवं वहां उसकी मौत हो गई। कुमार ने बताया कि जान गंवाने वाले मजदूर की पहचान राजस्थान के गंगापुर के धनराज मीणा (40) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। उन्होंने बताया कि अगर मृतक के परिजन इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी।

## फिर बढ़ेंगी एल्विश यादव की मुश्किलें मोबाइल फोन का डाटा खोलेगा राज

### पुलिस ने आरोपी का फोन फोरेंसिक लैब भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई मामले में प्रसिद्ध यूट्यूबर एल्विश यादव और उनके साथियों के खिलाफ नए सबूत सामने आने की उम्मीद है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के मोबाइल फोन को फोरेंसिक लैब भेजा है और डाटा रिकवरी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

नोएडा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल फोन में सांपों की तस्करी और रेव पार्टी से जुड़े कई फोटो, वीडियो और चैट संदेश मौजूद हो सकते हैं। इस रिपोर्ट से इस मामले में कई नए खुलासे हो सकते हैं और आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



आपको बता दें कि इस मामले में नवंबर में पीपुल्स फॉर एनीमल संस्था की शिकायत पर एल्विश यादव समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बाद में पांच सपेरों को गिरफ्तार किया था और एल्विश को 135 दिन बाद हिरासत में लिया गया था। दो अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए गए थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि एल्विश सांपों के जहर की पार्टी के लिए चीन स्थित एक वर्चुअल नंबर का इस्तेमाल करता था। पुलिस इस नंबर की जांच भी कर रही है। हालांकि, एल्विश को अभी जमानत मिल गई है। लेकिन पुलिस ने उनके और अन्य आरोपियों के खिलाफ 1200 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। मोबाइल डाटा रिकवरी रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में और कार्रवाई की उम्मीद है।

## 48 साल का हुआ नोएडा शहर

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

प्रदेश का सबसे प्रसिद्ध शहर 17 अप्रैल 2023 को पूरे 48 साल का हो गया है। बुधवार यानि 17 अप्रैल 2024 को नोएडा का 49वां स्थापना दिवस है। नोएडा शहर के नागरिक तथा नोएडा प्राधिकरण हर साल नोएडा शहर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते रहे हैं।

इस साल लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। इस कारण नोएडा का स्थापना दिवस भी नहीं मनाया गया है। नोएडा शहर को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी कहा जाता है। इतना ही नहीं नोएडा शहर को उत्तर प्रदेश का प्रमुख प्रवेश द्वार भी माना जाता है। नोएडा शहर की स्थापना 17 अप्रैल 1976 को हुई थी। इस हिसाब से नोएडा शहर 17 अप्रैल 2024 को पूरे 48 साल का हो गया है। इस साल चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू रहने के कारण नोएडा का स्थापना दिवस नहीं मनाया जा रहा है। पिछले वर्ष यानि वर्ष 2023 में नोएडा शहर का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया था। वर्ष-2023 में 17 अप्रैल को नोएडा स्टेडियम में नोएडा का 48वां स्थापना दिवस मनाया गया था। गौतमबुद्धनगर के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, नोएडा के विधायक पंकज सिंह तथा दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के बाद विधिवत केक काटकर स्थापना दिवस की शुरूआत की थी।

## एनटीपीसी रैंप से सेक्टर-60 तक बंद होगा एलिवेटेड रोड

### दूसरे चरण का काम होगा शुरु

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एलिवेटेड रोड की मरम्मत का काम तेजी से हो रहा है। नोएडा के एलिवेटेड रोड पर पहले चरण का काम सेक्टर-18 से एलिवेटेड रोड के सेक्टर-24 एनटीपीसी एंट्री पॉइंट तक बुधवार शाम तक पूरा होने की उम्मीद है।

अब बुधवार से इस हिस्से में ट्रैफिक रोक दिया गया। जिस हिस्से का काम पूरा हो गया है उस पर सेक्टर-31-25 रैंप तक ट्रैफिक निकालने की शुरुआत भी बुधवार शाम या गुरुवार सुबह से करने की तैयारी है। यह ट्रायल के तौर पर किया जाएगा। अगर एग्जिट पॉइंट से ट्रैफिक उतारने पर जाम लगता है तो पूरी एलिवेटेड रोड बंद कर दी जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने एलिवेटेड रोड के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नई एडवाइजरी भी जारी कर दी है।

आपको बता दें कि एलिवेटेड रोड की मरम्मत का पहले चरण का काम 7 अप्रैल को शाम चार बजे शुरू किया गया था। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव का कहना है कि दूसरे चरण में नोएडा सेक्टर 24 से सेक्टर 61 की ओर काम होने पर इस हिस्से में वाहनों के चलने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से जारी की गई एडवाइजरी के मुताबिक सेक्टर-18 की तरफ से लोग एलिवेटेड रोड पर चढ़ सकेंगे।

यहां से सेक्टर-61 की ओर जाने वाले वाहनों को सेक्टर-31 और सेक्टर 25 रैंप पर उतरना होगा। इसके बाद सीधे सेक्टर-24 एनटीपीसी चौक, सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहा होते हुए गंतव्य को जा सकते हैं। एनटीपीसी अंडरपास के ऊपर से गिझौड़ चौराहे तक जाम लगने पर वाहनों को एनटीपीसी अंडरपास से लेफ्ट टर्न करा एडोबी चौराहा होकर भेजा जाएगा।

इसी तरह गिझौड़ चौराहे से यूफ्लेक्स कंपनी तक जाम लगने पर गिझौड़ चौराहे से सीधे हाथ पर होशियारपुर की तरफ ट्रैफिक निकाला जाएगा। यहां से सेक्टर-61 की ओर जा सकेंगे।

सेक्टर-18 की तरफ से वाहनों को एलिवेटेड रोड पर भेज सेक्टर-31-25 रैंप से उतारा जाएगा। रैंप पर सिर्फ एक लेन में ही ठीक ढंग से गाड़ी उतर पाती है। इससे एलिवेटेड रोड पर जाम लग सकता है। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल के तौर पर रैंप से ट्रैफिक उतारा जाएगा। अगर जाम लगता है तो एलिवेटेड रोड को पूरी तरह बंद रखा जाएगा।

## नोएडा की वरदा भारतीय विदेश सेवा चुनी

### यूपीएससी परीक्षा परिणाम में हासिल किया 18वां स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कॉरपोरेट क्षेत्र की नौकरी छोड़कर सिविल सेवाओं की तैयारी करने वालीं वरदा खान ने यूपीएससी परीक्षा 2023 में 18वां स्थान हासिल किया है और उन्होंने भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) चुनी है क्योंकि उनकी पहली प्राथमिकता वैश्विक मंचों पर भारत की छवि को और बेहतर बनाना है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित किए। खान (24) ने कहा कि वह वैश्विक मंचों पर देश को गौरवान्वित करना चाहती हैं, इसलिए उन्होंने आईएफएस को चुना।



खान ने बताया, हर दूसरे अभ्यर्थी की तरह, जब हम अपनी यात्रा शुरू करते हैं, तो हम परिणाम सूची में अपना नाम पाने का सपना देखते हैं। लेकिन शीर्ष 20 में आना अकल्पनीय था, मैंने शीर्ष 20 में आने की कल्पना भी नहीं की थी। अभी यह एक स्वप्निल एहसास है। मेरे परिवार में हर कोई बहुत खुश है और गर्व से फूला नहीं समा रहा है। उन्होंने कहा, मैंने अपनी पहली प्राथमिकता के रूप में भारतीय विदेश सेवा को चुना है, क्योंकि मैं वैश्विक मंचों और बहुपक्षीय संस्थानों में भारत की छवि को और बेहतर बनाना तथा विदेश में हमारे भारतीय प्रवासियों की मदद करना चाहती हूं। नोएडा के सेक्टर 82 में विवेक विहार की निवासी खान ने दिल्ली विश्वविद्यालय के खालसा कॉलेज से वाणिज्य (ऑनर्स) में स्नातक की पढ़ाई की। अपने माता-पिता की इकलौती संतान खान मां के साथ रहती हैं।

उनके पिता का नौ साल पहले निधन हो गया था। कुल 1016 अभ्यर्थियों 664 पुरुष और 352 महिलाएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं और यूपीएससी ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनकी अनुशंसा की है। भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी आदित्य श्रीवास्तव ने सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में पहला स्थान हासिल किया है।

# लोस चुनाव : पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों सहित कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** के 21 राज्यों और केंद्रीय शासित प्रदेशों में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का पहला चरण होगा जिसके तहत 102 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने की आस लगाए बैठे हैं। गडकरी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख मतों से और 2019 के चुनावों में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के वर्तमान प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख मतों से हराकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दूसरी बार लगातार नागपुर सीट से विजई बनाया था। केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव मैदान में हैं। 52 वर्षीय भाजपा नेता 2004 से तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

अरुणाचल पश्चिम लोकसभा सीट पर रीजीजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की अरुणाचल प्रदेश इकाई के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का टिकट कटने के बाद राज्यसभा सदस्य सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा गया। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद है, जहां केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान का मुकाबला समाजवादी पार्टी (सपा) के हरेंद्र मलिक और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति से है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल और दो बार के सांसद जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने की उम्मीद लगाए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव को राजस्थान की अलवर



लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। यादव का मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक ललित यादव से है। अलवर सीट से मौजूदा सांसद बालक नाथ का टिकट कट गया है। राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल से है। तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर द्रमुक सांसद एवं पूर्व दूरसंचार मंत्री ए राजा का मुकाबला भाजपा के एल मुरुगन से है जो केंद्रीय मत्स्य राज्य मंत्री हैं। मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम कांग्रेस के टिकट पर पुन: मैदान में हैं और उनका मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति के पिता, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम शिवगंगा लोकसभा सीट से सात बार सांसद चुने गए थे। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई कोयंबटूर लोकसभा सीट से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जहां उनका मुकाबला द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता गणपति पी. राजकुमार और अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के सिंगाई रामचंद्रन से है। हाल ही में तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सौंदरराजन सक्रिय राजनीति में वापसी करते हुए चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस की दिग्गज नेता कुमारी अनंत की बेटी तमिलिसाई सौंदरराजन ने तूतुकुड़ी लोकसभा सीट से द्रमुक नेता कनिमोई के खिलाफ 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गई थीं। कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा लोकसभा सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है, जिन्होंने 1980 के बाद से नौ बार इस सीट पर जीत हासिल की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 29 में से 28 सीट जीती थीं लेकिन छिंदवाड़ा पर विजय प्राप्त करने से चूक गई थी। नकुल नाथ ने छिंदवाड़ा से भाजपा उम्मीदवार को 37,536 वोट से हराया था और राज्य में एकमात्र कांग्रेस सांसद के रूप में उभरे थे। त्रिपुरा की दो लोकसभा सीट में से एक पश्चिम त्रिपुरा पर 19 अप्रैल को पहले चरण के अंतर्गत मतदान होना है। पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देव और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच मुकाबला है। मणिपुर के कानून एवं शिक्षा मंत्री और भाजपा के उम्मीदवार बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं और उनका मुकाबला जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर व कांग्रेस उम्मीदवार बिमल अकोइजाम से है। भाजपा का गढ़ मानी जानी वाली उत्तरी राजस्थान की चूरू लोकसभा सीट पर दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी और भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझरिया अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार राहुल कस्वां से है।

# राजनाथ सिंह ने माकपा के चुनावी वादे पर कांग्रेस से मांगा स्पष्टीकरण

**केरल के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे वरिष्ठ नेता**

पायनियर समाचार सेवा। कासरगोड



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के घोषणापत्र में देश में परमाणु हथियार नष्ट करने के बारे में किए गए वादे पर बुधवार को कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है।

केरल के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि माकपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में परमाणु हथियारों को नष्ट करने का वादा किया है जिस पर कांग्रेस को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि देश में परमाणु कार्यक्रमों की शुरुआत इंदिरा गांधी ने की थी। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु शक्ति संपन्न देशों में से एक बनने के लिए कड़ी मेहनत की है और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से देश कमजोर हो जाएगा जबकि उसके पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्ति संपन्न हैं। दरअसल माकपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों जिनमें रासायनिक और जैविक हथियार शामिल हैं उनका पूर्ण सफाया किया जाएगा। भाजपा नेता ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करना चाहते हैं। अपने संबोधन में भाजपा नेता ने यह भी कहा कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ। सिंह ने आरोप लगाया कि दोनों दल भगवान राम या रामनवमी के महत्व को नहीं समझते। कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) का हिस्सा हैं। भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, उन्होंने राम नवमी पर्व मनाने में बाधा डाली। हम सबको मालूम है कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों की कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाने के साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है। सिंह ने कहा कि आत्मविश्वास से परिपूर्ण भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में केरल में दोहरे अंक में सीट मिलेंगी। केरल में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

# मोदी चाय बागान श्रमिकों का सामना करने से डर रहे हैं : खेड़ा

पायनियर समाचार सेवा। शिवसागर



**नलबाड़ी** में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए ऊपरी असम में प्रधानमंत्री ने इसलिए जाने से परहेज किया क्योंकि वह वादों को पूरा नहीं कर पाने के कारण चाय बागान श्रमिकों का सामना करने से डर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यात्रियों की समस्याओं के मद्देनजर गुवाहाटी में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याययात्रा को अनुमति नहीं दी गई जबकि मोदी ने मंगलवार शाम को व्यस्त गुवाहाटी-शिलांग मार्ग पर रोडशो किया। उन्होंने दावा किया कि इस रोडशो के कारण सुबह से ही मरीजों से लेकर कार्यालय जाने वालों तक सभी लोगों को परेशानी हुई।

खेड़ा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें नहीं मालूम है कि प्रधानमंत्री ऊपरी असम क्यों नहीं आ रहे हैं। वह नलबाड़ी जा रहे हैं जहां चुनाव तीसरे चरण में होने हैं। शायद वह यहां चाय बागान श्रमिकों को सामना करने से डर रहे हैं क्योंकि उनकी दिहाड़ी अब भी 250 रुपए है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन में बदलने का काम अब भी पूरा नहीं हुआ है। ऊपरी असम के पांच लोकसभा क्षेत्रों-- डिब्रूगढ़, जोरहाट, काजीरंगा, लखीमपुर और सोनितपुर में 19 अप्रैल को मतदान है जबकि बारपेटा सीट के नलबाड़ी में सात मई को वोट डाले जाएंगे। खेड़ा ने कहा, जब राहुल गांधी गुवाहाटी में न्याय यात्रा निकालना चाहते थे तब उन्हें इजाजत नहीं मिली।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि उन्हें जेल में डाल दिया जाएगा। लेकिन शर्मा ने मोदी की खातिर जीएस रोड को बंद करने की अनुमति दी। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री बस कार्यवाहक प्रधानमंत्री हैं तथा सभी पर नियम लागू होने चाहिए। खेड़ा ने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने को लेकर भी प्रधानमंत्री की निंदा की।

# भारत में भगवान राम का विरोध करने वालों का पतन हुआ है : राजनाथ सिंह

**उन्होंने कहा दूसरे दलों की कथनी करनी में अंतर है**

पायनियर समाचार सेवा। कासरगोड

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ हुआ। सिंह ने आरोप लगाया कि दोनों दल भगवान राम या रामनवमी के महत्व को नहीं समझते। कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) का हिस्सा हैं।

भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, उन्होंने राम नवमी का पर्व मनाने में बाधा डाली। हम सबको मालूम है कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है और वह देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है।

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों की कथनी और करनी में अंतर है। सिंह ने कहा कि आत्मविश्वास से परिपूर्ण भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में केरल में दोहरे अंक में सीट मिलेंगी। केरल में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

# मुजफ्फरनगर, कैराना और सहारनपुर लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों का बहिष्कार करेंगे राजपूत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर संसदीय क्षेत्र के खेड़ा में आयोजित राजपूत महापंचायत में निर्णय लिया गया कि इस समुदाय के लोग मुजफ्फरनगर, कैराना और सहारनपुर लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों का बहिष्कार करेंगे। किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और इलाके के प्रमुख राजपूत नेता ठाकुर पूरन सिंह ने यह महापंचायत बुलाई थी। उन्होंने कहा, यह बहिष्कार भाजपा द्वारा टिकट वितरण में राजपूत समुदाय की उपेक्षा करके उनका अपमान करने के विरोध में किया जा रहा है। सिंह ने कहा, इन इलाकों में राजपूत समुदाय के लोग भाजपा उम्मीदवार को वोट नहीं देंगे बल्कि उनकी जगह दूसरी पार्टियों के किसी और मजबूत दावेदार को चुनेंगे। भाजपा ने मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान और कैराना लोकसभा सीट से प्रदीप चौधरी को मैदान में उतारा है।

# शिवकुमार एक भ्रष्ट नेता, उनके प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं : राजीव चंद्रशेखर

पायनियर समाचार सेवा। तिरुवनंतपुरम



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता डीके शिवकुमार द्वारा केरल के विकास में राजीव चंद्रशेखर के योगदान को लेकर सवाल उठाए जाने के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने बुधवार को पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें किसी ऐसे भ्रष्ट नेता के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है, जो जमानत पर जेल से बाहर है। तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर के खिलाफ चुनाव लड़ रहे चंद्रशेखर ने कहा जब से मैंने चुनाव प्रचार शुरू किया है तब से मैं बता रहा हूं कि मैं क्या करूंगा और चुनाव जीतने के बाद उसी पर अमल करूंगा।

उन्होंने कहा कि अगले एक दो दिनों में वह दक्षिणी राज्य के विकास और उसके लिए निवेश लाने पर एक विजन दस्तावेज जारी करेंगे। उन्होंने कहा, एक बार मैं यहां से सांसद और मंत्री बन गया तो अगले पांच वर्षों के लिए मैं विजन दस्तावेज के क्रियान्वयन पर काम करूंगा। चंद्रशेखर मौजूदा केंद्र सरकार में केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री का पदभार संभाल रहे हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि सभी जानते हैं कि कांग्रेस नेता जमानत पर जेल से बाहर हैं और एक भ्रष्ट नेता हैं। भाजपा नेता ने कहा, मुझे उनसे प्रमाणपत्र लेने की जरूरत नहीं है। शशि थरूर उनसे प्रमाणपत्र ले सकते हैं। सभी जानते हैं कि शिवकुमार किस तरह के व्यक्ति हैं, उनकी राजनीति कैसी है और उनकी पृष्ठभूमि क्या है। इसलिए मुझे उनके बारे में कुछ नहीं कहना।

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख शिवकुमार ने मंगलवार को केरल में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सवाल किया था कि चंद्रशेखर ने केरल के विकास में क्या योगदान दिया है। उन्होंने यह भी कहा था कि चुनाव लड़ने से पहले चंद्रशेखर को नैतिक आधार पर मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। शिवकुमार ने यह भी दावा किया था कि देश में भाजपा लहर या मोदी लहर नहीं है। शिवकुमार ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) केंद्र में सरकार बनाएगा।

# कर्नाटक : भाजपा सांसद कराडी संगन्ना कांग्रेस में शामिल



**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद कराडी संगन्ना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कोप्पल लोकसभा सीट से दो बार के सांसद संगन्ना इस बार टिकट कटने के बाद भाजपा नेतृत्व से नाराज थे। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने संगन्ना का पार्टी में स्वागत किया। शिवकुमार कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख भी हैं।

# ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ेंगे

**पटनायक ने बुधवार को नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी करते हुए घोषणा की**

पायनियर समाचार सेवा। भुवनेश्वर

**बीजू** जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक गंजम जिले में अपनी पारंपरिक हिंजिली सीट के साथ-साथ पश्चिमी ओडिशा के बोलांगीर जिले की कांटाबांजी विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़ेंगे।

मुख्यमंत्री पटनायक ने बुधवार को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी करते हुए इस बारे में घोषणा की। नवीन पटनायक ने साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भी दो सीटों पर चुनाव लड़ा था। उन्होंने पश्चिमी ओडिशा के बारगढ़ जिले के हिंजिली और बीजेपुर दोनों सीटों से जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने बीजेपुर से इस्तीफा दे दिया और हिंजिली सीट बरकरार रखी थी।

पटनायक द्वारा जारी की गई नौ उम्मीदवारों की सूची में छह महिलाएं और चार दलबदलू उम्मीदवार शामिल हैं। बीजद ने चार मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है, जिसमें चित्रकोंडा से पूर्ण चंद्र बाका, कुचिंडा से किशोर चंद्र नाइक, अंगुल से रजनीकांत सिंह और निमापाड़ा से समीर रंजन दाश शामिल हैं। पटनायक ने इस विधानसभा चुनाव में चार दलबदलुओं को बीजद का उम्मीदवार बनाया है, जिसमें देवगढ़ से अरुंधति देवी, निमापाड़ा से दिलीप कुमार



नायक, कुचिंडा से राजेंद्र कुमार छत्रिया और चित्रकोंडा से लक्ष्मीप्रिया नायक शामिल हैं। बीजद की सूची में जिन महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है उनमें लक्ष्मीप्रिया नायक (चित्रकोंडा), बरसा सिंह बरिहा (पदमपुर), अरुंधति देवी (देवगढ़), संजुक्ता सिंह (अंगुल), सुलखंसा गीतांजलि देवी (सामाखेमुंडी) और डॉ. इंदिरा नंदा (जयपुर) शामिल हैं।

बीजद ने अंगुल विधायक रजनीकांत सिंह का टिकट काटते हुए उनकी पत्नी संजुक्ता सिंह को उसी सीट से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक रबी नंदा को भी टिकट नहीं मिला है। उनके स्थान पर उनकी पत्नी डॉ. इंदिरा नंदा को कोरापुट जिले के जयपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। पटनायक ने सनाखेमुंडी विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक नंदिनी देवी की बेटी एस गीतांजलि देवी को टिकट दिया है। बीजद अध्यक्ष ने दो नेताओं की सीट भी बदली है।

रायराखोल विधायक रोहित पुजारी को संबलपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है तो वहीं, प्रसन्न आचार्य रायराखोल से चुनाव लड़ेंगे। बीजद ने अब तक ओडिशा की कुल 147 विधानसभा सीटों में से 126 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रचार में इस्तेमाल किए जा रहे विमान का ब्योरा मांगा

**मुंबई।** निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में इस्तेमाल किए जा रहे विमान और हेलीकॉप्टर का विवरण साझा करने का निर्देश दिया है। मुंबई के उप-निर्वाचन अधिकारी तेजस समेल ने इस संबंध में 12 अप्रैल को एक पत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि दलों को अपनी यात्रा से तीन दिन पहले ऐसी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को देनी होगी लेकिन बाद में इस अवधि को घटाकर 24 घंटे कर दिया गया। समेल ने कहा, हम 17 अप्रैल को एक संशोधित पत्र भेज रहे हैं, जिसके तहत राजनीतिक दलों को तीन दिन के बजाय अपनी यात्रा से 24 घंटे पहले हमारे साथ विवरण साझा करना होगा। उन्होंने कहा कि इस विवरण में यात्रा करने वाले लोगों की जानकारी शामिल होनी चाहिए। पत्र में कहा गया कि यह जानकारी आदर्श आचार संहिता के तहत मांगी गई है जिसे निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा।

## भाजपा का गाजियाबाद से गाजीपुर तक सफाया होगा

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि इस समय बदलाव की हवा चल रही है और उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को पीडीए (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) हराएगा। यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है... बदलाव की हवा चल रही है। उन्होंने दावा किया, भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला। विकास के वादे भी अधूरे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, चुनावी बॉण्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) एक नई उम्मीद है। जिस दिन देश का किसान खुश हो जाएगा, उन्हें सही एमएसपी मिलेगी और उनकी आय बढ़ेगी, उस दिन से गरीबी खत्म होनी शुरू हो जाएगी। यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना भी एक जरूरी कदम है, क्योंकि इससे सामाजिक न्याय होगा और लोगों को मान-सम्मान मिलेगा।



## आम आदमी पार्टी ने आप का राम राज्य वेबसाइट शुरू की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने राम राज्य को लेकर अपनी अवधारणा जाहिर करने के उद्देश्य से बुधवार को एक वेबसाइट आप का राम राज्य शुरू की और कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में भगवान राम के आदर्शों को साकार करने की कोशिश की है। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत से पहले और संयोगवश आज देशभर में रामनवमी के त्योहार पर आप ने यह वेबसाइट शुरू की। एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह वेबसाइट आप की राम राज्य की अवधारणा को प्रदर्शित करने के साथ-साथ केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए कामकाज की भी जानकारी देगी। सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने राम राज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए पिछले दस सालों में दिल्ली में अच्छे स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त पानी और बिजली तथा महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार है कि रामनवमी के मौके पर केजरीवाल अपने लोगों के बीच में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री को झूठे गवाहों के बयानों के आधार पर निराधार मामले में जेल भेजा गया है। संवाददाता सम्मेलन में आप नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह भी मौजूद थे।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक अखंड श्रीनिवास भाजपा में शामिल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के पुलकेशीनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक आर. अखंड श्रीनिवास मूर्ति बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। फिर उन्होंने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन हार गए थे। भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा और केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे समेत अन्य नेताओं ने पार्टी में उनका स्वागत किया। पुलकेशीनगर विधानसभा सीट बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है, जहां से करंदलाजे लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। एदियुरप्पा ने इस मौके पर कहा, चुनाव से पहले श्रीनिवास मूर्ति के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा, शोभा करंदलाजे का 2.5 से तीन लाख वोटों के अंतर से जीतना तय है।



## कांग्रेस का आर्थिक एजेंडा विभाजनकारी : मिलिंद देवरा

**मुंबई।** शिवसेना के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवरा ने दावा किया कि किसी जमाने में आर्थिक सुधारों की शुरुआत करने वाली कांग्रेस का वर्तमान में विभाजनकारी आर्थिक एजेंडा है, जो भारत के आर्थिक विकास को पटरी से उतारना चाहता है। देवरा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि कांग्रेस अब काफी हद तक वामपंथी हो गई है और उन नीतियों के बारे में बात करती है, जो वामपंथ और समाजवाद से प्रेरित हैं और ए दोनों ही विचारधाराएं दुनिया भर में विफल रही हैं। देवरा ने कहा कि कांग्रेस को उन नीतियों के बारे में बात करनी चाहिए, जो ईंधन नवाचार और निवेश को बढ़ाए। इस वर्ष जनवरी में कांग्रेस छोड़ कर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हुए देवरा ने कहा कि 1991 के आर्थिक सुधार, पिछले 60 से 70 वर्षों की कांग्रेस की नीतियों ने व्यापारियों और धन सृजनकर्ताओं को पनपने का मौका दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अब कांग्रेस पार्टी उनकी आलोचना करने की कोशिश कर रही है। देवरा ने दावा किया, यह इस बात का संकेत है कि कांग्रेस अपनी ही बनाई हुई परंपरा से दूर भाग रही है। उन्होंने कहा, किसी जमाने में कांग्रेस के पास भारत को आगे ले जाने का आर्थिक एजेंडा था। आज मुझे लगता है कि कांग्रेस का आर्थिक एजेंडा विभाजनकारी है, जो भारत के आर्थिक विकास को पटरी से उतारना चाहता है। आज भारत में वाकई दिलचस्प बयार चल रही है और दुनिया चीन से हटकर भारत में निवेश करना चाहती है। मनमोहन सिंह सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे देवरा ने कहा, हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। वर्ष 2004 से 2014 तक दक्षिण मुंबई से लोकसभा सदस्य रहे देवरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह सहित कांग्रेस के कई नेता पार्टी के मौजूदा आर्थिक दृष्टिकोण से इत्तेफाक नहीं रखते। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह की अगुवाई में 1991 में आर्थिक सुधार लागू किए थे। शिवसेना सांसद ने कहा, लेकिन कांग्रेस अब उन सुधारों से दूर भाग रही है, कतरा रही है।



## घोषणापत्रों में पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर जोर

**नई दिल्ली।** भारत के दो प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों भाजपा और कांग्रेस ने जहां दो दशक पहले अपने-अपने घोषणापत्र में पर्यावरण के बारे में महज कुछ पंक्तियों को शामिल किया था। वहीं इस बार इनके घोषणापत्रों में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय ह्रास को लेकर बढ़ती चिंताओं का व्यापक उल्लेख है। जानकारों ने इन मुद्दों पर जोर दिए जाने का स्वागत किया, हालांकि उन्होंने कहा कि वन और वन्यजीव संरक्षण समेत कुछ मामलों में सरकारों के विरोधाभासी दृष्टिकोण को देखते हुए कई वादे प्रतीकात्मक साबित हुए हैं। चुनाव घोषणापत्र पार्टियों के राजनीतिक रुख को दर्शाते हैं और चुनावों के दौरान अक्सर उन पर चर्चा, बहस व तुलना की जाती है। घोषणापत्रों में अंतरराष्ट्रीय नीति से लेकर नौकरियों, स्वास्थ्य और शिक्षा तक कई मुद्दों का जिक्र किया जाता है और इनसे मतदाताओं को प्रभावी निर्णय लेने में मदद मिलती है। पिछले शनिवार को अपना 69 पृष्ठ का चुनाव घोषणापत्र जारी करने वाली भाजपा ने पर्यावरण व जलवायु मुद्दों का तीन पृष्ठ पर जिक्र किया है।

